ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 20.01.2025 | वर्ष 12, अंक 20 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जिंदगी एक शिक्षक की तरह होती है जो, समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है!

## क्विक न्यूज

### बालू लदे ट्रक से टकराई बाइक, पिता-पुत्र की मौत

**कूचबिहार** : कूचबिहार के कोतवाली थाना अंतर्गत दीवानबास इलाके में रविवार सुबह एक ट्रक की चपेट में आकर एक पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों मृतकों की पहचान मदन मंडल (50) और मृदुल मंडल (25) के रूप में हुई है। वे निशिगंज के निवासी थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह एक पिता और पुत्र अपनी बाइक पर बाजार गए। दोनों लोग खरीदारी के बाद अपनी बाइक पर चलमारी इलाके से लौट रहे थे। दीवानबास में सड़क पर आने के कुछ ही देर बाद विपरीत दिशा से रेत से ट्रक ने उनके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पिता-पुत्र जमीन पर गिर पड़े। ट्रक के पिछले पहिये ने उन्हें कुचल दिया। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया।

### मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों का धरना प्रदर्शन जारी

**मेदिनीपुर** : स्वास्थ्य विभाग ने प्रसूता मौत मामले में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एक और जूनियर डॉक्टर को निलंबित कर दिया है। निलंबन नोटिस शनिवार को जारी किया गया। इसके साथ ही निलंबित डॉक्टरों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इसके विरोध में डॉक्टरों ने शनिवार रात विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जो रविवार को जारी रही।उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को फंगस-दूषित सलाइन के इस्तेमाल से मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में बच्चे को जन्म देने के बाद मामनी रुइदास नामक युवती की मौत के लिए डॉक्टरों के एक समूह पर सवाल उठाए गए। प्रसूता की मौत के बाद से मरीज के परिजनों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के बाहर से सलाइन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। 10 जनवरी को ऑपरेशन में लापरवाही बरतने के कारण कुल 12 डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया था। इस सूची में जूनियर और वरिष्ठ डॉक्टर, अधीक्षक और आरएमओ शामिल थे।

### प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग पर पाया गया काबू

**प्रयागराज** : प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में आज आग लग गई। मेला क्षेत्र में दूर-दूर तक धुएं के गुबार उठते हुए नजर आने लगे। आग की तेज लपटें फैलती हुई दिखने लगीं। मौके पर मौजूद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और वे खुद घटनास्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सीएम योगी से घटना की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में यह आग लगी।

### भारतीय सेना ने पुंछ जिले में ग्राम रक्षा गार्ड को दिया व्यापक प्रशिक्षण

**पुंछ** : भारतीय सेना ने रविवार को पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर के अग्रिम इलाके में ग्राम रक्षा गार्ड को व्यापक प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में कुल 43 वीडीजी सदस्यों ने भाग लिया जिसका उद्देश्य छोटी-मोटी रणनीति, धीरज और फायरिंग में उनके कौशल को बढ़ाना था। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन द्वारा आतंकवाद रोधी बल रोमियो के तत्वावधान में नियंत्रण रेखा के पास स्थित बलनोई में आयोजित किया गया था। इस सत्र में नई जारी की गई सेल्फ-लोडिंग राइफल्स के लिए हथियार रखरखाव, आतंकवादी समूहों की कार्यप्रणाली और शिकायत निवारण के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए। प्रतिभागियों को अपने निजी हथियारों की सफाई और उनकी छोटी-मोटी मरम्मत करने के बारे में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी मिला। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम ने अनौपचारिक संवाद के लिए एक खुला मंच भी उपलब्ध कराया जिससे मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा को बढ़ावा मिला।

### भालू के हमले से पिता-पुत्र की हुई मौत, दो अन्य घायल

**कांकेर:** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर वन क्षेत्र के डोंगरकट्टा गांव के पास जंगल में तीन ग्रामीण शनिवार को लकड़ी लेने जंगल गए थे, इसी दौरान अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू के हमले से पिता-पुत्र शंकर दरों और सुकलाल दरों की मौत हो गई, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। भालू काफी आक्रामक हो गया था, जिसके कारण जंगल से कई घंटों के बाद मृतक के शव को निकाला जा सका। इस घटना के बाद रात भर गांव के पास ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। भालू के खतरे को देखते हुए वन विभाग की टीम ने लोगों को गांव से बाहर जाने से मना किया था, घरों के बाहर आग जलाने की व्यवस्था की गई थी। गांव के आस-पास पिंजरा लगाकर नाइट ड्रोन की मदद से निगरानी की गई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^0$ |
| न्युनतम | $26^0$ |

## कुंभ में एक हो जाते हैं अमीर और गरीब : पीएम मोदी



**आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा,जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उन्होंने कहा, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, इसी दिन भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी. पिछले कई वर्षों से चुनाव आयोग ने लगातार हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाया है, जिससे हर कदम पर लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा रहा है.

## बिहार से झारखंड के साहिबगंज के लिए आ रही नाव गंगा नदी में डूबी

# 3 की मौत, 7 लापता

**स्थानीय लोगों के अनुसार छोटी नाव में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने के कारण हादसा हुआ।**

**नाव पर सवार सभी 18 लोग साहिबगंज के बांसकोला में अपने रिश्तेदार के यहां आ रहे थे**



**तेज हवा के कारण नाव अनियंत्रित होकर डूब गई।**

**1 बच्चा सहित सुधीर व पवन को पानी से निकाला गया, पर ठंड के कारण किनारे लाने के दौरान इनकी मौत हो गई।**

**ये लोग हैं लापता**
सुदाम मंडल, संजय मंडल, बद्दू मंडल, अजय मंडल, मुकेश मंडल, स्वीटी कुमारी, कालीचरण मंडल।

**नदी के मुख्य धारा में पहुंचते ही अनियंत्रित होकर डूब गई नाव**
नदी के मुख्य धारा में पहुंचते ही तेज हवा के कारण नाव अनियंत्रित होकर डूब गई। हालांकि, स्थानीय मछुआरे घटना को देखकर बीच बचाव करने लगे। इस दौरान एक बच्चा सहित सुधीर मंडल एवं पवन मंडल को पानी से निकालकर नाव पर लाया गया, लेकिन ठंड के कारण किनारे पर आते-आते इनकी भी मौत हो गई। लापता लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ को लगाया गया है।

**ये निकाले गए सुरक्षित**
नाविक गंगाधर सिंह, दिलीप मंडल, किशन मंडल, विजय मंडल, सूजन मंडल, झुमा देवी, मनोज मंडल व एक अन्य।

**तौकीर राज @ साहिबगंज**
**साहिबगंज** : बिहार के कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखंड के हरदेवटोला के निकट गोला घाट से रविवार की सुबह करीब 8:30 बजे नाविक सहित 18 लोगों को झारखंड के साहिबगंज के लिए रवाना हुई डेंगी नाव (हस्त चलित नाव) बीच गंगा में असंतुलित होकर डूब गई। इसमें सवार सात लोग अबतक लापता हैं। जबकि दो वर्षीय बच्चे समेत तीन का शव निकाला गया। नाविक सहित आठ लोगों को स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। नाव पर सवार सभी लोग आपस में रिश्तेदार थे। सभी साहिबगंज के बांसकोला में अपने रिश्तेदार की मृत्यु पर मातम में शरीक होने जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार नाव पर सवार होकर कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखंड के हरदेवटोला गंगा घाट से नाव पर सवार होकर 18 लोग साहिबगंज जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली बांसकोला के वार्ड नंबर 4 निवासी चमेली देवी पति स्वर्गीय जगन मंडल की शनिवार की दोपहर लगभग 3 बजे मौत हो गई थी। इसकी सूचना पर चमेली के पुत्र दिलीप मंडल, चमेली देवी के भाई सुदाम मंडल, किशन मंडल, भगना मनोज मंडल, चमेली देवी के दामाद पवन मंडल, दिलीप मंडल के जीजा सूजन मंडल, विजय मंडल, अजय मंडल, बहन झूमा देवी, स्वीटी कुमारी, दो वर्षीय बालक दीप कुमार सहित अन्य यात्री छोटी नाव से साहिबगंज, बांसकोला आ रहे थे। नाव ज्योंहि गदाई दियारा के नजदीक पहुंची कि हिचकोले खाने लगी और डूबने लगी। इसपर सभी लोग नदी में कूद गए। नाव पर सवार पवन मंडल (50), सुधीर मंडल (55) और दो वर्षीय दीप कुमार की मौत हो गई। शव को स्थानीय लोगों ने निकाला। वहीं आठ लोगों को स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत से बचा लिया। इसमें स्थानीय युवक गब्बर सिंह का अहम भूमिका रही। उधर, घटना की सूचना पाकर मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, मनिहारी एसडीएम कुमार सिद्धार्थ, मनिहारी एसडीपीओ मनोज कुमार, बीडीओ दुर्गेश कुमार, सीओ स्नेहा कुमारी व अमदाबाद थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।लापता सात लोगों की तलाश के लिए कटिहार से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। टीम देर शाम तक लापता लोगों की तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि छोटी नाव में क्षमता से अधिक लोग इधर के सवार होने के कारण हादसा हुआ। हालांकि जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। इधर, साहिबगंज में परिजनों के लंबे इंतजार के बाद चमेली देवी का शव बांसकोला गंगा घाट के निकट अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। तभी हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। दिलीप मंडल की पत्नी सुमित्रा देवी व चमेली की पुत्री उमा मंडल सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## महाकुंभ में सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग



**एजेंसी**
**प्रयागराज** : प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में शास्त्री ब्रिज के नीचे पंडालों में रविवार को भीषण आग लग गई। यह आग मेले क्षेत्र के सेक्टर 19 में सिलेंडर फटने से लग गई। जिसमें 25 टेंट आग में जल गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15-16 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की घटना के बाद अस्पताल में तैयारी की गई। इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का मुआयना करके अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी से बात की और घटना को लेकर जानकारी ली।महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में पांटून पुल 12 स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ श्रीकरपात्री धाम वाराणसी के शिविर में आग लगी थी। इसके बाद अन्य शिविर भी आग की चपेट में आ गए, और उनमें रखे एलपीजी सिलेंडर भी धमाके के साथ फटने लगे थे। रुक-रुककर सिलेंडर फट रहे थे। जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 19 में सिलेंडर फटे। इसके बाद एहतियातन केंद्रीय अस्पताल महाकुंभ में 10 चिकित्सकों को इमरजेंसी में बुलाया गया।

## राहुल गांधी ने व्हाइट टीशर्ट मूवमेंट से जुड़ने का किया आह्वान



**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार पर हमला बोला.उन्होंने केंद्र सरकार पर गरीबों और मेहनतकश से उनके हाल पर छोड़ने का आरोप लगाया है.राहुल गांधी ने इसके खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान करते हुए व्हाइट टीशर्ट मूवमेंट की शुरुआत का ऐलान किया है और लोगों से अपील की है कि वे इस आंदोलन से जुड़ें.राहुल गांधी ने रविवार को सोशल साइट एक्स पर ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से अपना मुंह मोड़ लिया है और उन्हें पूरी तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है.इस वजह से असमानता लगातार बढ़ती जा रही है और खून-पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. वे तरह-तरह के अन्याय और अत्याचार झेलने को मजबूर हैं.उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर उन्हें न्याय और हक़ दिलाने के लिए मजबूती से आवाज़ उठाएं. इसी सोच के साथ हम व्हाइट टीशर्ट मूवमेंट की शुरुआत कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि मैं अपने युवा और मेहनतकश वर्ग के साथियों से अपील करता हूं कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें. इस अभियान से जुड़ें.इसके साथ ही राहुल गांधी के पोस्ट में एक लिंक दिया गया है और उस लिंग से सभी से जुड़ने का आह्वान किया गया है. वहीं, 9999812024 भी दिया गया है और लोगों से अपील की गयी है कि वे इस नंबर पर मिस्ड कॉल करें.

## पलामू मेडिकल कॉलेज का सदर एसडीओ ने किया जांच, शराब और गांजा बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर** : पलामू में स्थित मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज में प्रशासन ने शनिवार रात छापेमारी की। इस कार्रवाई से मेडिकल के स्टूडेंट आक्रोशित हो गए और घंटों प्रदर्शन किया। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा पुलिस बल के साथ पोखराहा में मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। उन्होंने गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल को खंगाला। इस दौरान हॉस्टल के कमरे से आपत्ति जनक सामान बरामद हुए। रविवार दोपहर एसडीओ ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में विधि व्यवस्था और नशेबाजी को लेकर जानकारी मिली थी। इसके बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज को खंगाला गया। मेडिकल के स्टूडेंट ने जांच में सहयोग नहीं किया। कई कमरों को अंदर से बंद कर दिया गया, जिसे खुलवाने पर भी नहीं खोला गया। जांच के दौरान छात्रों के कमरे से नशीले पदार्थ मिले हैं। गांजा और शराब के बोतल बरामद हुए हैं। लड़कों के कमरे से लड़कियों के कपड़े मिले हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का कहना है कि विद्यार्थियों पर अब तक कोई रोक टोक नहीं था। उन्होंने कड़ाई की है तो विद्यार्थी उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में छापेमारी के बाद हॉस्टल में रहने वाले छात्र आक्रोशित हो गए. छात्रों ने एकजुट होकर प्रशासनिक टीम व कॉलेज के प्राचार्य को बंधक बना लिया. इस दौरान कुछ लोगों के मोबाइल से फोटो भी डिलीट कर दिए गए.

## रांची से महाकुंभ के लिए शुरू हुआ स्पेशल ट्रेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची** : राजधानी रांची से महाकुंभ जाने के लिए रविवार से रेलवे ने स्पेशल ट्रेन की शुरुआत कर दी.केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची रेलवे स्टेशन से टूंडला के लिए महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रक्षा राज्य मंत्री ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद वे मां गंगा से राज्य के विकास के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और अधिक शक्तिशाली और दीर्घायु होने का आशीर्वाद मांगें. रक्षा राज्य मंत्री ने महाकुंभ के सुखद संयोग और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व की भी सराहना की. महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया. उन्होंने उनसे झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगने का भी आग्रह किया. प्रयागराज में 28 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ में रांची से जाने वाली सभी ट्रेनों में ÷नो रूम÷ होने के कारण श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू करने का निर्णय लिया था. इसी के तहत आज टूंडला एक्सप्रेस को रांची होते हुए प्रयागराज के लिए रवाना किया गया. ट्रेन को प्रयागराज के लिए रवाना करने के बाद राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ में सनातनियों का आना और गंगा में डुबकी लगाना सनातन को जीवंत कर रहा है. दीपक प्रकाश ने महाकुंभ के लिए रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया.

## उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में अगले कुछ दिनों में मौसम में बड़े बदलाव की भविष्यवाणी की है.आईएमडी के अनुसार, दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिनका असर पहाड़ी और मैदानी इलाकों में दिखाई देगा. 22 और 23 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना है.भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने उत्तर भारत में दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव की जानकारी दी है.

उन्होंने आने वाले दिनों में बारिश, बर्फबारी और कोहरे की संभावना के बारे में बताया. पश्चिमी हिमालय, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अगले पांच दिनों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है. 22 और 23 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और उत्तरी राजस्थान में हल्की बारिश हो सकती है. पंजाब, हरियाणा, उत्तर राजस्थान और मध्य प्रदेश में घना और बहुत घना कोहरा 2-3 दिनों तक छाया रहेगा.

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सतर्क रहे! ठंड में हार्ट अटैक का खतरा 30% ज्यादा होता है
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

**खबर का असर**

## अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ देने पर पंचायत सेवक निलंबित, बीडीओ और कोर्डिनेटर से स्पष्टीकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** खरौंधी प्रखंड के ग्राम पंचायत खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने संबंधित खबर दैनिक अखबार प्रभात मंत्र के 18 जनवरी के अंक में सैकड़ो महिलाओ के खाते में नही जा रहा है मइयां सम्मान योजना की राशि छपने के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर ने संज्ञान में लेते हुये जांच में पाया कि खरौंधी पंचायत में कुल 09 अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति कराया गया है, जिसमें 07 लाभुकों के खातें में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त किया गया है। जाँच का पता चलने के बाद शेष 02 लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गई है। निर्देश देने के बाद सभी 07 लाभुकों से खाता में राशि वापस लिया गया है। जाँचोपरांत यह स्पष्ट हो गया कि लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा इस मामले में सभी संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की गई है, जिसमे पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजु देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को कर दिया गया जबकि प्रखण्ड समन्वयक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही चेतावनी दिया गया कि यदि अगली बार लापरवाही परिलक्षित होती है तो विभागीय कार्रवाई की जायेगी। वहीं उपायुक्त ने बताया कि आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाना है। आवास का लाभ योग्य लाभुकों को ही दिया जाये। किसी भी परिस्थिति में अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ लिए जाने का मामला संज्ञान में आया तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## हैदरनगर में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर :** हैदरनगर के श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय के पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि यह हमें समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। कार्यक्रम के उपरांत सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर इस बार कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन अपेक्षा से धीमा है, इसे तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी मंडल कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दें और इसे शीघ्र पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा की जो कार्यकर्ता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे, उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं का योगदान प्रदेश कार्यालय में मॉनिटर किया जा रहा है। सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भाजपा द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाएं।

## नौड़ीहा बाजार में बारूद की चपेट मे आने से वृद्ध हुआ जख्मी



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती इलाके के रिसियापा जंगल में जंगली सूअर को मारने के लिए लगा गये बारूद की चपेट मे आने से 60 जगदीश बैठा नामक व्यक्ति का हाथ के चीथडा उड गया। भुक्तभोगी जगदीश बैठा ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपने घर से करीब एक किलो मीटर की दूरी पर जंगल मे बकरी चराने गये थे। इसी क्रम में बगल में रखे बारूद पर हाथ रखा गया जिससे बारूद बलास्ट हो गया। जिससे वृद्ध व्यक्ति का दाहिना हाथ उड़ गया। ग्रामीणों की सहयोग से तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजा गया, प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सतबरवा में जागरूकता समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रविवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत धवादीह सीएमटीसी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उमंग परियोजना के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और माताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना था जो इस बात पर जोर देता है कि लड़कियों को समान अवसर दिये जायें ताकि वे एक संतोषजनक जीवन जी सकें और अपने भविष्य को आकार दे सकें।इस संदर्भ में उमंग परियोजना की भूमिका और उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी पीसीआई इंडिया की प्रतिनिधि सुमन कुमारी ने दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित इस वर्ष के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने किशोरियों को सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग और शिक्षा एवं विवाह से जुड़े निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह दी। जिला परिषद प्रतिनिधि सुधा देवी ने किशोरियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में सीखी गई बातों को अपने जीवन में अमल में लाएं। नई संस्कृति सोसाइटी के प्रतिनिधि अजीत पाठक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकने का संकल्प लें और अपने समाज में इसे रोकने का प्रयास करें। **रंगोली और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन :** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।इसके बाद माँ-बेटी की साझेदारी को उजागर करने के लिए रंगोली प्रतियोगिताका आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार आकांक्षा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रेखा कुमारी और तृतीय पुरस्कार साक्षी कुमारी को दिया गया। इसके अतिरिक्त स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इसमें प्रथम स्थान आकांक्षा कुमारी, द्वितीय स्थान हर्षिता पाठक और तृतीय स्थान सृष्टि सिंह को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक, धवादीह मुखिया रिंकी देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधा देवी, यूनिसेफ-ङ्क्कढ्ढस्स् के जिला प्रतिनिधि डॉ. तबरेज, नई संस्कृति सोसाइटी के प्रतिनिधि अजीत पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता चंदा झा, प्रदान के जिला प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## भंडारा के साथ महायज्ञ अनुष्ठान हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ पांचवें दिन माता को भोग लगा कर भंडारा के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन माता की प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन व पूजन किया।यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य भैरोनाथ जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। यजमान के रूप में चंदन सिंह एवं ज्योत्सना सिंह रहे। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।भंडारा के साथ संपन्न हुए यज्ञ कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सृष्टि को चलाने वाले के प्रति आस्था सभी को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण कर माता की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का जो प्रण लिया था, उसे माता ने पूरा कराया। उन्हें काफी खुशी है। उन्होंने राज्य व पलामू वासियों की खुशहाली की कामना माता रानी से की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में माता का भव्य मंदिर बन जाने से आम लोगों को पूजा पाठ करने में सुविधा होगी। उन्होंने भंडारा एवं पूजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस अनुष्ठान में शहर वासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिला। इसके लिए वह आभारी हैं। उन्होंने कहा कि माता रानी का मंदिर युगों युगों तक रहेगा। पूजन हवन होता रहेगा। माता रानी क्षेत्र वासियों का कल्याण करेंगी। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नेता मौजूद थे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, व वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद समवेत नामजप ध्यान किया गया। श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी द्वारा लिखित सत्यानुसरण ग्रन्थ में यह पाठ किया गया कि अपने गुरु से कोई भी बात गोपनीय नहीं रखना चाहिए,गुरु अन्तर्यामी होतें है। यदि गुरु या भगवान अन्तर्यामी हैं, तो हम हमेशा अच्छे कार्य करते हुये जीवन को सार्थक करेंगें। अपने गुरु के प्रति विश्वास दृढ़ होगा। नारीनीति ग्रन्थ में भोगांधता शीर्षक पाठ किया गया। प्रमिला देवी, बृंदा देवी, दीपमाला अंबष्ट, रामचंद्र दा, अखिलेश दा के द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी सभी भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखते हैं, वे पुरुषोत्तम हैं,उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने से संपूर्ण विश्व के लोग सनातनी हो जायेंगें। सनातन धर्म पर विशेष चर्चा किया गया।उन्होंने कहा कि गुरु ही भगवान के साकार रूप होते हैं। सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृति सुंदर लाल ने कहा कि सत्संग में अपने परिवार के सभी सदस्यों को लाना चाहिये। प्रातः काल एवं संध्या काल के समय बच्चों के साथ प्रार्थना करना चाहिये तथा प्रार्थना के महत्व को समझना चाहिये। बाल काल से ही बच्चों को धर्म कार्य के प्रति जागरूक करना चाहिये। अच्छे संस्कार की शिक्षा सत्संग से ही प्राप्त होती है।सत्संग आश्रम देवघर से प्रत्येक माह सातवती पत्रिका आती है, जिसका अध्ययन करना चाहिये। संध्याकालीन प्रार्थना एवं जय उदघोष के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया गया। सत्संग में संजय दा, अजय दा, आदित्य कुमार, धृतिदीप अंबष्ट, शक्ति दास सिन्हा, प्रीतम, शिवम, मधु, बिंदिया, कलावती देवी, सृष्टि, सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन झारखंड की हुसैनाबाद इकाई द्वारा स्थानीय समता स्कूल में एसोसिएशन का 8 वां स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने की. शुरुआत सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर की गयी. कार्यक्रम में सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, राज पब्लिक स्कूल, सनशाइन प्ले स्कूल, समता स्कूल, श्री माँ बाल विकास विद्यालय, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, सक्सेस पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा आदि के निदेशक शामिल हुये. कार्यक्रम में सभी लोगों ने क्षेत्र में स्वच्छ शैक्षणिक माहौल की दिशा की दिशा में बेहतर करने की बात कही.अगले बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तृत विचार विमर्श की जाएगी. उपस्थित लोगों ने एसोसिएशन को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी. मौके पर मुख्य रूप से प्रो शीला सिंहा, डॉ निरंजन प्रसाद, राज कुमार, मनोज कुमार प्रजापति, डॉ. अक्षय कुमार चौहान, कृष्णा उर्फ कुंदन तिवारी, जयराम राम, मो नासिर, शषिकेश कश्यप, आशीष कुमार, दशरथ कुमार आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा विधायक का किया गया सम्मान समारोह का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्लस टू हाइ स्कूल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय सहित अन्य लोगों ने बुके देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक का स्थान समाज में श्रेष्ठ होता है। शिक्षक समाज का आईना है। भविष्य का निर्माण करने वाले शिक्षकों की कोई भी समस्या उन्हें मालूम चलेगी तो उन्हें तत्काल दूर करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी वे शिक्षक समाज के हर समस्या को लेकर तत्पर रहे हैं। आगे भी कोई समस्या आएगी तो उसे दूर किया जाएगा। उन्होंने मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल अनिल विश्वकर्मा को लेकर कहा कि उन्हें साजिश के तहत फसाया गया है। विभाग से मांग करते हैं कि उन्हें जल्द से जल्द निलंबन मुक्त करते हुए मिडिल स्कूल का प्रभार दिया। इस दौरान विधायक ने संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापन भी किया। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कैसर रजा ने कहा कि समाज में शिक्षक का अलग स्थान होता है। शिक्षक को कोई समस्या ना आये इसका वह विशेष ख्याल रखते हैं। शिक्षक संघ जो भी समस्या बताता है, उसे जल दूर करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि अनिल विश्वकर्मा का निलंबन जल्द खत्म होगा। वही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि कमलेश्वर पांडे ने कहा कि आज हम लोग के लिए गौरव का क्षण है। क्योंकि शिक्षकों के साथ हमेशा साथ निभाने वाले विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित करने का मौका मिला है। वहीं उन्होंने सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया कि विधायक शिक्षकों की हर समस्या को दूर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम परीखा सिंह ने किया जबकि संचालन कमलेश पांडेय ने किया। इस दौरान गदाधर पांडे, रामानंद पांडे, खुशदिल सिंह, राजनाथ राम, राजेश कुमार, अविनाश कुमार राजेश कुमार, राम लाल मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप देव, हृदय गुप्ता, शिवनारायण चौबे, राकेश चौबे, सतीश चौबे, राजीव दुबे, महेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, सीताराम जायसवाल, भरत प्रसाद, रमेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिला पार्षद ने विभिन्न गांवों में योजनाओं का किया शुभारंभ



**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला पार्षद अंजू देवी के पहल पर 15 वे वित्त योजना मद से प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया।प्रखंड के कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के बिरध्वर गांव में नहर पुल से कर्मदेव साव के घर तक ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य और मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में जगदेव चौक का उन्नयीकरण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के उपमुखिया लक्ष्मण सिंह, अरबिंद राम, सुजीत पासवान, पंकज सिंह, दयानन्द मेहता, शम्भू सिंह, पंकज सिंह, विक्की कुमार, कुश सिंह, उदय मेहता, मनोज मेहता, बालदेव मेहता, दिनेश मेहता, बृजनन्दन साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिले के सभी प्रखंडो में 20 से 24 जनवरी के बीच लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला



**उपायुक्त ने आम जनों से स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर लाभान्वित होने की अपील की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के सभी प्रखंडो में प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा।इस मेले में आमजनों का स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं का जांच व इलाज किया जायेगा साथ ही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रमों यथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आभा कार्ड बनाने के साथ साथ सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।इस मेले में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर डीसी पलामू के फेसबुक एकाउंट व एक्स पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत 20 जनवरी को नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर, मोहम्मदगंज के पीएचसी अधौरा कैंपस, 21 जनवरी को पीएचसी नवा बाजार परिसर व हैदरनगर के इमामनगर बरेवा पंचायत सचिवालय,वहीं 22 जनवरी को चैनपुर अंतर्गत पीएचसी पथरा फील्ड, छत्तरपुर के एसडीएच कैंपस, सतबरवा के दुलसुलमा पंचायत भवन, हुसैनाबाद के एसडीएच कैंपस, पांडु के सीएचसी परिसर व पिपरा के आम पिपरा कैंपस में मेला का आयोजन किया जाएगा। इस तरह 23 जनवरी को तरहसी के आर.के पब्लिक स्कूल, उंटारी रोड के सीएचसी उंटारी परिसर, पाटन प्रखंड के सीएचसी परिसर व पांकी ब्लॉक के रणभरी हाई स्कूल में मेला का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 24 जनवरी को मनातू के पदमा पंचायत भवन, रामगढ़ ब्लॉक के बाजार शेड, सदर मेदिनीनगर के कौड़िया पंचायत के चुकरु स्कूल, लेस्लीगंज के सीएचसी परिसर, बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत पीएचसी रेहला परिसर,पड़वा के पड़वा चौक पर व हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत अररुआ मध्य विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के उपायुक्त ने संबंधित प्रखंडों के आमजनों से मेले में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

**प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का 8 वां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया**

## बच्चों को शिक्षा देना शिक्षकों का है मुख्य कर्तव्य : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गुरुकुल विधा निकेतन आवासीय विद्यालय परिसर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का 8 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिशा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव,सतीश अग्रवाल, सिकंदर अजाम,आनंद कुमार, वीरेंद्र दुबे सहित सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया जिसमें गणमान्य अतिथियों को शाल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया साथ ही दर्ज़नो प्राइवेट स्कूलों के निदेशक व प्रतिनिधि ने इस समारोह में भाग लिया। वहीं छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे। मौके पर दिशा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने बताया कि यह संगठन छोटे और बड़े सभी निजी स्कूलों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए कार्यरत है।संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि निजी विद्यालय संगठन में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपने तीसरे वार्षिक उत्सव का आयोजन करना गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन स्कूल संचालन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता है। वहीं सतीश अग्रवाल ने कहा कि संगठन प्राइवेट स्कूल का सहयोग से समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर योगदान दें रहीं हैं संगठन ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच गर्म वस्त्र बांटने का काम किया साथ ही समाज में कोई भी परेशानी दिखाई देती हैं तो उसमें संगठन आगे आकर बढ़ चढ़कर सहयोग करने का काम करती हैं और उन्होंने कहा कि सरकार का जो प्राइवेट स्कूल को लेकर नियम कानून है उसमें सरकार को संशोधन करने की जरूरत है तभी प्राइवेट स्कूल नियम कानून का पालन करने में सक्षम हो पाएगी। सदस्य सिकंदर अजाम ने कहा कि सरकार प्राइवेट स्कूल के लिए कई प्रकार के नियम कानून बनाए हैं लेकिन सरकारी स्कूल में ही सरकार का नियम कानून को ताक पर रख कर स्कूल चलाने का काम किया जा रहा हैं और अधिकारी प्राइवेट स्कूल को ही दबाव देते हैं कि सरकार का नियम कानून का पालन करें बेहतर होता की सरकार सरकारी स्कूल का जाँच करा लेती की सरकारी शिक्षक सरकार का नियम कानून का पालन कर कर रहें हैं या नहीं सरकारी स्कूल से बेहतर सुविधा और शिक्षा अभी के दौर में प्राइवेट स्कूल दे रही हैं। वहीं सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि प्राइवेट स्कूल का हर बच्चा शिक्षा ग्रहण कर अधिकारी व डॉक्टर इंजीनियर बनकर अपना स्कूल और गांव व जिला का नाम रौशन कर रहा हैं अगर सरकार नियम कानून में संशोधन नहीं किया तो बच्चे शिक्षा से कोसों दूर हो जाएंगे और युवा शिक्षक प्राइवेट स्कूल बंद होने से बेरोजगार हो जाएगा इसलिए जरूरत हैं सरकार को प्राइवेट स्कूल का नियम कानून में बदलाव लाने की जिससे कि बेरोजगारी और शिक्षा से लोग वंचित नहीं हो सकें। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य शशिरंजन कुमार, आशुतोष कुमार, चंदन सिंह, विकाश कुमार, उमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित आनंद, रमाकांत उपाध्याय सहित दर्जनों सदस्यगण मौजूद थें।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जमीअतुल मोमेनीन चौरासी चुनाव- 2025 को लेकर हुई बैठक

**रांची** : जमीअतुल मोमेनीन चौरासी, चुनाव- 2025 के मद्देनजर चुनाव संयोजक कमिटी सहित जिम्मेदारों की एक अहम बैठक, इजहार अंसारी के सदारत में मोमिन हॉल, पुरानी रांची में किया गया। जिसमें चुनाव से संबंधित चर्चा की गई, जिसके निम्नलिखित अहम फैसला लिये गये। जमीअतुल मोमेनीन चौरासी, चुनाव- 2025 के लिए मुख्य चुनाव संयोजक सहित पांच संयोजकों की पूरी संयोजक कमिटी की तसकील की गईद्य साथ ही मीडिया प्रभारी अकील अख्तर, फिरोज अख्तर और प्रवक्ता रमजान अंसारी को बनाया गया। 09/02/2025 को जमीअत की एक अहम् बड़ी बैठक किया जायेगाद्य जमीअतुल मोमेनीन चौरासी से मोमिन पंचायतों को जोड़ने के लिए अलग-अलग इलाकों के लिए जिमेदारानोंको जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही चुनाव जागरूकता अभियान और प्रचार बड़े पैमाने पर किया जायेगा।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वे स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है ।इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । समर्पण शाखा ने सात दिवसीय कार्यक्रम* में * पांचवे दिन निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर लाल पैथलैब के सौजन्य से लगाया गया। शिविर में काफ़ी लोगो ने बी पी, शुगर , की जाँच करवायी । इसमें अध्यक्ष विनिता सिंघानिया,सचिव शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनावाला, स्मिता अग्रवाल, चंद्रकला , पूजा अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सुजीत सिन्हा गैंग के दो अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीते 22 नवंबर 2024 को ओरमांझी थाना क्षेत्र डाहू स्थित फटाही प्लांट चिड़ियाघर के बगल में संजीव जायसवाल के साथ जावेद अंसारी ,आजाद अंसारी काम कर रहे थे तभी दो अज्ञात अपराधी अपाची मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा गोलीबारी की गई थी, जिसमें जावेद अंसारी और आजाद अंसारी को गोली लगी थी । इस मामले में संजीव जायसवाल के द्वारा बताया गया था कि संगठित अपराधी सुजीत सिन्हा के सरगना के सदस्य द्वारा लेवी मांगी गई थी , लेवी नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पहले भी कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं 17 जनवरी को छत्तीसगढ़ के रायपुर से विक्की वर्मा और आयुष राज को गिरफ्तार किया गया है । ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि संगठित अपराधी सुजीत सिन्हा सरगना से यह लोग हैं और इसकी तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा के निर्देश पर एक टीम गठित की गई थी, जिसमें सिल्ली डीएसपी और ओरमांझी थाना प्रभारी शामिल थे।

इस पूरे मामले में एटीएस के तकनीकी शाखा एवं रांची जिला के तकनीकी शाखा से भी मदद ली गई थी। इस घटना में पहले भी जीशान शेख उर्फ रिकी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इन लोगों पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज है । वहीं गिरफ्तार करने के दौरान एक पीस टैब, दो पीस मोबाइल और एक पीस डायरी जिसमें कई इनफॉरमेशन लिखे हुए है, और एक बैग जप्त किया गया है । और इस छापेमारी दल में अनुज उरांव पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी , पुलिस अवर निरीक्षक ओरमांझी रंजीत कुमार महतो, सतीश कुमार ,नितीश कुमार शामिल थे। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि इसमें चार-पांच लोग और शामिल है, पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है। वहीं सुजीत सिंह जेल में बंद है तो बावजूद इसके किस तरह से यह बाहर में अपना गिरोह के साथ समन्वय बनाए हुए इसकी भी जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

**कुंआ से मिला शव तीन गिरफ्तार:** हत्या के मामले में तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि तुमाड थाना क्षेत्र के मधुकम प्लांट के मैनेजर के द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया कि तुम्माला गंगाधर राव लापता है और इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। उस लापता व्यक्ति की पुलिस ने तलाश शुरू की , जिसमें बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। छानबीन से पता चला कि की एक अज्ञात शव कुआं में डूबा हुआ है, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उस कुएं से शव को निकाला और उसकी सिनाख्त की तो पता चला कि यह मृतक सुपरवाइजर तुम्मला गंगाधर राव का है और इसके बाद पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि इसकी हत्या की गई है । हत्या करने के बाद उसके शव को साक्ष्य छुपाने की नियत से शव को कुआं में डाल दिया गया है। इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। विवेक सिंह मुंडा, विजय लोहार और सचिन मुंडा शामिल है। हत्या के कारण क्या है इस पर पुलिस पूछताछ कर रही है।

**अफीम की खेती करने वाले एक गिरफ्तार:** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि तमाड़ थाना क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है इसकी सूचना पर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इसी दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीम गठित की गई थी। बुंडू एसडीपीओ ओमप्रकाश के नेतृत्व में और जिसमें तमाड़ की भी पुलिस शामिल थी। सभी अपने-अपने क्षेत्र में अफीम नष्ट करने का अभियान चला रही थी, इसी दौरान पता चला कि एक व्यक्ति है जो अपने खेत में अफीम की खेती कर रहा । पुलिस ने उससे पूछताछ की पूछताछ के क्रम में धनीराम महतो ने अपना नाम बताया और इसके साथ ही अपनी खेत है और अन्य तीन के साथ खेती कर रहे हैं। इस मामले में धनीराम महतो की गिरफ्तारी हुई है और अफीम पोस्ता का पौधा को भी नष्ट किया गया है । इस पूरे मामले में बुंडू एसडीपीओ ओमप्रकाश , पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार थाना प्रभारी तमाड , सहायक अवर निरीक्षक सांगा,जय राम आदि शामिल थे।

## अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण तीसरे रविवार को मन की बात का हुआ प्रसारण

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना।प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश,जिला मंडल के पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण एवं कार्यकर्ता हुए शामिल प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो दूरदर्शन से प्रत्येक माह अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुनने की व्यवस्था की जाती है जहां पार्टी के प्रदेश , जिला,मंडल ,बूथ स्तर के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता एवं सांसद,विधायक गण, जनप्रतिनिधि आम जन के साथ लोकप्रिय कार्यक्रम को सुनते हैं।

## इन आर्ट वर्ल्ड की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 19 जनवरी रविवार को इन आर्ट वर्ल्ड की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर रांची टैगोर हिल मे 30चित्रकारों ने पेंटिंग बनाया। सत्यम , शैलजा, ज़ाकिर शाह, भरोमो कर्मकार, तिथि, शौनक, सपना, सरिता, चंदा, रचना शेफाली, रिचा व अन्य कलाकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर इन आर्ट वर्ल्ड की मैगज़ीन की भी विमोचन किया गया। यह जानकारी इन आर्ट वर्ल्ड निदेशक प्रवीण कर्मकार ने दी।

## जेसीआई का 65वां शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेसीआई रांची ने 65वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया।

इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे, और विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया की पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट जेसी राखी जैन उपस्थित रहीं।समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी ऊर्जावान टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए जेसीआई को जूनियर चैंबर इंटरनेशनल के बजाय यूथ चैंबर इंटरनेशनल के रूप में संबोधित किया, जो युवाओं के नेतृत्व और समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि जेसी राखी जैन ने जेसीआई रांची को मिनी जेसीआई जोन के रूप में सराहा और इसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम को संबोधित करते हुए लीडिंग द चेंज थीम पर जोर दिया।

उन्होंने इस साल समाज के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने की योजना प्रमुख है।

### नई कार्यकारिणी टीम

सचिवः जेसी सनी केडिया, उपाध्यक्षः जेसी अभिषेक जैन, जेसी निशांत मोदी, जेसी निखिल अग्रवाल, जेसी मयंक अग्रवाल, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी तरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्षः जेसी कौशल मुरारका, संयुक्त सचिवः जेसी सौरभ जालान, प्रवक्ताः जेसी आदित्य जालान, निर्देशकः जेसी अभिषेक नारनौली, जेसी अक्षत अग्रवाल, जेसी अमन सिंघानिया, जेसी अनीश जैन, जेसी अंकित अग्रवाल, जेसी अनुभव अग्रवाल, जेसी किशन अग्रवाल, जेसी मंदीप सिंह, जेसी मोहित बागला, जेसी निखिल मोदी, जेसी नितिन पोद्दार, जेसी प्रवीण अग्रवाल, जेसी ऋषभ छापरिया, जेसी ऋषभ जैन, जेसी ऋषभ जालान, जेसी ऋषभ सिंघानिया, जेसी ऋषि मुरारका, जेसी संदीप खेमका, जेसी संकेत सरावगी, जेसी सौरव नरेडी, जेसी सृजन हेतमसरिया।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारीयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा देर शाम गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मोरहाबादी मैदान का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा अतिथि के आवागमन, परेड, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, झांकी प्रदर्शन, एलईडी स्क्रीन, लाइटिंग एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।ट्रैफिक, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा को लेकर भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उर्वशी पांडेय, अभियंता भवन निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने आर्ट में दिखाई प्रतिभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आजाद बस्ती, रांची साइंस, आर्ट और क्राफ्टका एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जज मो. साबिर हुसैन, जो जाने माने आर्ट एंड क्राफ्ट के माहिर सैनिक स्कूल के शिक हैं। उन्हों ने कहा की बच्चों ने जो मॉडल्स बनाए हैं, वे उनकी क्रिएटिविटी और मेहनत का प्रमाण हैं। वेस्ट मैटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाना और विज्ञान के मुश्किल विषयों को इतने सरल और रोचक तरीके से पेश करना प्रशंसनीय है। यह प्रदर्शनी बच्चों के अंदर नई सोच और साइंस, आर्ट एंड क्राफ्ट के फील्ड में अध्यन करने में और उसे को बढ़ावा देने में सफल रही है। प्री-नर्सरी से प्रेप तक के नन्हें बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल का उपयोग करते हुए अद्भुत मॉडल्स तैयार किए। इनमें माचिस की डिब्बियों, कप, कागज, और अन्य सामग्रियों से वाटर फॉल, कैंडल स्टैंड, अलमारी, कार्डबोर्ड बास्केट, और पेपर लैंप, स्माल डॉल, फूलों का गमला आदि शामिल थे। कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों पर वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल बनाए। इनमें वाटर पॉल्यूशन, सॉयल लेयर्स, सोर्स ऑफ वाटर, ह्यूमन फिजियोलॉजी, ग्रेविटी बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक एनर्जी, और रोबोटिक्स जैसे विषय शामिल थे। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने हार्ट और न्यूरॉन के मॉडल्स बनाए, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विशेष रूप से दिलशान, अजमत, शिफा, शफिया, अशद, अनस, सुफिया, अरफा, अस्फा, अफिया, सारा, तहसीन, जिकरा आदि छात्रों के मॉडल्स ने दर्शकों को प्रभावित किया।

## जेएससीआई के रैकेट्स कैम्पस में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएससीआई के स्टेडियम में बने रैकेट्स कैम्पस में आयोजित दो दिवसीय मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न हो गया। टूर्नामेंट में बैडमिंटन के प्रति पत्रकारों की दीवानगी देखने को मिली, जब खिलाड़ी बन कर प्रेस क्लब के पत्रकार सदस्य कोर्ट में पसीना बहाते नजर आये। प्रतियोगिता के पहले दिन के हुए मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश और रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया वहीं फाइनल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी अजय नाथ शाहदेव उपस्थित थे। दूसरे दिन फाइनल मैच में वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। वहीं कड़े एकल मुकाबले के फाइनल मैच में आदिल हसन ने लगातार दो मैच जीत कर अभिषेक सिन्हा को शिकस्त दी और ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। वहीं डबल्स के खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में आदिल हसन और आनंद मोहन की जोड़ी ने अभिषेक सिन्हा और मोनू कुमार की जोड़ी को दो एक से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया।

## झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का मतदान 28 फरवरी को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लंबे समय से झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अटकले लगाये जा रहे थे, लेकिन अब विराम लग गया है। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो 28 फरवरी को मतदान करा दिया जायेगा, इस संबंध में घोषणा कर दी गई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन, केन्द्रीय लाईन टैंक रोड, रांची के परिसर में केन्द्रीय कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य भर के विशेष आमंत्रित सदस्य, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य,क्षेत्रीय मंत्री,प्रक्षेत्रीय मंत्री एवं सभी शाखाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उक्त बैठक में झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन, झारखण्ड राँची का सप्तम महाधिवेशन- सह- केन्द्रीय पदाधिकारी का चुनाव की घोषणा की गयी, जिसे उक्त बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, जो निम्न प्रकार है।

**चुनाव का कार्यक्रम :** नामांकन 01 फरवरी 2025 को होगी, नामांकन वापसी 4 फरवरी, अंतिम प्रत्याशी की घोषणा 5 फरवरी को और महाधिवेशन 27 फरवरी को होना है। वहीं मतदान एवं मतगणना 28 फरवरी को होगी। शपथ ग्रहण समारोह एक मार्च को होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय एवं अरविन्द प्रसाद यादव , महामंत्री मो0 महताब आलम, संयुक्त सचिव रंजन कुमार एवं संगठन सचिव अंजनी कुमार भी उपस्थित रहें।

## भारतीय नौसेना और बजाज ऑटो पल्सर की 'डेयर 2' रैली पहुंची रांची




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बजाज ऑटो और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली 'डेयर 2' रांची पहुंची। इस दौरान रैली टीम संत जॉन उच्च विद्यालय कैंपस रांची में मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव सह इंटरेक्शन विथ स्टूडेंट प्रोग्राम में शामिल हुए। इस अवसर पर कमांडर मुकुल राय, इंजीनियर ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट कमांडर आदित्य वशिष्ठ जी ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट विशाल प्रताप एएलओ, आईएनएस रणविजय, समेत कई टीचर और स्कूल के बच्चे शामिल हुए। मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव में बच्चों के बीच भारतीय नौसेना में करियर को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। रैली पल्सर एनएस 400जेड की गतिशीलता से लैस, भारतीय नौसेना के 15 निडर सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। इससे पूर्व इस रैली (डेयर 2) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है, ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह रैली 26 जनवरी, 2025 को अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी, जो 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एकता को मजबूत करने और साहसी भावना को बनाए रखने में सशस्त्र बल की भूमिका को रेखांकित करेगी। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, बजाज ऑटो लिमिटेड के मार्केटिंग अध्यक्ष सुमीत नारंग ने कहा, हम भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिसका प्रतिनिधित्व अंतिम विध्वंसक-आईएनएस रणविजय द्वारा किया जाता है, ताकि ' डेयर2' मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया जा सके। इस पहल को समय की मांग बताते हुए पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम ने कहा, डेयर 2' युवा भारतीयों में सशस्त्र बलों के प्रति जुनून जगाने का एक संयुक्त प्रयास है और हम दोनों सशस्त्र बलों और पल्सर एनएस400जेड की 'साहसिक' भावना का जश्न मनाने के लिए इस 13 दिवसीय रैली में बजाज ऑटो लिमिटेड के साथ भागीदारी करके रोमांचित हैं।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सफाई कर्मियों के साथ सुनी मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118 वे एपिसोड मन की बात केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सैकड़ो सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। सेठ ने इस अवसर पर कहा भारत वासियों की उपलब्धि उनकी गाथा सुनाने का अवसर प्रदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है और उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार जो अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उसे जानने का मौका मिलता है । भारत में कुंभ का आयोजन हो रहा है इस कुंभ की व्यवस्था वहां के मैनेजमेंट जो पूरे विश्व में आज जिसकी सरहाना हो रही है उससे जाने का मौका मिल रहा है। स्टार्टअप, भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य जो आज भारत विश्व के चौथे नंबर पर है ऐसी गाथाओं को सुनकर पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना कैसे भारत सर्वश्रेष्ठ भारत बने इन सभी गाथाओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक बात सुनने का आवश्यक प्रदा होता है । पंडरा मंडल, सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ो सफाई कर्मी के साथ मन की बात सुनने का अवसर प्रदान हुआ। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू मंडल के अध्यक्ष सुबेस् पांडे ,ओमप्रकाश पांडे ,संजीव चौधरी, सुधीर सिंह, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा ,रवि मेहता ,रिंकू सहदेव, आकाश कुमार पांडे, मंजू चौधरी, आशा शर्मा, देवन जी अशोक यादव सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची,आशा महिला समिति हरमू एवं रांची सिटीजन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मनोकामना पूर्ति छठ घाट के समीप ज्ञान रश्मि हाई स्कूल, हरमू रांची में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर,जेनरल रोग जांच,नेत्र रोग जांच,हियरिंग (कान)जांच,एवं दांत जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला, उमा शंकर सिंह,रेणुका तिवारी,हरीश नागपाल,विनोद बेगवानी,एस मृदुला एवं आशा महिला समिति हरमू के अध्यक्ष सुमित्रा किस्कू, आशा देवी,ब्रतती मिश्रा,निशा, बेबी कुमारी,ममता देवी,उर्मिला देवी,बालमति कुमारी, सोमरी देवी,सविता कुमारी,अंकिता कुमारी,उर्शिला कुमारी, रतनी उराइन,किरण मिश्रा,इलिसबा तिर्की,बिंदु कच्छप,का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल के डॉ0 प्रतिमा,मुकुंद मिश्रा, पुतुल कुमारी, वंदना लकड़ा,सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल के डॉ0 नौशाद, रंजन सिंह, निशु कुमारी, भरत ऑप्टिकल्स के विशाल कुमार,आनंद कुमार,हरमू स्थित स्माइल डेंटल क्लिनिक के डायरेक्टर डॉ0 अभय कुमार,डॉ0 प्रियंकेश कुमार, कविता कुमारी,बरियातू स्थित हियर जैप क्लिनिक के अनुरंजन कुमार,अनीश कुमार,इत्यादि का सहयोग रहा।

## मेधा डेयरी किसानों की राज्य स्तरीय बैठक मांडर प्रखंड स्थित सोसई आश्रम मैदान में संपन्न

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक मेधा डेयरी के किसानों की राज्य स्तरीय बैठक मांडर प्रखंड स्थित सोसई आश्रम मैदान में विशेश्वर शाही की अध्यक्षता में हुई। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए किसान दुग्ध मित्रों ने



वेरिएशन के नाम पर प्रबंधन द्वारा पैसा काटा जा रहा है, जिससे किसानों में आक्रोशित देखे जा सकते थे। बैठक में निर्णय लिया गया 21 जनवरी को एक प्रतिनिधिमंडल मेधा प्रबंधक से मिलकर समस्याओं से अवगत कराएंगे और वेरिएशन के नाम पर पैसा काटा जा रहा है वह पैसा काटना बंद करें। बैठक में पलामू लोहरदगा देवघर गुमला गढ़वा हजारीबाग गोड्डा रामगढ़ दुमका के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए संचालन सुजीत शाही धन्यवाद ज्ञापन जावेद अंसारी के द्वारा किया गया। मौके पर विनोद सिंह भानु महतो इंद्रदेव महतो सहित लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल हुए।

## देश के रक्षा राज्यमंत्री व सांसद संजय सेठ ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ के द्वारा चतरा पंचायत के जैप 2 में अजय कुमार के घर से पी सी सी पथ का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया।इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पी सी सी पथ के साथ



संसदीय क्षेत्र में सोलर लाइट, कैंसर हॉस्पिटल,आश्रय घर इत्यादि के कार्य भी कर रहे है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,राजेश मिश्रा,अजय कुमार,मुकेश कुमार सिंह,आलोक कुमार निराला, डॉक्टर राहुल कुमार, डॉक्टर मधुसूदन पांडे,बलराम महतो,प्रखंड अध्यक्ष सुनील महतो, महामंत्री अमित मिश्रा,मंत्री नागेश्वर महतो,गिरिधर मिश्रा,राजेंद्र महतो,बृजेश सिंह,देवेंद्र महतो,कन्हैया कुमार, सुभाष श्रीवास्तव,कमलेश सिंह,रामेश्वर यादव गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।आगत अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर,आरती उतारकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

## जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज आयशा नगर, मौलाना आजाद कालोनी, रांची में आयशा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंदों के दरम्यान कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी औरंगजेब खां, , आजसू बुद्धिजिवी



मंच के अध्यक्ष शहजाद आलम, सोसाइटी के सदस्य शहबाज आलम,मो सुलेमान ,अलीम, जहांगीर खां, आफताब आलम, जावेद अख्तर, अलाउद्दीन, मंजूर आलम और सोहैल अख्तर मौजूद थे।

## अफीम की खेती को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार सिल्ली थाना क्षेत्र के बसंतपुर पंचायत क्षेत्र में अफीम की खेती को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में होने वाले अफीम की खेती को रोका जाए। इससे भूमि बंजर होती है पानी के स्रोतों पर अफीम की खेती का बुरा असर होता है इसकी खेती करना कानूनी अपराध है और इसमें सजा कठोर होती है इसलिए इस प्रकार की खेती को नहीं करने की जरूरत है पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के साथ शपथ लेते हुए कसम खाई की क्षेत्र में अफीम की खेती को नहीं होने दिया जाएगा। इस अभियान में एस आई रामदेव यादव एस आई मुकेश कुमार एएस आइ महेंद्र बाड़ा सिपाही एवं चौकीदार मौजूद थे।

## मिलन समारोह सह सामुहिक वनभोज का हुआ आयोजन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति एनके पिपरवार का मिलन समारोह सह सामुहिक वनभोज का आयोजन चुरी सपही नदी के1 तट पर किया गया. अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष



मनोज भुईयां ने किया. इस आयोजन में खलारी, टण्डवा प्रखण्ड सहित आसपास के क्षेत्रों से समाज के लोग अपने पुरे परिवार के साथ शामिल हुए. इस दौरान समिति के लोगों ने एक बैठक भी किया गया. जिसमें सभी ने समतामूलक समाज बनाने के साथ समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं एकता का संकल्प लिया. इसके बाद समाज के सभी महिला, पुरूश और बच्चों ने सामुहिक रूप से वनभोज में बने कई व्यंजनों का आनन्द लिया. पुरे कार्यक्रम का संचालन गणेश भुईयां ने किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से रामा भुईयां, मुकेश कुमार, मनीश भुईयां, सुरेश भुईयां, गुड्डू भुईया बिनोद भुईयां, रामप्रवेश राम भुईयां, संजय भुईयां, अशोक भुईयां, मुकेश भुईयां, अभिनंदन राम भुईयां, लक्ष्मण भुईयां, वैजू भुईयां, रामू भुईयां सहित काफी संख्या में समाज के महिला पुरूश एवं बच्चे उपस्थित थे.

# डालसा अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें मुख्यधारा में लाना है।




इस शिविर में ग्रामीणों को उनके निकटवर्ती प्रखंड कार्यालय में ही विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कंबल वितरण, ट्राई साइकिल वितरण, धोती-साड़ी योजना, कृषि एवं वानिकी योजनाएं, बकरी पालन, पशुधन गाय पालन, मातृत्व वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना और केसीसी योजना आदि के लाभ प्रदान किए गए।

शिविर में लाभार्थियों को ?3,53,72,300 की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कुल 489 लाभुकों ने शिविर में भाग लेकर इन योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।शिविर में प्रमुख रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी विद्यावती और अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रखंड के बीडीओ, सीडीपीओ, बीपीओ, बीटीएम, जेएसएलपीएस अधिकारी, महिला समूह लाभार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने इस शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# कलश यात्रा के साथ चूरी में महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** चूरी कॉलोनी में चार दिवसीय महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गयी. रविवार की सुबह गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी. जिसमें 301 महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद सपही नदी से कलश में जल भर कर कॉलोनी की परिक्रमा कर कलश को यज्ञ मण्डप में लाया गया. पुजारी नरेंद्र पाठक के द्वारा कलश यात्रा के सभी संस्कार कराए गए.जजमान के रूप में नरेश विश्वकर्मा और उनकी पत्नी



शामिल है. सोमवार को महायज्ञ के दौरान अरणीमंथन किया जाएगा. इसके बाद यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू हो जाएगी. मंगलवार को मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा. वहीं बुधवार को मां काली की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी.संपन्न करने के लिए वाराणसी से पंडित रामानंद पाठक सहित कई आचार्य का आगमन हुआ है. कलश यात्रा के मौके पर एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार भी शामिल हुए. कलश यात्रा को सफल बनाने में हिमांशु मंडल, नंदू विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, सागर राम, शिवप्रसाद चौहान, सुदेश पासवान, गुड्डु विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, कन्हैया सिंह, रवि विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राधा पासवान समेत सैकड़ो लोगों ने अहम भूमिका निभायी.

# पेसा कानून अनुसूचित क्षेत्र की आत्मा विषय पर मारंगहदा, डाड़ीगुटू एवं तिलमा पंचायत के ग्रामीणों की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** डाड़ीगुटू बाजार टांड़ में जोरदा पड़हा राजा फूलचंन्द मुंडा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में पारम्परिक ग्राम सभा को आदिवासी स्वशासन का महत्वपूर्ण प्रशासनिक ईकाई का मान्यता देने की अनुशंसा भूरिया समिति ने किया था। जिसे पेसा कानून 1996 के रूप में संसद द्वारा पारित किया गया है। झारखण्ड प्रदेश में इस विशेष कानून को ठोस



रूप से लागू करने को लेकर नियमावली तैयार करने में झारखण्ड सरकार आनाकानी कर रही है। मसीहदास गुड़िया ने कहा कि दो महीना में पेसा कानून लागू करने के झारखण्ड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी झारखण्ड सरकार का गम्भीर नहीं होना चिन्ता का विषय है। जोन जुरसेन गुड़िया ने अपने सम्बोधन में कहा कि पेसा कानून का अब तक नियमावली तैयार नहीं किये जाने के पीछे आदिवासी अस्तित्व को समाप्त की सोची समझी साजिश है। युवा अगुवा बेनेडिक्ट नवरंगी ने कहा कि झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम 2001 अनुसूचित क्षेत्र के विशेष संवैधानिक प्रावधान का अतिक्रमण है इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में सलाए बजराय, राम मुंडा, एतवा मुंडा, पतरस टुटी, घासीराय मुंडा, मरकस मुंडा, डारू मुंडा, सिंगराय मुंडा, सोमरा मुंडा, लेदा मुंडा एवं पौलुस मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम में खूंटी कोर्ट के प्रधान जज द्वारा करोड़ों कि परिसंपति का वितरण

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम के दौरान एक करोड़ अठारह लाख अठाईस हजार पांच सौ (11828500) रूपया कि परिसंपति का वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि खूंटी सिविल कोर्ट के प्रधान जिला जज श्रृषिकेष कुमार उपस्थित होकर ग्रामीण जनता के बीच परिसंपति का वितरण किया. जिसमें सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पांच लाभुक , स्वस्थ्य विभाग से पांच लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण, जेएस एलपीएस के 6 लाभूकों को 7900000 राशि कि परिसंपति, कल्याण विभाग से आठ छात्रों के बीच साइकिल का वितरण, आपूर्ति विभाग से पांच लाभुको के बीच राशन कार्ड का वितरण, कृषि विभाग से पांच किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, छह किसानों के बीच बीज का वितरण, बाल विकास परियोजना की ओर से दो विकलांग को व्हील चेयर, पांच लाभुकों के बीच सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा से छह किसानों के बीच जॉब कार्ड का वितरण, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के पांच लाभुकों को छह लाख एवं अबुआ आवास के पांच लाभुकों को एक लाख रूपया का वितरण किया गया.विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधान जिला जज श्रृषिकेष कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा की खूंटी जिला को अफीम खेती मुक्त जिला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें और भटके हुए किसानों कृषि के आयाम से जोड़ा जाए और अफीम के बदले दूसरे वैकल्पिक खेती करने के लिए किसानों कों बीज खाद्य एवं अन्य कृषि उपकरण मुहैया कराने कि बात कही गयी.



## राहुल के एनकाउंटर व कृष्णा की गिरफ्तारी से खलारी पुलिस के हौसले बुलंद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी में कई घटनाओं को अंजाम देने वाले राहुल तुरी के एनकाउंटर तथा पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी के बाद से खलारी पुलिस के हौसले बुलंद है. कृष्णा यादव की गिरफ्तारी में खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के अलावा पुनि विजयकुमार सिंह व मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी गोविन्द कुमार की अहम भूमिका रही है. राहुल तथा कृष्णा कोयला कारोबारियों, सिविल कार्य करने वाले ठीकेदारों के अलावा क्षेत्र के बड़े दुकानदारों से भी लेवी की मांग करने लगे थे. जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ था. कई कारोबारी तो पुलिस को भी सूचना नहीं दे रहे थे. मैकलुस्कीगंज में बालूमाथ के एक ठीकेदार की गोली मारकर हुए हत्या में कृष्णा यादव आरोपित था. लेवी के लिए एक पेटी कान्ट्रैक्टर को पैर में गोली मार कर जख्मी कर दिया था.वहीं राहुल तुरी ने एक ही दिन तीन हाइपा डंपरों को जलाकर पुलिस को सीधे चुनौती दे डाली थी. पुलिस अपने टेक्निकल सेल की मदद से लगातार इन अपराधियों की तलाश में लगी हुई थी. पुलिस अब टीएसपीसी के ऋशिकेष जी को पकड़ने के लिए जाल बिछा रही है. इसके लिए सीमावर्ती जिलों के पुलिस से तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है.खलारी थाना प्रभारी ने कहा है कि पुलिस के प्रयास का सकारात्मक नतीजा आएगा. अपराधियों के धर पकड़ के लिए खलारी व मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस इन दिनों औचक रूप से वाहन जांच अभियान चला रही है. इसी कड़ी में शनिवार को कई जगहों पर आने जाने वाले दोपहिया चार पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई. पुलिस ने आम लोगों से जांच में सहयोग करने की अपील की है.

## कुंभ स्पेशल ट्रेन को सांसद ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंभ स्पेशल ट्रेन को रांची से सांसद संजय सेठ ने रावण किया।इस स्पेशल ट्रेन से टाटीसिलवे मंडल से कुंभ मेला में साही स्नान के लिए जाने वाले में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मुखिया सिलवे मुखिया नूतन पाहन,समाजसेवी उमेश महतो,मनोज कुमार महतो,विष्णु मुंडा,सिंधुनाथ महतो,लीला देवी,प्रमिला देवी,बालेश्वर महतो,फिलवर्ड लिंडा, एतवा उरांव,मुनेश्वर साहू,दिलीप सिंह मुंडा, रंजीत महतो, सुलेंद्र महतो, योगेंद्र महतो,रोहिदास महतो शामिल थे।

## स्व कुणाल कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, रोहित इलेवन लगाम बना चैंपियन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली ग्राम विकास विद्यालय मैदान में रविवार को स्व कुनाल कुमार मेमोरियल एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सिल्ली के पाटका गांव निवासी 31 वर्षिय कुणाल कुमार का पिछले 15 अप्रैल 2022को आकस्मिक निधन गया था।वे क्षेत्र के जाने माने क्रिकेट खिलाड़ी थे उनके याद में उनके साथी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता में नामकोम, खेलगांव रांची, झालदा, तुलीन, लगाम समेत आसपास के कुल आठ टिमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच करमा इलेवन केसरडीह और रोहित इलेवन लगाम के बीच खेला गया । जिसमें करमा इलेवन ने निर्धारित 4 ओवर में 5 विकेट खोकर 45 रन बनाया। वहीं जबावी पारी खेलते हुए रोहित इलेवन ने 2 विकेट खो कर 3. 3 ओवर में लक्ष्य को हासिल किया एवं 8 विकेट से जीत कर प्रतियोगिता का चैम्पियन बना। मुख्य अतिथि गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पुर्व जिप सदस्य चित्तरंजन महतो ने विजेता टीम को नगद 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु एवं रविन्द्र करमाली ने उप विजेता टीम को नगद 10 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अन्य अतिथियों ने प्रतियोगिता के मैन आप द मैच, बेस्ट बॉलर , बेस्ट फील्डर, बेस्ट बैट्समैन, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वितरण किया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्व कुणाल कुमार क्षेत्र एक बेहत क्रिकेट खिलाड़ी थे। वो आज हमारे बीच नहीं रहे मगर उनके साथी खिलाड़ियों ने उनके याद को जिंदा रखने के लिए इस तरह का आयोजन किया इसके लिए हम आयोजन समिति का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए ही क्षेत्र से खिलाड़ियों की प्रतिभाएं निकल रही है। इससे पूर्व सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर व लुपुंग मुखिया सीमा कुमारी गोंझु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता के पुर्व अतिथियों एवं खिलाड़ीयों ने स्व कुणाल कुमार के चीत्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रतियोगिता का संचालन अम्पाएर जीतु चौधरी, प्रकाश मांझी, कुनाल सिंह एवं विशाल बड़ाइक ने, कमेंट्री राजु बड़ाइक, नन्द किशोर महतो एवं वैभव कुमार महतो ने तथा स्कोरर अमित सेन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में बंटु गुप्ता, किशन आश, दिवाकर प्रसाद, ब्रजेश महतो, पिंटु साव, शुसीम कर, कुनाल सिंह, वैभव कुमार महतो, राजु बड़ाइक, गोविंदा चौधरी, हर्ष कुमार, कपिल प्रजापति, आकाश सेन, अमीत सेन, राहुल कर, किशन सिंह, गौरव सिंह, सौरव सिंह, प्रकाश मांझी, अनुप सिंह, अनुप प्रामाणिक, ज्योति मांझी, किशन आश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## गणतंत्र दिवस पर पिपरवार विकास समिति के द्वारा कई कार्यक्रम का होगा आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार विकास समिति की एक आवश्यक बैठक बचरा कार्यालय में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अगनु देशवाली और संचालन संतोष कुमार राम ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से पिपरवार विकास समिति के कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन करने, विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने, स्कूल की शिक्षिका एवं महिलाओं के लिए कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन करने,समिति के कोषाध्यक्ष बालदेव महतो के सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान मे विदाई समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पिपरवाही विकास समिति के सचिव संतोष कुमार राम ने क्षेत्र के सभी स्कूलों के शिक्षक एवं बच्चों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।साथ ही प्रतियोगिता में शामिल होने वाले इच्छुक बच्चों को जल्द रजिस्ट्रेशन कराने के लिए समिति के कार्यालय में संपर्क करने की अपील की गई है।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिले पंचायत सहायक संघ के सदस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची :** रविवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डे सिंह से पंचायत सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथुन कुमार ,सचिव टीपू सुल्तान व मुर्तजा अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को शॉल भेंटकर आभार व्यक्त किया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। मंत्री दीपिका पाण्डे सिंह ने इस मुलाकात में पंचायत स्वयंसेवकों को पुनः पंचायत सहायक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब पंचायत सहायक



अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जियो टैगिंग का काम भी करेंगे। मंत्री ने बैठक के दौरान मेहरमा बीडीओ को फोन पर स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों को तुरंत कार्य में शामिल किया जाए और उन्हें जियो टैगिंग का कार्य सौंपा जाए। उन्होंने पंचायत के कामों में पूरी पारदर्शिता और तत्परता बरतने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने पंचायत सहायकों को आश्वासन दिया कि वह आगामी बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को सामने रखेंगी। उन्होंने पंचायत सहायकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे जल्द ही पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। दीपिका पाण्डे सिंह ने पंचायत सहायकों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आप सभी को पंचायत के हर कार्य में शामिल किया जा रहा है, लेकिन शिकायतें नहीं आनी चाहिए। हर कार्य को समय पर और सही तरीके से पूरा करना आवश्यक है।

# जिला वुशू प्रतियोगिता में डीएवी बचरा के छात्रों ने लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** झारखंड सरकार के द्वारा चतरा जिले में आयोजित 17वीं वुशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र अर्णव सोनी, सिद्धार्थ सिंह,आशु सिंह और मयंक उरांव ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल




बचरा के स्कूली बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।आने वाले दिनों में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र कोयलांचल ही नहीं पूरे झारखंड में अपनी एक अलग पहचान बनाने का काम करेंगे। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में असाधारण कौशल दिखाते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा का पूरा परिवार इस उपलब्धि पर गर्व महशूश कर रहा है।उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

# मांडर एनएच 39 में स्कूटी सवार सड़क दुर्घटना में घायल, रिम्स रेफर

**मांडर :** मांडर एनएच 39 में सड़क दुर्घटना में मलती निवासी 30 वर्षीय रंजीत भगत पिता स्व लालदेव भगत गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कूटी सवार रंजीत भगत सप्ताहिक बजार से अपने घर मलती जा रहे थे इस दौरान मांडर शिव मंदिर के पास एक बच्चे को बचाने के कर्म मे स्कूटी से गिर गए। स्थानीय लोगो द्वारा मांडर रेफरल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया।

## 45वें मैक्सी फेयर में युवाओं ने की मस्ती




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार से एक्सएलआरआइ में 45वें मैक्सी फेयर की शुरुआत हुई। मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ (मैक्सी) की ओर से आयोजित इस मेले में सबसे पहले खाना पकाने की प्रतियोगिता मास्टर शेफ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने 45 मिनट के भीतर पनीर, टमाटर और मैदा से स्वादिष्ट भोजन तैयार किए। इस दौरान शहर के बच्चों की रचनात्मक दक्षता के लिए आर्ट अटैक, शहर की ब्यूटी और ब्रेन की परख करते हुए मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, डांस मेनिया के जरिए नृत्यकला के साथ ही बच्चों के लिए फैशन और डांस शो का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कैंपस में फूड व अन्य मार्केटिंग स्टॉल लगाए गये थे। फुटबॉल मैदान में ही अलग-अलग खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें लोगों को अलग-अलग प्रॉब्लम दिए गये थे। शहर के लोग उसे किस प्रकार से हल करते हैं, उसके आधार पर उनकी मार्किंग की जा रही थी। वहीं, देर शाम प्ले बैक सिंगर निखिल डिसूजा ने रंग जमाया। उन्होंने बॉलीवुड के एक से बढ़ कर एक गाने गाए। जिस पर एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों के साथ ही शहर के हजारों यूथ झूमते रहे। रविवार को मैक्सी फेयर का समापन किया जाएगा।

## जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने बांटे कंबल



**मुसाबनी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिषद की चेयरपर्सन बारी मुर्मू ने रविवार को मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत माटीगोड़ा पंचायत के कुलामारा डाब कोचा टोला में 80 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने जगझरना में पानी स्टोरेज कर फिल्टर करके ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था कराने के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। ग्रामीणों ने कई सारी समस्याओं से अवगत कराया। टोला तक जाने के लिए सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य समेत कई समस्याओं को रखा। मौके पर प्रमुख रामदेव हेंब्रम, बबलू हेंब्रम, शंकर रेड्डी और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में 24 जनवरी को एवं कुकड़ु प्रखंड में 22 जनवरी को स्वास्थ्य मेला आयोजन करने को लेकर चर्चा हुई। स्वास्थ्य मेला में स्टॉल निर्माण व लोगों को इस संबंध में जानकारी देने संबंधी विचार विमर्श किया गया। प्रखंड लेखापाल रौशन कुमार झा ने बताया कि 22 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन कुकड़ु उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप हाट तोला में किया जाएगा एवं 24 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में आयोजन किया जाएगा। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शेखर कुमार चौधरी, डॉ अनुपम घोषाल, रौशन कुमार झा एवं अन्य चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड की किन्नर समाज की पहली महामंडलेश्वर अमरजीत जी का हुआ स्वागत




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड से पहली बार महामंडलेश्वर बने साध्वी अमरजीत जी का नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर विहिप के प्रांत प्रमुख(धर्म प्रसार) संजय चौरसिया एवं जिला पदाधिकारियों ने श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर वैष्णव किन्नर अखाड़ा साध्वी अमरजीत जी को अंगवस्त्र, श्री राम नामावली एवं मिठाई खिलाई एवं अभिनंदन करने के साथ बधाई दी। बारीडीह स्थित विहिप कार्यालय में साध्वी का अभिनंदन करते हुए श्री चौरसिया ने कहा कि किन्नर समाज के लिए महामंडलेश्वर बनना समाज के लिए गर्व की बात है।

## बिष्टुपुर में 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्याम सेवा समिति की ओर से श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर बिष्टुपुर में चल रहे श्री श्याम बाबा का 5 दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को धूमधाम से आयोजित हुआ। राजस्थान के खाटू धाम से पधारे पृथ्वी सिंह चौहान (मंत्री, श्री श्याम मंदिर कमिटी खाटू) के सानिध्य में पांच पुरोहितों पंडित संजय शर्मा, कमल शर्मा, मनीष शर्मा, बजरंगलाल शर्मा द्वारा पूरे विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूरा हुआ। मुख्य यजमान रेखा-मुकेश अगीवाल ने विधि विधान से सभी धर्मानुष्ठान को संपन्न कराया। शहर की धार्मिक संस्था श्री कालका माता परिवार द्वारा मोर पंख की माला बाबा श्याम को अर्पित किया गया। रविवार की सुबह 11.37 बजे से देवता का पूजन, श्री श्याम प्रभु का प्रथम श्रृंगार, प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती के दर्शन पूजा होने के बाद दोपहर में 03.31 बजे वैदिक मंत्रोचार के बीच मंदिर का पट खुलते ही श्री श्याम प्रभु खाटूवाले के जय जयकार से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही श्याम प्रभु के लगते जयकारे वातावरण को श्याममय कर रहे थे।

## बुद्धिजीवी मंच ने पटमदा में 50 जरूरतमंद लोगों में बांटे कंबल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुद्धिजीवी मंच पटमदा ट्रस्ट की ओर से रविवार को बांगुड़दा, माकुला, लावा, गाड़ीग्राम, लोवाडीह, बेलडीह समेत कई गांवों के जरूरतमंद लोगों के बीच 50 कंबलों का वितरण किया गया। बांगुड़दा पंचायत के माकुला गांव में कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के निदेशक जितेंद्र नाथ महतो के हाथों किया गया। यहां सबर समुदाय के 10 लोगों को कंबल उपलब्ध कराने से उनके चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दी। मौके पर जितेंद्र नाथ महतो ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब, असहाय व जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा कर्तव्य बनता है। उन्होंने मंच के अध्यक्ष गोपाल कुमार, सचिव कल्याण कुमार गोराई, उपाध्यक्ष मदन महतो व कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल को निर्देश दिया कि क्षेत्र के वैसे लोगों की मदद करें जो विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं और जानकारी के अभाव में सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। मौके पर माणिक हालदार, साधुचरण महतो, गोपाल महतो व प्रदीप कुमार महतो भी मौजूद थे।

# युवक की हत्या के बाद जंगल में फेंका, पांच दिन बाद पुलिस ने किया शव बरामद





प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा :** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र अंतर्गत काशियाबेड़ा के युवक पिथो मार्डी का शव शनिवार को पुलिस ने माछभंडार के धानतोपा जंगल से बरामद किया। मृतक विगत 12 जनवरी को अपने घर से बाइक लेकर निकला था। मृतक की पत्नी चांदमनी मार्डी द्वारा 15 जनवरी को पति के गुमशुदगी का मामला गुड़ाबांदा थाना में दर्ज कराया गया था। पुलिस के मुताबिक अज्ञात अपराधियों द्वारा हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार पिथो मार्डी चना बादाम बेचने का काम करता था। वह 12 जनवरी को किसी को बिना बताए बाइक से कहीं चला गया था। उसके बाद 14 जनवरी को उसका बाइक महेशपुर के निकट सड़क के किनारे पड़ा मिला। शनिवार को सूचना मिली कि धानतोपा जंगल में एक शव पड़ा हुआ है। शव की पहचान मृतक की पत्नी चांदमनी मार्डी ने की। जिसके बाद पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## सब स्टेशन में कर्मियों को हथियार के बल बंधक बनाकर लूट मामले में विधायक संजीव सख्त

**- संबंधित अधिकारियों को ठोस जांच कर जल्द उद्भेदन करने का निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका विधानसभा क्षेत्र के हाता विद्युत सब स्टेशन में शनिवार की रात्रि करीब 11 बजे वहां ड्यूटी पर तैनात दो कर्मचारियों को हथियार के बल बंधक बनाकर अज्ञात लोगों द्वारा की गई चोरी की घटना ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पोटका के विधायक संजीव सरदार सुबह 8 बजे विद्युत सब स्टेशन पहुंचे। विधायक ने मौके पर विद्युत सब स्टेशन में कार्यरत कर्मियों से घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाकर मामले की ठोस जांच करने और जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने के निर्देश दिए। विधायक ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और इन पर तुरंत कार्रवाई आवश्यक है। इस घटना ने विद्युत सब स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। प्रशासन और पुलिस की टीमें जांच में जुट गई हैं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मामले का उद्भेदन जल्द से जल्द किया जाए और सुरक्षा का बेहतर प्रबंध किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। विधायक के इस कदम की विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने प्रशंसनीय बताया।

## कांकीडीह टुसू मेला में उमड़ी भीड़, माघला को मिला पहला पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के कांकीडीह महुलतल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय टुसू मेला का आयोजन किया गया। रविवार को मेले के पहले दिन पटमदा, बोड़ाम, जमशेदपुर एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। मेला में कई दलों ने टुसू व चौड़ल लेकर शामिल हुए। महिलाएं देर शाम तक टुसू को माथे में लेकर मैदान में थिरकती नजर आईं। टुसू में पहला पुरस्कार हर गौरी टुसू दल माघला (बांदोवान) को 6 हजार, दूसरा पुरस्कार शाल पियाल टुसू दल गंगामान्ना को 5 हजार, तीसरा पुरस्कार मोहनपुर टुसू दल को 4 हजार रुपये दिया गया। इसके अलावे अन्य कई टुसू दलों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। शाम 5 बजे से पुरुलिया मानभूम डांस धमाका एवं रात्रि 10 बजे से छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दूसरे दिन सोमवार की दोपहर में पाता नाच व रात्रि में संथाली ड्रामा का आयोजन होगा। मेला के सफल संचालन में मुखिया दीपक कोड़ा, भास्कर माहली, अमर सोरेन, सागेन बेसरा, महेश्वर बेसरा, नकुल बेसरा, बुद्धेश्वर हेम्ब्रम, जगदीश हेम्ब्रम व चित्त मुर्मू समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## करीम सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों का एक दिवसीय ओरिएंटेशन विजिट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के गाइडेंस एंड काउंसलिंग विभाग द्वारा पीजीडीजीसी के छात्र-छात्राओं का रिनपास रांची का ओरिएंटेशन विजिट कराया गया। यह विजिट गाइडेंस एंड काउंसलिंग विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. जकी अख्तर के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस विजिट में 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जहां उन्हें अलग-अलग वार्ड में जाकर मानसिक रोगों से ग्रस्त मरीजों को देखने तथा उनकी समस्याओं को समझने का अवसर मिला। वहां उन्होंने ऑक्यूपेशनल थेरेपी और रिहैबिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया और समझा कि किस प्रकार मरीजों के अच्छे हो जाने के पश्चात उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त कराए जा सकते हैं। डॉ. जकी अख्तर ने अपने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मरीजों से अलग-अलग आमना सामना कराया जिससे विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए। इस तरह का निरीक्षण का मौका उनके लिए पहला था। इस विजिट में मनोविज्ञान विभाग करीम सिटी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. एसपी पांडा के साथ-साथ जमशेद अली का सराहनीय योगदान रहा।

## विद्या ज्योति स्कूल में विजेता टीम को विधायक दशरथ ने किया पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** विद्या ज्योति मिडिल स्कूल, सियाडीह ने अपना बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल दिवस 2025 आयोजित किया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साही भागीदारी देखी गई। यह आयोजन अपने छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और खेल कौशल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक नमूना था। समारोह की शुरुआत स्कूल बैंड के नेतृत्व में छात्रों के रंगारंग मार्च-पास्ट के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खेल के महत्व पर जोर देते हुए कार्यक्रम की शुभारंभ की एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और छात्रों को पढ़ाई और खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने स्प्रिंट, रिले और ड्रिल सहित विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में अपनी एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कई प्रकार के प्रदर्शन भी शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर एलेक्स डार्विन ने इस आयोजन को सफल बनाने में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके सामूहिक प्रयासों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, सचिव मुन्ना सोय, फादर एल्विन सीवी व फादर एलेक्स डार्विन आदि उपस्थित थे।

## तैलिक साहू महासभा ने भामाशाह की पुण्यतिथि पर बांटे कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में साकची (एमजीएम) भामाशाह गोलचक्कर में महादानवीर भामाशाह जी की 425 वीं पुण्यतिथि को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भामाशाह जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया गया। साथ ही जरूरतमंद 51 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर राकेश साहू ने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही इस गोल चक्कर पर भामाशाह जी की प्रतिमा लगाने का कार्य किया जाएगा। युद्ध के दौरान महाराणा प्रताप जी ने अपने मित्र भामाशाह से मदद मांगी थी फिर दानवीर भामाशाह जी ने अपना पूरा खजाना खोल दिया था, इसलिए उन्हें दानवीर भामाशाह कहा जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, शिवलोचन साह, महासचिव पप्पू साहू, गौतम साहू,बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, दीपक साहू, नंदकिशोर साहू, मुन्ना साहू,सूरज प्रसाद विद्यासागर चंद्रिका प्रसाद जितेंद्र प्रसाद सूरज प्रसाद सुनील साहू सुरेंद्र गुप्ता सत्यदेव प्रसाद, चंदन काशी कुमार, जयनाथ साह, सुनील दास, जितेंद्र साहू, सागर साहू, प्रवीण साहू, यशवंत साहू व सूरज प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पहली पत्नी के बेटे ने ही रची थी स्टूडियो संचालक के खिलाफ हत्या की साजिश, खुलासा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** सरायकेला -खरसावां जिले के चांडिल बाजार में 13 जनवरी को कल्पना स्टूडियो के संचालक दिलीप गोराई की हत्या मामले का खुलासा रविवार को चांडिल थाना में एसडीपीओ ने कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए हत्या में प्रयुक्त बाइक व अन्य सामानों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले में पुलिस ने घटना के तुरंत बाद उसकी दूसरी पत्नी के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। जिले के तेज तर्रार एसपी मुकेश कुमार लूणायत के निर्देशन में एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने 13 जनवरी की शाम को ही मृतक की पहली पत्नी पूर्णिमा गोराई के छोटे बेटे राकेश गोराई (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। पुलिस शुरू से सही दिशा में काम कर रही थी इसलिए 5 दिनों के अंदर ही इसका खुलासा हो पाया। पुलिस को राकेश से पूछताछ के क्रम में ही अहम सुराग मिला था और अन्य दो आरोपियों (सुपारी किलर) की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई थी। राकेश ने 65 हजार रुपए में हत्या का सौदा मुंहबोला भगिना 19 वर्षीय सुमित सोलंकी (पंचवटी नगर, सोनारी निवासी) से किया था। सुमित ने अपने सहयोगी 19 वर्षीय कैलाश कर्मकार (पंचवटी नगर, सोनारी निवासी) के साथ मिलकर दिनदहाड़े हत्याकांड को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से एक काले रंग की स्प्लेंडर बाइक (जेएच बीपी -5975), घटना के समय पहने गए वस्त्र की बरामदगी कर ली गई है। हालांकि स्टूडियो में दिनदहाड़े हुई हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी एवं हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल की बरामदगी हेतु पुलिस द्वारा प्रयास जारी है।

## टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने किया नवा सत्याग्रह जन चेतना पदयात्रा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नवा सत्याग्रह जनचेतना पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में रविवार को सुबह 8 बजे से आयोजित किया गया। पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड संगठन प्रभारी राज किशोर यादव शामिल हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का शुभारंभ टेल्को प्रखंड के अंतर्गत ट्यूब कंपनी के समक्ष बस्ती में महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं कांग्रेस के पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों व हमारे पूर्वजों ने भारत के संविधान की रचना की जिसे वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। हम सभी आम जनता को यह बात समझनी होगी कि हमारे पूर्वजों ने बलिदान देकर सीने पर गोलियों की बौछार खाकर, अनेकों प्रताड़ना से सहकर भारत की आजादी दिलाई और हमें स्वतंत्र कराया और पूरा देश पूरा राष्ट्र संविधान के नीति पर ही चल रहा है। इसे बदलना इससे छेड़छाड़ करना कभी भी हितकर नहीं होगा। मौके पर सामंता कुमार, सतीश कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष संध्या ठाकुर, अतुल गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, राजकुमार वर्मा , रविन्द्र मौर्य , जसवंत सिंह जस्सी सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## नहीं रहे पूर्व विधायक गुलाब सिंह बानरा व प्रसिद्ध चिकित्सक रंगाधर मिश्रा, विधायक गागराई ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब सिंह बानरा (85) एवं गरीबों के मसीहा व चाईल्ड डॉ. रंगाधर मिश्रा (92) का शनिवार की रात को निधन हो गया। सूचना पाकर स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने पूर्व विधायक गुलाब सिंह बानरा के पैतृक गांव कुचाई के तिलोपदा पहुंचे और उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्व बानरा काफी ईमानदार, मिलनसार व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने विधानसभा क्षेत्र का साइकिल से दौरा कर जनता की सेवा करते थे। वहीं खरसावां के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रंगाधर मिश्रा के अंतिम संस्कार में शामिल होकर विधायक ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्रा गरीबों के मसीहा थे। इस दौरान उदय सिंहदेव, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, भवेश मिश्रा व कालीया जामुदा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बोड़ाम में मनाया गया किसान मजदूर एकता दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रविवार को बोड़ाम के कांकीडीह में पूरे देश के साथ ऐतिहासिक किसान मजदूर एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष लोटन दास के नेतृत्व में हुआ। मौके पर लोटन दास ने कहा कि 1982 में आज ही के दिन किसान मजदूरों का देश भर में हड़ताल और जुलूस प्रदर्शन हुआ था, उस जुलूस पर पुलिस द्वारा गोली चलाने से 10 किसान प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी। इसलिए हर साल 19 जनवरी को किसान मजदूर एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है और किसान सरकार के सामने अपनी मांगों को रखते हैं। मांगों में मुख्य रूप से नई कृषि बाजार नीति वापस लेना होगा। चार लेबर कोड को समाप्त करना होगा। किसानों को सरकार द्वारा दिए गए वचन को लागू करना होगा। कल कारखानों, रेल, सरकारी दफ्तर व स्कूल आदि में रिक्त पदों को भरा जाए। मजदूरों , किसानों, महिलाओं पर आए दिन हो रही दमन पीड़न पर लगाम लगे। देश में जात पात, धर्म को आधार बनाकर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों पर लगाम लगाना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माणिक, डोमन, गुरुपद , नियति, आलोमति, बुकु, आशुतोष, बालिका, हीरु, विकास, सरस्वती, सजनी, पार्वती, जयदेव व सुजीत आदि मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# दैवीय भी है महाकुंभ

**बहुत** लंबे 144 सालों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आरंभ हुआ है। पहले ही दिन, 13 जनवरी को लोहड़ी पर्व पर, करीब 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह विश्व कीर्तिमान है। पावन 'मकर संक्रान्ति' के दिन अमृत, शाही स्नान साधु-संतों और नागा संन्यासियों ने किया। यह आदि शंकराचार्य की देन है, जिन्होंने सनातन धर्म के लिए साधु-संतों को एकीकृत कर अखाड़े बनाए। आज हमारे यहां 13 अखाड़े सक्रिय हैं। उनका अपना आध्यात्मिक, वैचारिक दर्शन और कर्मकांड हैं, लेकिन उनकी आत्मा में सनातन बसा है। वे सभी सनातनी आस्था के पैरोकार और प्रवक्ता हैं। वे शैव, वैष्णव, उदासीन, महानिर्वाणी, निर्मल नामधारी अखाड़े हो सकते हैं, लेकिन उनकी जुबां से 'हर-हर गंगे', 'हर-हर महादेव', 'जय श्रीराम' के उद्घोष ही गूंजते हैं। नागा संन्यासियों के भस्म-शृंगार को देखकर तो महादेव के शिवगण याद आने लगते हैं। महाकुंभ मौजूदा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, बहुराष्ट्रीय, बहुनस्लीय, बहुभाषीय, दैवीय जन-समागम है। अनुमान है कि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु 'आस्था के स्नान' में शामिल हो सकते हैं। यह आंकड़ा अमरीका की कुल आबादी से भी बहुत ज्यादा है, लिहाजा श्रद्धालुओं के लिए चौतरफा व्यवस्थाएं की गई हैं। केंद्र और उप्र सरकार का 15,000 करोड़ रुपए का बजट खर्च हो सकता है, लेकिन कंपनियां अभी तक 3000 करोड़ रुपए अपने ब्रांड की उपस्थिति पर खर्च करने की घोषणाएं कर चुकी हैं। यह आयोजन हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी सहायक साबित होगा। यदि दुनिया को किसी समारोह के आयोजन का सफल प्रबंधन, करोड़ों की भीड़ का मानवीय प्रबंधन और चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था का पाठ पढ़ना हो, तो प्रयागराज महाकुंभ का अध्ययन करना चाहिए। कुछ श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ गया था। वे सभी स्वस्थ हैं और अस्पताल में उनका तुरंत इलाज किया गया है। इसी तरह कुछ श्रद्धालु अपने परिजनों से बिछुड़ गए थे, अंततः उन्हें मिला दिया गया। ये आयोजन की सफलताएं ही हैं। सरकार ने चप्पे-चप्पे पर 45,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। शीर्ष अधिकारी भी ड्यूटी पर हैं। सतत निगरानी और चौकसी के लिए करीब 3000 सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क, नियंत्रण-कक्ष तैयार किया गया है। कल्पना करें कि करोड़ों श्रद्धालु दुनिया भर से आ रहे हैं, लेकिन किसी भी भगदड़ की गुंजाइश नहीं है। हम 1954 की त्रासद घटना से सबक सीख कर बहुत आगे बढ़ चुके हैं। इस बार 450 किलोमीटर की लंबाई जैसी सडक़ें बनाई गई हैं। स्नान के अलग-अलग रूट तय किए गए हैं। शौचालयों की संख्या भी 1.5 लाख बताई गई है। तैरने वाले पुल भी बनाए गए हैं। दरअसल यह अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय जन-सैलाब का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आयोजन है, जिसका इतिहास और अतीत दैवीय भी है। महाकुंभ से देवराज इंद्र के पुत्र जयंत की अमृत-कलश सुरक्षित ले जाने और अमृत की कुछ बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में छलक जाने की कहानी सर्वविदित है। कुंभ के आयोजन इन्हीं चार स्थलों पर होते रहे हैं, लेकिन महादेव द्वारा पुणे के पास सह्याद्रि पर्वत पर 'भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग' की स्थापना का प्रकरण भी महाकुंभ से जुड़ा है। भीमा एक असुर था। माता पार्वती को मुक्त कराने के संदर्भ में महादेव को भीमासुर के साथ युद्ध करना पड़ा। युद्ध के कारण वह सुंदरवन आग की लपटों में घिर गया। पशु-पक्षी और जानवर जान बचाने के लिए बेतहाशा भागने लगे। तब एक वृद्धा देवी ने कुपित होकर वहां उपस्थित ब्रह्मा, विष्णु, इंद्र, गणेश, नंदी और शिवगणों को श्राप दिया था। उन सभी के शरीर पर फफोले उभर आए थे। तब महादेव ने प्रयागराज में महाकुंभ के संगम स्नान का सुझाव दिया था।

1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह विश्व कीर्तिमान है। पावन 'मकर संक्रान्ति' के दिन अमृत, शाही स्नान साधु-संतों और नागा संन्यासियों ने किया। यह आदि शंकराचार्य की देन है, जिन्होंने सनातन धर्म के लिए साधु-संतों को एकीकृत कर अखाड़े बनाए। आज हमारे यहां 13 अखाड़े सक्रिय हैं। उनका अपना आध्यात्मिक, वैचारिक दर्शन और कर्मकांड हैं, लेकिन उनकी आत्मा में सनातन बसा है। वे सभी सनातनी आस्था के पैरोकार और प्रवक्ता हैं। वे शैव, वैष्णव, उदासीन, महानिर्वाणी, निर्मल नामधारी अखाड़े हो सकते हैं, लेकिन उनकी जुबां से 'हर-हर गंगे', 'हर-हर महादेव', 'जय श्रीराम' के उद्घोष ही गूंजते हैं। नागा संन्यासियों के भस्म-शृंगार को देखकर तो महादेव के शिवगण याद आने लगते हैं। महाकुंभ मौजूदा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, बहुराष्ट्रीय, बहुनस्लीय, बहुभाषीय, दैवीय जन-समागम है। अनुमान है कि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु 'आस्था के स्नान' में शामिल हो सकते हैं।

## मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है

# क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत ?

निर्मल रानी

**विश्व** का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फ़ीले तूफ़ान से क़रीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफ़ान बीते एक दशक का सबसे ख़तरनाक तूफ़ान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फ़ीले तूफ़ान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि 'इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फ़बारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फ़बारी हो सकती है।' जहाँ इस बर्फ़ीले तूफ़ान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेक़ाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हज़ारों एकड़ के इलाक़े में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हज़ारों आलीशान मकान और लाखों बेशक़ीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज़ भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुक़सान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक क़रीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुक़सान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज़ हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाक़ों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फ़िल्म इंडस्ट्री का काफ़ी बड़ा इलाक़ा और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फ़ायर फ़ाइटर्स



स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ़ होल्ज़ को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुक़सान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। ग़ौरतलब है कि दोनों देशों के काफ़ी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। ज़ाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुक़सान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और ? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक ख़बर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाक़े में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता ? वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिज़ाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेज़ी से पिघल रहे हैं। इतनी तेज़ी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाक़े जहाँ के लोग बारिश और बर्फ़बारी से वाक़िफ़ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फ़बारी की ख़बरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुँचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित परन्तु जलवायु संकट को ख़ुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते ख़तरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व ग़रीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त ज़रुरत है।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फ़ीले तूफ़ान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि 'इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फ़बारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फ़बारी हो सकती है।' जहाँ इस बर्फ़ीले तूफ़ान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेक़ाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हज़ारों एकड़ के इलाक़े में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है।

दृष्टि कोण

# सियासत में सैन्य भागीदारी पर उदासीनता

**पंद्रह** जनवरी 1949 को ब्रिटिश सैन्य अधिकारी जनरल 'सर फ्रांसिस रॉय बुचर' से जनरल 'केएम करियप्पा' ने भारतीय सेना की कमान संभाली थी। अतः इस दिन को 'सेना दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। जनरल करियप्पा 14 जनवरी 1953 को सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। इसलिए 14 जनवरी का दिन 'आर्म्ड फोर्सेज वेटरन डे' के रूप में मनाया जाता है। विश्व की चौथी ताकतवर भारतीय सेना का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। विश्व के कई मुल्क अराजकता व आतंकवाद की जद में आ चुके हैं। यदि आतंक की हिमायत करने वाले मुल्कों से घिरे भारत की सरहदें सुरक्षित हैं, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान, न्यायिक व्यवस्था, लोकतंत्र के स्तम्भ व जम्हूरियत के नाम पर हुक्मरानी करने वाले सियासी रहनुमा महफूज हैं तो इसका श्रेय कड़े अनुशासन के लिए विख्यात भारतीय सेना को जाता है। चूंकि राष्ट्रीय सुरक्षा में हरदम मुस्तैद रहने वाली भारतीय सेना सियासत व संवैधानिक संस्थाओं में दखलअंदाजी नहीं करती। दहशतगर्दी की दारुल हुकूमत पाकिस्तान से सटे जम्मू कश्मीर में यदि पत्थरबाजी की घटनाएं शून्य हुई हैं तथा आतंक का खौफनाक माहौल काफी हद तक शांत होकर सूबे में जम्हूरी निजाम नाफिज हुआ है तो इस अमन-चैन को कायम करने में देश के हजारों शूरवीर सैनिक अपना सर्वस्व न्योछावर कर चुके हैं। पाकिस्तान प्रायोजित छद्म युद्ध सबसे ज्वलंत मुद्दा है। आतंकियों को फना करके हमारे सैनिक बलिदान हो रहे हैं। पाकिस्तान, नेपाल व भू-माफिया चीन जैसे मुल्कों के साथ भारत का सरहदी तनाजा चल रहा है। भारत के पूर्वोत्तर में बांग्लादेश एक चुनौती बनकर उभर चुका है। म्यांमार की सरहद से रोंहिग्या की घुसपैठ मुसीबत का सबब बन चुकी है। मुल्क के सियासी रहनुमा अपनी जाति, मजहब की पुरजोर हिमायत करते हैं। लेकिन सैन्य शहादतें व रक्षा क्षेत्र से जुड़े संवेदनशील मुद्दे संसद में चर्चा का मरकज नहीं बनते। इसका कारण जम्हूरियत के हुजरों में बैठकर जाति, मजहब व क्षेत्रवाद की सियासी तस्वीह घुमाने वाले मुल्क के रहबर सामरिक क्षेत्र की जमीनी हकीकत से नावाकिफ होते हैं। इसीलिए जम्हूरियत की पंचायतों में आतंकवाद व मुल्क की सरहदों से जुड़े मुद्दों की आवाज नहीं सुनाई देती। सैन्य शौर्य का श्रेय लेने के प्रयास जरूर होते हैं, मगर सैन्य शहादतों की अहमियत नहीं समझी जाती। नतीजतन मैदान-ए-हर्ब में दुश्मन को धूल चटाकर अदम्य साहस के शिलालेख लिखने वाली भारतीय सेना को सियासी मुजाकरात के टेबलों पर शिकस्त का सामना करना पड़ा है। 'ओआरओपी' के लिए पूर्व सैनिकों को चार दशकों तक जंतर-मंतर पर आंदोलन करना पड़ा। कला, साहित्य व समाज सेवा के क्षेत्र का व्यावहारिक अनुभव रखने वाले बारह सदस्य देश के राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाते हैं। मायानगरी के अदाकार, उद्योगपति व कई खिलाड़ी भी राष्ट्रपति द्वारा चुने जाते हैं। लेकिन मोहिब्बे वतन के जज्बात रखने वाले पूर्व सैनिकों को इस फेहरिस्त में शामिल नहीं किया जाता। राष्ट्र व लोकतंत्र की हिफाजत के लिए अपना पूरा यौवन समर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों की सियासी निजाम में भी भागीदारी सुनिश्चित नहीं हुई। हालांकि मैदाने जंग में दुश्मन को फना करके फतह हासिल करने वाले कई पूर्व सैनिकों ने जम्हूरियत की जंग में भी हाथ आजमा कर इंतेखाब में जीत हासिल करके अपने सियासी नेतृत्व से लोगों को प्रभावित किया है। मेजर जनरल बीएस खंडूरी, कैप्टन अमरेंद्र सिंह, बेअंत सिंह, बीजू पटनायक व एन. बीरेन सिंह जैसे पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री के तौर पर खुद को लोकतांत्रिक व्यवस्था का काबिल हुक्मरान साबित किया है। कई पूर्व सैनिक प्रशासनिक सेवाओं व शिक्षा क्षेत्र तथा राज्यपाल के तौर पर अपनी अनुशासित कार्यशैली से ड्यूटी निभा रहे हैं। यदि वीरभूमि हिमाचल के सैन्य शौर्य का जिक्र न किया जाए तो भारतीय सैन्य इतिहास अधूरा रह जाएगा। हिमाचल प्रदेश के प्रथम उप राज्यपाल 'हिम्मत सिंह' तथा छठे उप राज्यपाल 'कंवर बहादुर सिंह' दोनों जरनैल भी पूर्व सैनिक थे। सशस्त्र बलों में हिमाचल की अहम भूमिका व मजबूत सैन्य परंपरा रही है। सूबे के सियासी रहनुमाओं को सत्ता के फलक तक पहुंचाने में भी पूर्व सैनिकों व सैन्य परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिमाचल प्रदेश के सैन्य भर्ती कोटे में बढ़ोतरी का मुद्दा राज्य के लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। युवाओं को एक वर्ष में सैन्य भर्ती के ज्यादा अवसर मिलने चाहिए। राज्य में सैनिक स्कूलों की संख्या में इजाफा होना चाहिए। राज्य के कई पूर्व सैनिकों का सियासी सफर भी काबिले तारीफ रहा है।

कुछ अलग

# एप केरा एपुरा

**गया** वो बचपन जब दादा दादी, नाना नानी को घोड़ा बनाकर उनकी पीठ पर सवारी किया करता था। गया वो जमाना जब पिता के कंधे पर सवारी का आनंद लेते दूर दूर तक देखा करता था, पिता से भी बहुत आगे तक। गया वो जमाना जब मां की गोद में मां की थपथपियों के बीच लोरियां आंख बंद कर सोने का नाटक करते सुनी जाती थीं। गया वो जमाना जब बहन भाई की पीठ का आनंद लिया करती थी। गया वो जमाना जितना मजा जब दादा, नाना को दादा, नाना होते हुए भी घोड़ा बनने पर आता था, उससे अधिक आनंद तब नाती, पोते को नाना, दादा की पीठ की सवारी करने में आता था। अपने नाती पोते को अपनी पीठ की सवारी करवा तब उन्हें लगता था ज्यों घोड़ा बनकर भी उन्हें स्वर्ग मिल गया हो। अपने नाना दादा की पीठ पर सवार हो तब नाती पोते को लगता था ज्यों वह नाना, दादा की पीठ पर सवार न होकर पुष्पक विमान की सवारी कर रहा हो। तब दादा दादी, नाना नानी खांसते हुए भी अपने पोते, नाती का घोड़ा बन उसे पीठ पर बिठा सारी दुनिया की सैर करवाते थे। जमाना बदला तो दादा दादी, नाना नानी, पिता, भाई की पीठ के बदले नाती, पोता, बेटा, बहन छोटे छोटे यार दोस्त दोस्तों की पीठ की सवारी करने के बदले लकड़ी के घोड़े की सवारी करने लगे। फिर जमाना बदला तो लकड़ी के घोड़े की सवारी के बदले अपनी उम्र के हिसाब से वॉकर का सवार हो गए और दादा दादी, नाना नानी, पिता, भाई बहन, दोस्त की उंगली पकड़ कर चलना सीखने के बदले वॉकर पर सवार हो चलना सीखने लगे। फिर जब मिडिल क्लास के बाप की जेब में कुछ एकस्ट्रा पैसे आए तो कुछ लोन शोन का जुगाड़ कर बाप साइकिल, मोटर साइकिल पर अपने बच्चे को सवार कर उसे जिंदगी की रेस में रेस लगाना सिखाने लगे। अब दिन एप की सवारी के हैं। एप पर सवार ख्वारी के हैं। बच्चा पैदा होते ही मां की गोद में नहीं, एप की गोद में जाकर लोरियां सुनता सोता है। अब बच्चा एप की उंगलियां पकड़ चलना सीखता है। अब बच्चा एप के कंधे पर सवार होकर दुनिया देखता है। अब बच्चा दादा, नाना, पिता, मां, भाई की पीठ की सवारी करना भूल गया है। अब बच्चा दादा, नाना, पिता, मां, भाई की उंगली पकड़ चलना सीखना भूल गया है। आज न किसी को अपनी पीठ की सवारी कराने का किसी के पास वक्त है और न किसी के पास किसी की पीठ की सवारी करने का। आज कदम कदम पर एप अपनी सवारी करवाने को सज धज कर खड़ा है। किसी को धन से लेकर मन तक उधार देना हो तो एप है साहब ! किसी से मन से लेकर धन तक उधार लेना हो तो एप है न साहब ! अब एप की सवारी कीजिए और जिंदगी के मजे लीजिए। प्रेम से लेकर प्यार, मनुहार सब एप पर। अब शादी ब्याह के लिए कोई बिचौलिया नहीं। एप पर गए और ढूंढ लिया मन चाहा वर। एप है तो क्या गम है। एप है तो गांव स्वर्ग सिधारे बाप को अपने बेटे के हाथों मुखाग्नि दिलवा स्वर्ग जाने की रत्ती भर भी नहीं टेंशन है। एप पर पंडितजी हाजिर। एप पर प्रभु के लाइव दर्शन ! एप पर प्रभु का प्रसाद। एप पर समाज की शांति, एप पर समाज का प्रमाद, उन्माद। आज जीव के पास भले ही हर चीज की कमी हो, पर एप की कोई कमी नहीं है। फाइनेंस सेट करना है तो बस, अपने मोबाइल के एप को टच भर करने की जरूरत है। कैम स्कैनर एप से लेकर आम स्कैमर तक का एप हमारी मु_ी में है। एप जन्मघुट्टी है। एप नौकरी है, एप छुट्टी है। एपिया जिंदगी कुछ सच्ची है, बहुत कुछ झुट्टी है। एप केरा एपुरा, अस एपी की जात। एप पर ही जागत है, एप पर सो जात।

देश दुनीया से

# क्या ठीक हैं यूजीसी के नए नियम?

**भारत** में शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव किए गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हाल ही में एक ड्राफ्ट जारी किया है, जिसमें शिक्षक नियुक्ति और प्रमोशन के नए नियम पेश किए गए हैं। इस ड्राफ्ट का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की योग्यता और उनकी विशेषज्ञता को प्राथमिकता देना है, ताकि शिक्षा प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। अब तक शिक्षक बनने के लिए यह अनिवार्य था कि उम्मीदवार का ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी या नेट एक ही विषय में हो। लेकिन यूजीसी ने इस बाध्यता को समाप्त कर दिया है। नए नियमों के अनुसार यदि उम्मीदवार ने ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किसी भी विषय में किया हो, तो भी वह शिक्षक बन सकता है, बशर्ते कि उसके पास पीएचडी या नेट किसी संबंधित विषय में हो। शिक्षक नियुक्ति अब ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के विषय पर निर्भर नहीं करेगी, बल्कि केवल उम्मीदवार की पीएचडी और नेट क्वालिफिकेशन पर आधारित होगी। इस बदलाव से न केवल शिक्षण में अधिक लचीलापन आएगा, बल्कि उम्मीदवारों को अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप करियर बनाने का बेहतर अवसर मिलेगा। अब शिक्षक भर्ती केवल परंपरागत विषयों तक सीमित नहीं रहेगी। योग, संगीत, नाटक, मूर्तिकला और अन्य परफॉर्मिंग आर्ट्स में विशेषज्ञता रखने वाले लोग भी शिक्षक बन सकेंगे। शिक्षक भर्ती और प्रमोशन अब केवल शैक्षणिक डिग्रियों पर निर्भर नहीं रहेगा। इसके बजाय, उम्मीदवार के अनुभव, कौशल और शैक्षणिक प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाएगा। नए नियमों के तहत भारतीय भाषाओं में एकेडमिक पब्लिकेशन और डिग्री प्रोग्राम्स को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय भाषाओं का विकास होगा और छात्रों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करने के अधिक अवसर मिलेंगे। उम्मीदवार अब नेट या सेट में क्वालिफाई करने वाले किसी भी विषय में शिक्षण करियर बना सकते हैं, भले ही उनका ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन उस विषय से अलग हो। यूजीसी ने न केवल शिक्षक भर्ती, बल्कि प्रमोशन के नियमों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। शिक्षक प्रमोशन अब केवल डिग्री पर आधारित नहीं होगा। प्रमोशन के लिए शिक्षकों के अनुभव, कौशल और शिक्षण प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। कला, खेल और अन्य पारंपरिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले शिक्षकों को भी प्रमोशन में समान अवसर दिए जाएंगे। दिव्यांग खिलाडियों और अन्य विशेष प्रतिभाओं को भी शिक्षण क्षेत्र में समान अवसर मिलेगा। नए नियमों से परफॉर्मिंग आर्ट्स, योग, संगीत और पारंपरिक विषयों में विशेषज्ञता रखने वाले लोगों के लिए शिक्षण क्षेत्र में प्रवेश आसान होगा। नई प्रक्रिया भारत की शिक्षा प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएगी। ड्राफ्ट का फोकस भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने और उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने पर है। नए नियम दिव्यांग, खिलाडियों और अन्य विशेष क्षेत्रों से जुड़े लोगों को समान अवसर प्रदान करेंगे। देश के कुछ राज्यों द्वारा इन प्रस्तावित सुधारों का विरोध किया जा रहा है। तमिलनाडु विधानसभा ने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के संशोधित नियमों की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में तर्क दिया गया है कि नए नियम राज्य की स्वायत्तता का उल्लंघन करते हैं और उसके हायर एजुकेशन सिस्टम को कमजोर करते हैं। बता दें कि विवाद के केंद्र में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपालों को अधिक अधिकार देने का निर्णय है। यूजीसी का तर्क है कि विश्वविद्यालयों के लिए अधिक स्वायत्तता और शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ये बदलाव आवश्यक हैं। हालांकि तमिलनाडु सरकार का तर्क है कि यह कदम राज्य के अधिकारों का उल्लंघन करता है और अपनी शिक्षा प्रणाली को संचालित करने की उसकी क्षमता को कमजोर करता है। कुछ राज्यों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यह संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन है और इसका छात्रों के भविष्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। यह भी कहा गया है कि राज्य को अपनी शिक्षा प्रणाली को संचालित करने का अधिकार है और यूजीसी की कार्रवाई उसके अधिकार का अतिक्रमण है। यूजीसी ने नियम बनाए हैं कि कुलपति के चयन के लिए गठित की जाने वाली चयन समिति का निर्णय राज्यपाल करेंगे। कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल को देना विश्वविद्यालयों को बर्बाद करने का ही तरीका है। राज्यपालों को मनमाने ढंग से कुलपति नियुक्त करने के लिए अधिक अधिकार देना उचित नहीं है। प्रस्तावित सुधारों की आलोचना में यह भी कहा जा रहा है कि इन नियमों को राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों और आर्थिक ताकत से बनाए गए विश्वविद्यालयों को हड़पने का अवैध प्रयास माना जाना चाहिए। यह नियम संघीय सिद्धांत के विरुद्ध है। शिक्षा पर केवल जनता द्वारा चुने गए लोगों का ही अधिकार होना चाहिए। तभी सभी लोगों को पूर्ण रूप से शिक्षा प्रदान की जा सकती है। यूजीसी के ड्राफ्ट नियमों को लेकर कहना न होगा कि इससे जमीनी और मौलिक टैलेंट अकादमिक क्षेत्र में लाने के रास्ते बन सकते हैं। कई छात्र काबिलीयत के बावजूद पात्रता परीक्षा पास करने में कामयाब नहीं हो पाते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि वे अच्छे प्राध्यापक नहीं बन पाएंगे। क्या आचार्य चाणक्य जी ने पात्रता परीक्षा पास की थी? क्या राज्यों द्वारा राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए इन नियमों का विरोध तुच्छ मानसिकता की अभिव्यक्ति है? यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के ड्राफ्ट मानदंडों के मुताबिक इंडस्ट्री के एक्स्पट्र्स के साथ-साथ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक पॉलिसी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सीनियर प्रोफेशनल भी कुलपति के रूप में नियुक्ति के लिए जल्द ही पात्र होंगे।




आप का नजरीया

# हिमाचली कलाकारों का पारिश्रमिक

**हिमाचल** के यूं तो हर विभाग का ताल्लुक पर्यटन से है, फिर भी यह कहना होगा कि कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभी पहलू सैलानियों के दृष्टिगत कई आयाम पैदा कर सकते हैं। यह दीगर है कि कला एवं संस्कृति से इतर भाषा का पक्ष अपनी कहानी में साहित्यकारों के किरदार को ही उन्नत करता रहा। इन्हीं उद्देश्यों में अकादमी भी अपने समारोहों की खनक में रूबरू होती है। बहरहाल मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की समीक्षा बैठक ने कलाकारों के पारिश्रमिक को एक आधार, एक पतवार थमाई है। अधिसूचित 107 मेले और तमाम धार्मिक समारोह व आयोजन जोडक़र इनकी क्षमता का आकलन किया जाए, तो हिमाचल का कलात्मक पक्ष रोजगार की दरगाह बन सकता है। जाहिर तौर पर कवि सम्मेलनों के बंद दरवाजों से इतनी रचनाएं भी बाहर नहीं निकलतीं कि श्रोता के कान कुछ सुन पाएं। कम से कम राष्ट्रीय त्योहारों के अवसर पर सार्वजनिक रूप से साहित्यकारों के मार्फत कुछ तो अभिव्यक्ति ऐसी हो कि श्रोता वाह 'भाषा विभाग' कह पाएं। कम से कम कलाकारों ने अपनी साधना से सार्वजनिक मंचों पर इसलिए स्थान ग्रहण किया क्योंकि उनके प्रशंसक वहां मौजूद थे। वे हिमाचली गीत-संगीत की परंपराओं का संरक्षण करते हुए अपनी विधा के पैगंबर बने, वरना लगातार तौहीन के कारण आज यह अवसर न आता कि कुछ संध्याएं उन्हें मिल पातीं। संस्कृति की समीक्षा बैठक अगर समारोहों के कुल व्यय की तैंतीस प्रतिशत पूंजी को स्थानीय कलाकारों के नाम कर रही है, तो यह फार्मूला एक राह दिखाने लगा है। हम यह तो नहीं कह सकते कि यही अंतिम अधिकार या न्याय है, फिर भी कला पारिश्रमिक की एक शुरुआत तो जरूर होगी। इस संदर्भ में पूरी समारोह संस्कृति को एक सांचे की कसावट और बनावट में ढालना पड़ेगा ताकि मेले, सांस्कृतिक समारोह और धार्मिक आयोजन एक पैरामीटर और व्यवस्था के तहत पारदर्शिता के साथ जवाबदेह हों। अभी तक न तो इनमें निरंतरता आ रही है और न ही इनकी क्षमता का मूल्यांकन हो रहा है। जहां और जब कभी सियासत का पलड़ा भारी होता है, ये सांस्कृतिक समारोह भी एक दुर्ग के मानिंद अपना नाच दिखाते हैं और हास्यास्पद स्थिति यह कि पड़ोसी राज्यों के गायकों को बिना किसी परिपाटी या दिशा-निर्देशों के ही अधिकतम पारिश्रमिक से नवाजा जाता है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि राज्य स्तरीय मेला एवं उत्सव विकास प्राधिकरण का गठन करके तमाम आयोजनों के आय-व्यय को स्थायी दिशा-निर्देशों व जवाबदेह व्यवस्था के तहत संचालित किया जाए। कला का प्रदर्शन केवल गायन या नृत्य ही नहीं, बल्कि कामेडी, हास्य-व्यंग्य रचनाएं, लोक कलाएं, खानपान, पुस्तक मेले तथा नाट्य शैलियां भी हो सकती हैं। आश्चर्य यह कि राजनेताओं की पर्चियों पर कलाकारों का चयन होने लगा है, जबकि मेला एवं उत्सव विकास प्राधिकरण के तहत कलाकारों के वर्गीकरण एवं चयन की एक पद्धति स्थापित करनी चाहिए और इसी के अनुरूप सभी कलाकारों के साथ वार्षिक कांट्रैक्ट होना चाहिए। किस कलाकार को साल में कितने अवसर किस पारिश्रमिक दर से मिलेंगे, यह तय करने की जरूरत है।

# सांसद कालीचरण सिंह ने उत्तर झारखंड संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया उदघाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एकल अभियान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय (आवासीय) उत्तर झारखंड संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद कालीचरण सिंह ने की। इस मौके पर नन्दलाल केशरी, पंकज दुबे, विनय सिंह, पवन राय, विवेक सिंह, विकास केशरी, विनोद जैन, दुलाल ठाकुर आदि ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि कर किए। इस प्रतियोगिता में उत्तर झारखंड के 11 जिले से लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेरहे है।अतिथियों का स्वागत दुमका एकल की टीम ने ढोल नगाड़े एवं पारंपरिक नृत्य के साथ बहनों द्वारा पुष्प वर्षण कर की। समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि एकल के अनुशासनात्मक और सुव्यवस्थित टीम व्यवस्था एवं आयोजन को देख आयोजन समिति की भूरी भूरी प्रशंशा की और क्षेत्र की पावन धरती पर टीम को स्वागत करते हुए राष्ट्र सेवा के लिए उत्प्रेरित किया। वही एकल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार राय ने कहा कि यह संस्था राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त संस्था है जो देश के वनवासी, पिछड़े क्षेत्रों में देश में लगभग डेढ़ लाख विद्यालय का संचालन कर लोगों को पंचमुखी सिद्धांत पर काम करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रही है। महिलाओं की कबड्डी में चतरा और कोडरमा फाइनल में पहुंच गई है। समारोह मे सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह कुमार विवेक, मां भद्रकाली कॉलेज के प्राचार्य दुलाल ठाकुर, बिनोद जैन, आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार केशरी सांसद प्रतिनिधि (कला संस्कृति पर्यटन एवं खेल कूद ) सचिन्द्र पासवान, भरत सिंह, मनोरमा कुमारी, एवम सैकड़ों कार्यकर्ता अपना योगदान दे रहे है।

# पुलिस ने पेड़ से लटका हुआ युवक का शव किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** थाना क्षेत्र के परहियाडीह जंगल से एक बरगद के पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। मृतक युवक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव निवासी रंजय पासवान(24) पिता सियाराम पासवान के रूप में किया गया है। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया है। इधर मृतक के भाई राजकपुर पासवान ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि रंजय पासवान की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसके शव को पेड़ से लटका दिया गया है। रंजय पासवान बीते शुक्रवार को प्रतापपुर दोस्त से आधार कार्ड मांगने गया था। तब से वह अपने घर नही आया था।जिसके बाद परिवार में काफी खोजबीन किया।रविवार को ग्रामीणो के द्वारा सूचना मिला की परहियाडीह जंगल में पेड़ से एक युवक की शव लटका हुआ है। सूचना पर जंगल में जाकर देखा की मेरा भाई का शव लटका हुआ है। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दिया गया।आगे



बताया कि भाई का हत्या प्रेम-प्रसंग के चक्कर में हत्या किया गया है। कुछ दिन पहले प्रेमिका के परिजनों ने फोन पर हत्या करने की धमकी दिया था। मृतक की पत्नी पुनम देवी के दो पुत्री व एक पुत्र है। घटना की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।मालूम हो कि मृतक मुंम्बई में मजदूरी का काम करता था। लगभग पच्चीस दिन पहले घर आया था। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि परहियाडीह जंगल से रंजय पासवान का शव बरामद कर कब्जे में लिया गया है। तथा शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया है। पुलिस फांसी व हत्या के दोनो पहलूओं सहित कई विन्दुओं पर जांच करेगी साथ दोषियो को किसी भी हालत में नही बख्शा जाएगा।

## हाथियों का बढ़ा आतंक, तुलसी साहू का गेहूं का फसल किया नष्ट



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के खपिया गांव में इन दिनों हाथियों का कहर बढ़ा हुआ। आए दिन हाथियों का झुण्ड ने किसानों के फसल पर हमला बोल कुछ तो खाते हैं कुछ अपने पैरों तले रौंद कर नष्ट कर दे रहे हैं। वैसे में ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों भगाने का अपील किया है। वहीं क्षति पूर्ति का मुआवजे की भुगतान करने की बात कहा है। इधर गांव के हीं तुलसी साहू का कहना है कि जंगली हाथियों का नित्यप्रतिदिन कहर बढ़ता जा रहा है जिससे किसानों का मेहनत को अपने पैरों तले रौंद कर नष्ट कर दे रहा है। मेरा भी गेहूं का खेत को हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया गया है। वहीं मेरे जैसे कई किसानों का फसल बर्बाद कर कर दिया है। जिससे आर्थिक क्षति हुई है।

## तथा कथित कंपनी द्वारा वन व सरकारी भूमि से अवैध मिट्टी खनन कर करोड़ों का लगा रहा है चुना



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा कोयलांचल क्षेत्रों में इन दिनों जंगलों को मैनेजिंग के नाम पर ठेकेदार और प्राइवेट कंपनियों द्वारा अवैध पेड़ों की कटाई तथा मिट्टी का उत्खनन कर लूटमार का कोहराम मचा हुआ है।वहीं दोनों टंडवा वन प्रक्षेत्र के शिवपुर नवडीहा सहित आसपास वन व सरकारी भूमि में मिट्टी की अवैध खनन कर एक निजी कंपनी इस्तेमाल को लेकर सुर्खियों में है। अवैध मिट्टी उत्खनन से झारखंड सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान कंपनी द्वारा लगाया जा रहा है। जहां अन्य खनिजों की तरह मिट्टी भी खनिज संपदा के दायरे में आता है। जिसका खनन और उपयोग जिला खनन कार्यालय के खनन पट्टा तथा लीज तथा राजस्व जमा करने के उपरांत हीं करने का नियम संगत है।किंतु एक कथित कंपनी के द्वारा इसके विपरीत कार्य किया जा रहा है। आपको बता दें कि शिवपुर स्थित प्राइवेट कोल साइडिंग कार्य में लगे गोदावरी कंपनी के द्वारा शिवपुर के आसपास वन भूमि, गैर मजरूवा सरकारी भूमि से बिना सरकारी आदेश का मिट्टी जैसे मूल्यवान खनिज पदार्थ का अवैध खनन कर निजी कार्य में इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे तथा कथित कुछ लोग गांव के विकास की बात कह कर कार्य को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। कंपनी के द्वारा दलित गांव को भी प्रदूषित किया जा रहा है। वहीं गांव के बीचो-बीच अवैध रूप से भारी वाहनों का परिचालन करवाया जा रहा हैं। स्थानीय मुखिया सुबेश राम ने कहा सभी कंपनियों के मनमानी चरम पर हैं। नियमों के दरकिनार कर तथा ताख पर रख कर कार्य किया जा रहा है जिससे सरकार सहित गांव वाले को भी भारी नुकसान सहना पड़ रहा है। और वन विभाग में लगे पेड़ों के साथ मिट्टी का खनन कर नुकसान किया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीण आक्रोषित हैं और उपायुक्त चतरा से वैसे तथा कथित कंपनियों पर कानूनी कारवाई करने की मांग की है। **नियम क्या कहता है :** खेतों से मिट्टी उठाने से पूर्व खनन विभाग व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों के मुताबिक जमीन स्तर से लेकर डेढ़ मीटर तक हीं मिट्टी उठाई जा सकती है, लेकिन इससे पूर्व संबंधित विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। साथ ही निर्धारित राशि जमा करानी पड़ती है, जिसके बाद कोई भी जमीन मालिक अपनी जमीन से मिट्टी उठा सकता है। बिना अनुमति के मिट्टी उठाना कानूनन अपराध है, जिसके चलते आरोपी को जुर्माने के साथ सजा का प्रावधान भी किया गया है।

## दांगी समाज का जिला स्तरीय मिलन सह पिकनिक समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मणपुर डैम के पास मैदान में रविवार को आल इंडिया दांगी क्षेत्रिय संघ के बैनर तले मिलन सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन जिला स्तरीय दांगी क्षत्रिय संघ का जिला अध्यक्ष सिताराम दांगी व उनकी टीम के नेतृत्व में किया और संचालन संजय दांगी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनुज कुमार दांगी प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदीप दांगी पलामू जिला अध्यक्ष दयानंद दांगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर शुरूआत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा की मिलन सह वनभोज समारोह में सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। आपसी देश रंजिश विवाद को सामाजिक स्तर पर निपटा कर एक सुनिश्चित समाज बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया गया। आगे उन्होंने कहा कि हमारा समाज काफी निचले पायदान पर हैं। हमें एनेक्सर वन कोटि में रखकर सरकारी लाभों से दूर रख रही है। भविष्य में समाज एकत्रित रहे संगठित रहे इसका संकल्प सभी को लेना होगा। आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गांव के युवाओं ने भाग लिया हम सभी हर गांव में 10-10 युवाओं की टीम गठित करेंगे। आगे कहा कि समाज के लिए एक ही मूल मंत्र है इसका जितनी ईमानदारी से पालन किया जाएगा। उतना ही समाज आगे बढ़ेगा। इसके लिए शिक्षित बनकर संगठित रहकर संघर्ष करना होगा। तभी समाज फलेगा फुलेगा कार्यक्रम में समाज सेवी महिलाओं को आगे बढ़ाने व पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलकर समाज को चलने की जरूरत है। मौके पर डॉ बी एन सिंह पलामू कविता सिंह मुनदिरीका प्रसाद दांगी जिला सचिव रामोतार दांगी समाजसेवी रामस्वरूप कुमार दांगी मनोज दांगी संजय दांगी भवानी दांगी राजकुमार दांगी अनिल दांगी सुनील कुमार महतो अजय दांगी भोला प्रसाद दांगी नरेश दांगी सत्येंद्र कुमार दांगी योगेन्द्र दांगी भारी संख्या में दांगी उपस्थित थे

# अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से रौंदा, दहशत में हैं अफीम तस्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** पुलिस और वन विभाग को अफीम की खेती के खिलाफ अभियान में लगातार सफलता मिल है. डीजीपी के निर्देश का असर अब चतरा में भी दिखने लगा है. अफीम के खिलाफ जागरूकता और विनष्टिकरण अभियान के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है. इससे अफीम कारोबारियों में दहशत का माहौल है. इसी क्रम में रविवार करीब 2 बजे पुलिस और वन विभाग टीम ने प्रखण्ड क्षेत्र के लूटा, और कोलवा गांव में 3 एकड़ वन भूमी और 2 एकड़ गैर वन भूमि वही संजनी गांव पाडे पोखर, एकचटवा, सजनी स्कूल के पास 2 एकड़ में अवैध लगे अफीम की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से



रौंद दिया है। प्रभारी वनपाल मनीष कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर यह करवाई कि गई है लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं लोगों से अपील है कि यदि कोई खेती कर भी लिया है तो स्वेक्षा से फसल नष्ट कर दें अन्यथा एनडीपीएस के तहत लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तस्करों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार, जोरी थाना सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव, सीआरपीएफ 190 बटालियन, वनरक्षी चंदन कुमार, रितेश विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, कपिल देव मेहता रीतेश बाखला, राजीव रंजन, मुकेश कुमार, अमित रंजन के अलावा जिला बल के कई जवान शामिल थे।

## उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल ने डीएम एफटी फंड से स्ट्रीट लाइट लगाने की रखी मांग



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल ने उपायुक्त को पत्र भेजकर डीएमएफटी फंड से बरवाडीह के विभिन्न चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग रखी है। उन्होंने जिले के उपायुक्त को पत्राचार करते हुए बताया कि मुख्य रूप से 17 सी रेलवे अंडर पास, छिपादोहार बाजार, बरवाडीह मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप के पास, चमरडीहा मे देवी मंडप, हनुमन मंदिर, गढ़वा टॉड दुर्गा मंडप, परिसर समेत अन्य संवेदनशील स्थानों पर स्ट्रीट लाईट लगाया जाए ताकि रात्रि में आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी नहीं हो। कहा कि लाइट नहीं रहने की वजह से ऐसे संवेदनशील स्थानों पर भय बना रहता है आमजनों की सुविधा के लिए लाइट का होना अति आवश्यक है।

# भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बुनियादी विद्यालय परिसर में रविवार को युवा क्लब की बैठक हुई जिसमें आगामी 28 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बालूमाथ के जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में होने वाले भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता अरुण साहू ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजय कुमार, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार यादव, विपिन बिहारी गुप्ता, मोनू गुप्ता, अमित गुप्ता, विशाल उर्फ गोलू, दिनेश कुमार, महासचिव हीरकांत गुप्ता सचिव पिंकू पासवान, अभय गुप्ता, पिंटू, पंकज पांडे, आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनमोल अग्रवाल, गुलाब प्रसाद, अनिल प्रजापति वही कुंदन कुमार, अरुण कुमार, राहुल सिंह को चुना गया। इसके अलावा 19 सदस्य, वही संरक्षण मंडली में 16 सदस्य बनाए गए बनाये गए। मौके पर सूरज शाह, रविंद्र गुप्ता, उपेंद्र रंगीला लालदेव गंझु, अखिलेश भोक्ता, शैलेश सिंह, दिवाकर प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, बहादुर साव, रंजीत गुप्ता, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल . इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने देवेंद्र कुमार ने बताया कि बारियातु व बालूमाथ कांड संख्या - 227/19, दिनांक - 24.10.19, धारा - 15(c)/22/29 नडीपीएस एक्ट एवं बारियातू थाना कांड संख्या-77/24, दिनांक -28.12.24 , धारा - 15(c)/18(b)/22/25/27 NDPS एक्ट के नामजद अभियुक्त नंदकिशोर गंझु पिता - पचन गंझु ग्राम - कर्माटांड़, थाना - बारियातू तथा बारियातू थाना कांड संख्या - 27/23, दिनांक- 24.03.23, धारा - 15(c)/18(b)/22/25/27 नडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त जीतन गंझु पिता - बंधु गंझु , ग्राम पंचफेड़ी, थाना बारियातू जिला लातेहार दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## हेरहंज में विधिक सेवा सह मेगा झालसा कार्यक्रम आयोजित, परिसंपत्तियों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक सेवा सह मेगा झालसा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लातेहार सिविल सेवा न्यायधीश दिनेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान न्यायाधीश एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अबुआ आवास, जेएसएलपीएस के लाभुकों और अन्य लोगों को परिसंपत्तियों का वितरण किया।न्यायधीश ने बताया कि हेरहंज प्रखंड में तीन कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनमें पीएलबी के अनुपम कुमार तिवारी और उनके सहयोगी अन्य दो लोग प्रखंड, थाना और पंचायत स्तर पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये कर्मचारी विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किसी भी समस्या का समाधान प्रदान करने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में हेरहंज के मुखिया प्रीति कुजूर, उप प्रमुख विजय उरांव, बीपीओ मेराजुल अंसारी, अनिल उरांव सहित दर्जनों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन




**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के तत्वधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माननीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार दुबे की गरिमापुर्ण उपस्थिति दर्ज की गयी. कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार दुबे, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित करके।मंच का सफल संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रमुख व उप प्रमुख ने आयोजित कार्यक्रम के संबंध में लोगों को महत्वपूर्ण बाते कही।वहीं उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को विधिक संबन्धि कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानुन आपके साथ हर जगह है.हर थाना मे पारा लिगल वोलेन्टियर तैनात है।जिनसे आप विभिन्न स्तर पर विधिक सहायता ले सकते हैं।अंत में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समापन किया गया। मौके मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# लाभुकों के बीच किया गया परिसम्पति का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रॉंची के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी प्रखण्ड मुख्यालयों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही साथ योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित कराना था।झालसा द्वारा जिला के सभी थानो में,प्रखंडों में और 09 पंचायतों में कानूनी सहायता केन्द्र खोले गये हैं। इसमें प्रधिकार द्वारा पारा लीगल वोलंटियरस की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लोगों को लाभ पहुंचाना है।

**आगे उन्होंने कहा कि शिक्षित बने और जागरूक हों**

मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अपने संबोधन में लोगों को अपने आसपास घटित अपराधों के नियंत्रण हेतु जागरूक होने एवं कानूनी सहायता लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपराध की घटना की जानकारी निकटवर्ती थाना को देने की बात कही। लाभुकों को आवास, पेंशन, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित अन्य योजनाओं का मिला लाभ। जिला के सभी प्रखंडों में हुए इस शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा सैकड़ो लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, कंबल, जॉब कार्ड, हरा राशन कार्ड, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, छड़ी, कृषि यंत्र, पशुपालन किट, बीज, पेंशन स्वीकृति पत्र, दाखिल खारिज स्वीकृति पत्र आदि लाभुकों को प्रदान किया गया। स्कूली छात्राओं के बीच गुरूजी क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा सैकड़ो छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का भी वितरण हुआ।

# राशन में कटौती और अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** जिले के मनिका प्रखंड स्थित सिरीश डोंकी गांव में जनवितरण प्रणाली के डीलर सकेंद्र सिंह पर राशन वितरण में कटौती और अनियमितता का गंभीर आरोप लगा है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को सूचना दी कि डीलर सकेंद्र सिंह राशन वितरण में घोटाला कर रहे हैं। जब पत्रकार वहां पहुंचे,तो पाया कि डीलर पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।साजन उरांव भरत सिंह संजू देवी साधो देवी मांगों मसोमात संगीता देवी कुलदीप उरांव वीरेंद्र उरांव हल्कान सिंह सहित सैंकड़ों लाभुकों ने अपनी शिकायतों में बताया कि डीलर ने प्रति व्यक्ति एक किलो राशन की कटौती की है और कुछ लाभुकों से अंगूठा लगवाकर दो माह का राशन रोक लिया है।आज जब लाभुक राशन लेने पहुंचे तो उन्हें केवल एक माह का राशन मिला, वह भी कटौती के साथ। आगे लाभुकों ने कहा कि सकेंद्र सिंह



जब से जन वितरण प्रणाली दुकानदार का प्रभार संभाले हैं तब से हम लोग काफी परेशान हो गए हैं सरकार के द्वारा व्यक्ति को देखते हुए अंत्योदय कार्ड दिया गया है उसमें भी डीलर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं 35 केजी अनाज देने के बजाय 25 केजी राशन देने का काम कर रहे हैं अगर उनके ऊपर कार्रवाई नहीं हुई तो हमलोग धरना प्रदर्शन भी करेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जिला खादय आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि राशन वितरण में कोई भी गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस मामले की तत्काल जांच की जाएगी और दोषी पाए गए डीलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राजद जिला स्तरीय वनभोज सह सदस्यता अभियान में शामिल हुये हजारों कार्यकर्ता

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के पूर्व श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के निर्देश पर आयोजित वनभोज सह सदस्यता अभियान का कार्यक्रम रविवार को प्रखण्ड क्षेत्र के जोरी स्थित उद्योगित प्रशिक्षण भवन परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे चतरा जिला के राजद के साथ ही इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भी हजारों की संख्या में जुटे। पूर्व मंत्री भोक्ता ने प्रायः हर कार्यकर्ता से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। कार्यकर्ता पूर्व मंत्री से मिल कर हर्ष नजर आ रहे थे। पूर्व मंत्री के सर्वसाधारण के बीच उपलब्ध रहने की चर्चा भी इस सम्मेलन में चहुंओर सुनी गई। इस वनभोज सह सदस्यता अभियान में राजद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेशमी प्रकाश, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार एवं डॉ मनोज कुमार भी शामिल हुए। सभी ने पूर्व मंत्री भोक्ता से मुलाकात की और ऐसे आयोजन के लिए उन्हें बधाई भी दी।

# सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में दर्ज की शत प्रतिशत उपस्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पहले कार्यकाल में ही संसद के तीनों सत्रों में 100त्न उपस्थिति दर्ज कराई और जनहित से जुड़े 72 महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाकर एक मिसाल कायम की। रविवार को हजारीबाग के होटल निमंत्रण पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपनी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

**संसद में सक्रिय भागीदारी**

सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के तीनों सत्रों–शपथ ग्रहण सत्र, मानसून सत्र, और शीतकालीन सत्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। उन्होंने शून्य काल और विभिन्न चर्चाओं के माध्यम से अपने क्षेत्र की रेलवे कनेक्टिविटी, शिक्षा सुधार, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, और अन्य विषयों को जोरदार ढंग से उठाया। इस दौरान उन्होंने कुल 63 सवाल पूछे और लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों–प्राक्कलन समिति, कोल और माइंस की सलाहकार समिति, तथा उपभोक्ता मामलों की समिति–में सक्रिय भागीदारी निभाई।



**विकास कार्यों पर जोर**

हजारीबाग क्षेत्र में विकास को गति देते हुए सांसद ने कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी। उन्होंने हजारीबाग-रामगढ़ में सड़कों के निर्माण, हवाई अड्डे की स्थापना, और लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन की मांग उठाई। इसके अलावा, क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के विकास पर भी जोर दिया।

**खेल और युवाओं के लिए प्रयास**

सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर 883 टीमों और 13,245 खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया। महिला खिलाड़ियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार, ट्रॉफी, और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

**सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**

सांसद ने ठंड के मौसम में हजारों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए और क्षेत्र के दिव्यांगों के लिए वयोश्री योजना के तहत उपकरण वितरण की योजना बनाई। आने वाले दिनों में क्षेत्र में सोलर लाइट, रिंग रोड निर्माण, और रोजगार सृजन के प्रयास किए जाएंगे।

**चुनावी सफलता और संगठनात्मक जिम्मेदारी**

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सांसद जायसवाल की प्रबंधकीय क्षमता ने एनडीए को हजारीबाग और रामगढ़ जिलों की पांच में से चार सीटें जिताने में सफलता दिलाई। इसके लिए पार्टी ने उन्हें विशेष जिम्मेदारी सौंपी थी।

**आगामी योजनाएं**

सांसद ने बताया कि जल्द ही रामगढ़ में सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा। इसके अलावा, सार्वजनिक विवाह समारोह, सोलर वाटर एटीएम, और रोजगार सृजन के लिए मधुमक्खी पालन और मशरूम खेती जैसे कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

**मौके पर मौजूद गणमान्य लोग**

प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोरमा राणा, और कई अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, हम क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं और हर समस्या का समाधान धरातल पर सुनिश्चित करेंगे।

# हाइड्रा वाहन को ग्रामीणों ने लिया कब्जे में, पुलिस द्वारा आश्वासन के बाद छोड़ा गया

**क्षेत्र में कोई भी कंपनी का कार्य नहीं होने दिया जाएगा : ग्रामीण**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी बादम कॉल ब्लॉक के एमडीओ बीजीआर कंपनी का हाइड्रा शनिवार शाम को बड़कागांव से बादम मोइत्रा मुख्य मार्ग में अर्धनिर्मित बीजीआर साइड ऑफिस में काम करने जा रहे हाइड्रा की सूचना गुप्त रूप से पहले ही मिला गया था। जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों की संख्या में ग्रामीण हरली मुख्य मार्ग में हाइड्रा को अपने कब्जे में ले के ग्रामीण अपने साथ गोंदलपुरा ले गए। मामले की सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक अपने दल बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को अस्वस्थ किया कि आज के बाद बदाम, गोंदलपुरा एवं मंहुगाई कला में किसी भी कंपनी का कार्य करने से पूर्व ग्रामीणों की सहयोग के बिना एवं आम सभा के द्वारा किए गए निर्णय के बिना कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने सुरक्षित हाइड्रा को अपने साथ ग्रामीण से छुड़ा कर लेकर आ गई। वही उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि बीजीआर कंपनी दो चार गांव लोगो को अपने साथ मिलाकर खनन करने का जो सपना देख रहा है। इसको हम सब ग्रामीण कंपनी के इस मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे। 2004 से हम ग्रामीण सभी कोल खनन कंपनी का विरोध कर रहे हैं। हमारे विरोध और एकता के कारण कई कंपनी क्षेत्र छोड़ कर चली गई है। कई पुस्तों से हमारे पूर्वज और अब हमलोग इस भूमि से जीविकोपार्जन कर रहे हैं। किसी भी परिस्थिति में हम लोग किसी भी कोल खनन कंपनी को इस क्षेत्र में स्थापित नहीं होने देंगे।

## दुकान में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की घटना को दिया अंजाम

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग मे रंगदारी वसूलने की घटना सामने आ रही है। रंगदारी को लेकर मार्खम कॉलेज रोड स्थित दो दुकान में तोड़फोड़ की गई है और दुकान मालिक पर हमला किया गया है, जिससे वे घायल हो गए हैं। आनन- फानन में उनको इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि स्थानीय रवि पांडे नामक युवक ने घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रवि पांडे ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि रंगदारी वसूलने को लेकर घटना को अंजाम दिया है, ताकि क्षेत्र में उसका खौफ बना सके। अस्पताल में इलाज करा रहे प्रतिष्ठान के संचालक पंकज गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने दुकान में आने के साथ ही लोहे के एंगल से दुकान में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। मारपीट में एक का हाथ टूट गया. एक अन्य दुकान के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी ने दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं पास के ही एक अन्य दुकान में भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। इस मारपीट की घटना में बेटे का हाथ भी टूट गया और खुद भी चोटिल है। इस घटना में 2 लाख रुपया का नुकसान हो गया है। इनका अपना जूस सेंटर है। पूरी घटना में चार लोग घायल है, सभी का इलाज चल रहा है। वही लगभग 10 लाख रुपए का दोनों दुकानदारों को नुकसान हुआ है। जब इस बाबत बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजत से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि रवि पांडे सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर हंगामा किया था। युवक ने आक्रोश में आकर मार्खम कॉलेज स्थित दो दुकानों में तोड़फोड़ किया है।

## सेवा सप्ताह के अंतिम दिन पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सब के दुख में समरस हो संघ मंत्र के भाव पले के साथ सेवा सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही खण्ड का समापन समारोह के आठवें दिवस पर पारिवारिक सेवा मिलन श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के देवचंदा मोड में संपन्न हुआ। समापन समारोह में कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया ने अपने उद्बोधन में शिक्षा-संस्कार से व्यक्ति निर्माण व राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण समय का उपयोग सेवा परमो धर्म का समायोचित उत्तम कार्य की सराहना किए, और अपनी ओर से भरपूर सहयोग करने की अभीव्यक्ति प्रस्तुत किए। उक्त पांच बाल संस्कार केन्द्र के शिक्षिक, अभिभावक एवं चयनित दो- दो बच्चों के बीच सेवा मिलन समारोह में बच्चों द्वारा ब्रह्मनाद, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, प्रातः स्मरण, बोधकथा, व्यायाम योग, योगासन गीत आदि की सुंदर प्रस्तुति किया गया। शिक्षिका द्वारा विगत एक वर्ष का अनुभव कथन का चित्रण एवं अभिभावकों द्वारा सेवा मुहल्ला में आनन्द की अनुभूति का विश्लेषण किए। उक्त समापन समारोह में क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, शाखा के गणशिक्षक बसन्त कुमार, रसोईया धमना शाखा के पालक नितेश कुमार,शंकर कुमार, श्रीदास इन्टरनेशनल स्कूल के संचालक रंजीत चंद्रवंशी आदि उपस्थित हुए।

## वन विभाग ने बड़कागांव के बलोदर जंगल से 40 किलो अर्ध निर्मित कत्था जप्त किया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के वन कर्मियों ने अधिसूचित वन क्षेत्र बलोदर जंगल में छापेमारी कर 40 किलो अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया। उक्त कार्रवाई पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के निर्देशानुसार की गई है। वही वन कर्मियों ने घटनास्थल से कत्था बनाने में प्रयोग आने वाले 12 डेक्चा भी बरामद किया है। इस दौरान घने जंगल का लाभ उठाकर माफिया फरार हो गए। बताते चलें कि वन विभाग के द्वारा पिछले दो दिनों में 440 किलो अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया है। शनिवार को चेलंगदाग जंगल से वन विभाग ने 400 किलो अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया। एसीएफ एके परमार ने बताया कि मामला दर्ज करने के लिए लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति अवैध कारोबार नहीं करें पकड़े जाने पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।

## पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा आयोजित वन भोज सह समीक्षा बैठक संपन्न

**चरही ।** चुरचू प्रखंड अंतर्गत लारा नदी के समीप झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधान सभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा आयोजित वनभोज सह समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो व प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया देवकी महतो ने कहा कि, एक छोटी सी बात से हम लोगों को चिंता करने की कोई बात नहीं है, हम सभी ने अपने-अपने दायित्व को बाखूबी निभाए है और मैं आशा और विश्वास के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि, आने वाला समय में भी इस दायित्व को बढ़ावा देते हुए इससे बेहतर करने का काम करेंगे, आपको बताते चले की पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने वन भोज में सम्मिलित होने से पहले चुरचू बाजार स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पे मलार्पण करने के बाद, अपने ग्रामीण जनता के साथ संविधान बचाओ के नारे के तहत कुछ दूर पैदल भी चले, मौके पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया देवकी महतो, इंदिरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दशरथ महतो, चुरचू पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सहदेव किस्कु, अंगों पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, चुरचू प्रखंड पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,चरही पंचायत उप सहीत सैकडों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बरसोत में टुकटुक फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के नगर बरसोत में होटल टुकटुक फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य समारोह के बीच उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं अतिथियों का स्वागत किया गया। मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि बरसोत जीटी रोड़ किनारे रेस्टोरेंट खुलने से स्थानीय लोग को भी अब यहां परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन और बेहतरीन व्यंजन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। वहीं संचालक सूरज चंद्र शर्मा ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में वेज और नॉनवेज व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था है। बेहतर सर्विस और ग्राहकों की संतुष्टि ही लक्ष्य होगा। उद्घाटन समारोह में प्रभाकर पाठक,पिंटू ठाकुर, इंद्रदेव यादव,परवीन बक्शी, रुपेश कुमार, मनोज केशरी, मणिलाल चौधरी, अमित कुमार, मनोज सिंह, रोहित प्रसाद, अजय रामराज, बिनोद पांडे, संटू बक्शी, सुरज कुमार आदि गणमान्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।




# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, बचपन से ही यूपीएससी और पीसीएस की तैयारी का अनोखा मॉडल, बच्चों को कराता है तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अनोखा उदाहरण पेश कर रहा है। यह विद्यालय न केवल सिलेबस आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि बच्चों के नैतिक विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने पर भी पूरा ध्यान दे रहा है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई परिभाषा गढ़ रहा है। यह स्कूल न केवल बच्चों के अकादमिक विकास पर जोर दे रहा है, बल्कि उनके नैतिक और तकनीकी कौशल को भी मजबूत करने का काम कर रहा है। विद्यालय की ये पहल निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगी।



**एलएलबी शिक्षा और नैतिक विकास पर फोकस**

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को एलएलबी (कानूनी अध्ययन) की शिक्षा दी जा रही है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि प्रारंभिक अवस्था से ही बच्चों को कानूनी शिक्षा प्रदान करना न केवल उन्हें अधिक जागरूक बनाएगा, बल्कि उनके नैतिक और सामाजिक विकास में भी मदद करेगा।

**विद्यालय बचपन से ही यूपीएससी और एसपीएससी की करवाता है तैयारी**

विद्यालय बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीएस की जानकारी भी प्रदान कर रहा है। इसका उद्देश्य है बचपन से ही बच्चों में यूपीएससी और एसपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की नींव रखना। छात्रों को विशिष्ट अध्ययन सामग्री के माध्यम से शिक्षा दी जाती है, जिससे वे इन परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी को समझ सकें। रोबोटिक्स और विजुअल क्लासेस : तकनीकी युग की ओर कदम इस सत्र से श्रीदस स्कूल में रोबोटिक्स क्लासेस की शुरुआत की जा रही है। यह बच्चों को तकनीकी शिक्षा में दक्ष बनाने और उनकी रुचि बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इसके साथ ही, विजुअल क्लासेस के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई कराई जाती है, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और रोचक हो जाती है।विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह का कहना है कि हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें नैतिकता, तकनीकी कौशल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए तैयार करना है।उपप्राचार्य राकेश कुमार का मानना है कि विद्यालय में शिक्षा के नए-नए तरीकों को अपनाकर बच्चों को सर्वांगीण विकास का अवसर दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके।

# लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही ने अपने वार्षिक सत्र 24- 25 में द्वितीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया । भ्रमण का मुख्य केंद्र ध्वजधारी पहाड़ कोडरमा ,राजगीर ब्रह्म कुंड, राजगीर जू सफारी, राजगीर चिल्ड्रन पार्क एवं राजगीर शांति स्तूप के साथ-साथ राजगीर भगवान श्री कृष्ण रथ एवं शंख लिपि चिन्ह की स्थली भी रही। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में सभी ने जू सफारी का भरपूर आनंद लिया। जू सफारी के गाइड ने कई तरह के जीव जंतु ,जंगली जानवरों एवं उनके रहने का उनके भोजन का एवं साथ में उनकी विशेषताओं के बारे में भी जानकारी दी। जू सफारी के अंदर बच्चों ने म्यूजियम एवं 3ष्ठ प्रिंटिंग का भी आनंद लिया।लोयोला विद्यालय चरही के प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधक निदेशक एमके बरनवाल ने कहा कि लोयोला विद्यालय का शुरू से मकसद रहा है बच्चों को शैक्षणिक शिक्षा में सर्वांगीण विकास देना और उनकी सोच एवं उनकी बुद्धिमता का विकास करना ताकि वह जीवन में आने वाले भविष्य की परिकल्पना अपने बीते हुए अनुभव से प्राप्त कर सके साथ ही यह भी कहा कि शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सिर्फ़ घूमने या घूमाने का नहीं बल्कि सीखने और उसे जीवन में उतारने का भी है ।ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह और सीखने की ललक भी रहती है। इसमें शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी भरपूर आनंद लिया । इस कार्यक्रम के तहत जयकांत कुमार जो स्कूल टॉपर रहे हैं एवं उनके अभिभावकों को इस शैक्षणिक टूर में विद्यालय की तरफ से निशुल्क भ्रमण की सुविधा दी गई थी जिसे अभिभावक और बच्चे भी अपने जीवन में और उत्साहवर्धन के साथ काम कर सकने और पढ़ने के लिए प्रेरणादायक बन सके। इस कार्यक्रम के पूरे आयोजन एवं कार्यक्रम को गाइड करने और जानकारी देने का कार्य विद्यालय के विक्रांत प्रोडक्शन के डायरेक्टर विक्रांत पहाड़ी ने किया।



# जगोडीह जंगल में 5 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती नष्ट, कार्रवाई जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** थाना क्षेत्र के जगोडीह जंगल में रविवार को पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 5 एकड़ वन भूमि पर की जा रही अवैध अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने किया। उनके साथ चौपारण थाना के सशस्त्र बल और वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध रूप से की जा रही इस खेती को जड़ से उखाड़ दिया और मौके पर मौजूद किसी भी संदिग्ध गतिविधि की गहन जांच की। अफीम की खेती करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खेती को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त है और इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने भी इस कार्रवाई को जंगल और वन भूमि की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया। यह छापेमारी स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के समन्वय से की गई, जो अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रभावी प्रयास है।



# हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दर्जनों हुये घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत नरकी के नजदीक महुआ मांडर में दर्दनाक सडक हादसे में तीन लोगो की मौत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक सड़क दुर्घटना नेहा सिटी राइड बस का पहिया फट जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गया,जिससे घटनास्थल पर ही मंगर कमार ,पिता स्व.हीरा कमार उम्र करीब 55 वर्ष,नरकी, दो मृतक की अभी तक पहचान नही हो पाई सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो मृतक जरीडीह के बताए जा रहे है।इस सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए,जिसमे कुछ गोमियाँ सीएचसी तो कुछ घायल 108 आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस से विष्णुगढ सीएचसी लाये गए जिसमे गंभीर रूप से घायल हीरालाल हांसदा पिता ईश्वर माँझी,उम्र करीब 24 वर्ष,गोनियाटो, मनोज कुमार पंडित, पिता महादेव पंडित,उम्र करीब 46 वर्ष,फुसरो,बजरंग नोनिया, पिता रामचन्द्र नोनिया,उम्र करीब 55 वर्ष,फुसरो,बीरबल नोनिया,पिता बजरंग नोनिया, उम्र करीब 37 वर्ष,फुसरो,शान्ति देवी,पति बजरंग नोनिया,उम्र 45 वर्ष,फुसरो,शनि कुमार, पिता सुरेश लाल,उम्र 14 वर्ष,अरजरी,अरुनियाँ मसोमात पति स्व.जगरनाथ मिस्त्री का चिकित्सा प्रभारी डॉ.अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में डॉ.एम शहबान खान,डॉ. जफर हसन, डॉ.योगेन्द्र कुमार, डॉ. विनय पाण्डेय समेत डॉक्टरों की टीम तथा मेडिकल स्टाफ की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# चंपा दिशोम सोहराय महोत्सव 2025 का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को चंपा दिशोम सोहराय महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी समुदाय की संस्कृति, परंपरा और विरासत का शानदार प्रदर्शन हुआ। यह आयोजन आदिवासी समाज की एकता और उनकी पहचान को सशक्त करने का प्रतीक बना। आदिवासी समाज के आमंत्रण पर पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने विशेष रूप से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इसकी शोभा बढ़ाई। उनके साथ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री फागु बेसरा, मंत्री चमरा लिंडा, मंच पर उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथि, और आदिवासी समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने भी आयोजन में भाग लिया। मुन्ना सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में आदिवासी समाज के अधिकारों के संरक्षण और उनके विकास पर जोर देते हुए कहा, आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपरा भारतीय धरोहर का अमूल्य हिस्सा है। इसे संरक्षित करना और अगली पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस महोत्सव का आयोजन ऑल इंडिया संथाल स्टूडेंट यूनियन (झारखंड) केन्द्रीय सरना समिति,और आदिवासी को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति और परंपरा को सहेजना और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। महोत्सव के दौरान आदिवासी नृत्य, पारंपरिक गीत, और कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने न केवल अद्वितीय अनुभव प्रदान किया बल्कि आदिवासी समाज की धरोहर का महत्व भी दर्शाया। मुन्ना ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के महोत्सव न केवल आदिवासी समाज को एकजुट करते हैं, बल्कि उनकी संस्कृति और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक हैं।



## नाई समाज ने जननायक की जयंती धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातू के द्वारा इस वर्ष भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।इस संदर्भ में नाई समाज के दर्जनों लोगों ने बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। वही समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह वनभोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद राजाराम प्रजापति होंगे। विधायक से मुलाकात करने वालों में मुख्य रूप से उपस्थित दशरथ ठाकुर ललन ठाकुर बसंत ठाकुर श्यामलाल ठाकुर आशीष ठाकुर परमेश्वर ठाकुर और रामप्रसाद ठाकुर इत्यादि शामिल थे।

## उरीमारी के इंटक क्षेत्रीय कार्यालय में बिरसा शाखा कि विभिन्न समस्याओ को लेकर हुई बैठक



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के क्षेत्रीय कार्यालय में बिरसा शाखा कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक का नेतृत्व बिरसा शाखा सचिव कंचन मांझी के नेतृत्व में किया गया। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित थे। वहीं बिरसा शाखा सचिव कंचन मांझी ने बताया कि इस बैठक में मजदूरों कि विभिन्न समस्याओ को लेकर चर्चा किया गया। वहीं बिरसा शाखा संगठन का विस्तार करने एवं संगठन कि मजबुती पर चर्चा किया गया। वहीं इस मौके पर बिरसा शाखा अध्यक्ष लालू महतो, कोषाध्यक्ष महादेव बेसरा, महेश गिरी, मुखिया चरका करमाली,डिएन सिंह, महेश गंझू, धर्मदेव करमाली, वकील राजभर, द्वारिका सिंह,उपेन्द्र कुमार,जीवन मांझी,रतन देव,मोतीराव मांझी,जोहरन करमाली आदि लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में जरूरतमंदों के बीच भोजन का किया वितरण




**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रिन्कु वर्णवाल, सुकरा करमाली, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, उदयभान दुबे, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा

## श्री श्याम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम मंदिर में विधिवत श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस की जजमान जयप्रकाश मित्तल नेगणेश पूजा के बाद ज्योति प्रज्वलन किया एवं श्याम 84 के पाठ के बाद भजनों के गायन का सिलसिला शुरू हुआ। भजनों को आगे बढ़ते हुए जो प्रेम गली में आए नहीं वह प्रेम निभाना क्या जाने कब आएगा मेरा सांवरिया, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, तेरे हाथों की लकीर बदलेगा, बाबा तेरा स्वागत है, के भजनों से भक्ति झूमने को मजबूर हो गए। आज के यजमान जयप्रकाश मित्तल के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम रात देर तक चलता रहा। भजनों की श्रृंखला को कमल बगड़िया, सांवरमल अग्रवाल, विष्णु शर्मा, पीयूष शर्मा,इंदर अग्रवाल, भारती बगड़िया , ध्रुव सिंह ,मनोज शर्मा एवं अन्य भक्तों ने मिलकर आगे बढ़ाया। यह कार्यक्रम प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व विशेष रूप से आयोजित किया गया। आगामी 3 फरवरी से 7 फरवरी तक श्याम बाबा का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल गोयल, राजेश पथरवा, ओम प्रकाश अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संजय चौधरी, राजेश पटवारी, नरेश अग्रवाल अभिषेक सिंघानिया, उपस्थित थे

## मारवाड़ी युवा मंच ने स्वास्थ जांच शिविर लगाया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच की ओर से लगातार चल रहे 8 दिवसीय कार्यक्रम जो की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है कि कड़ी में छठे दिन स्वास्थ जांच शिविर डी कैंप का आयोजन एम एम टी ग्राउंड में किया गया, शिविर में 45 लोगों की निशुल्क मधुमेह, रक्तचाप एवं वजन की जांच की गई, एवं उन्हें स्वास्थ के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, एवं सदस्यों ने लोगों से अपील किया कि आगामी 21 जनवरी को होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन कैंप जो की मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित होने जा रहा है में सम्मिलित हों एवं रक्तदान महादान करें।



# पुलिस ने व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में चोरी करते चोर को पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उन्हें माननीय न्यायालय रामगढ़ के कर्मी से सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पास कुछ चोर न्यायालय परिसर में पैनल बोर्ड में लगे तार की चोरी करने के लिए घुसे हुए हैं। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यावहार न्यायालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुनि अजय कुमार एवं आरक्षियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर को पकड़ने तथा समानों की बरामदगी करने का निर्देश दिया गया। मा न्या में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा कोर्ट परिसर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा गया। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति दौड़कर भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस बल के द्वारा दौड़ाकर न्यायालय कर्मियों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकडे गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हामिद खान, पिता मंजूर खान, ग्राम 12 नं0 चौक, घाटो, थाना मांडू (वे0बो0), जिला रामगढ़ बताया। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर 11 तांबे का ब्रैकेट (जो पैनल बोर्ड में लगा हुआ था), 02 रिंच, 20 नट बोल्ट बरामद किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-22/2025, दिनांक-18.0 1. 2025, धारा-303 (2)/317 (4) ब्नैह 2023 अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।इस छापामारी दल में पुनि अजय कुमार, सीसीआर सह कोर्ट सुरक्षा प्रभारी, रामगढ, मा0न्या0 में प्रतिनियुक्त पुलिस बल, मा0न्या0 के कर्मी लाखेश्वर मानकी, मा0न्या0 के कर्मी चंदन कुमार, मा0न्या0 के कर्मी नवीन कुमार नाग शामिल थे।





## झामुमो केन्द्रीय सचिव ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री से किया मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** हजारीबाग के सर्किट हाउस स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया ने रविवार को झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं श्री बेदिया ने उरीमारी क्षेत्र में शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को उनसे अवगत कराया। शिक्षा के प्रति मंत्री रामदास सोरेन का ध्यान केंद्रित कराते हुए कहा कि उरीमारी में जल्द ही स्कूली बच्चों को राज्य सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ दिलाने का आग्रह किया। वहीं उरीमारी क्षेत्र में जल्द लाइब्रेरी खोलने कि बात कही। वहीं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संजीव बेदिया को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी मांगों पर विचार कर सही निर्णय लिया जाएगा। वहीं इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह आदि मौजूद थे।



## जेएलकेएम पार्टी का नगर परिषद रामगढ़ कमेटी का किया गया विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के रामगढ़ नगर परिषद का गठन हेतु रामगढ़ जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार की अध्यक्षता तथा संचालन जिला महासचिव डॉ.राजेश महतो के द्वारा किया गया ! डा. राजेश महतो ने कहा गया की नगर परिषद रामगढ़ मे सशक्त एवं मजबूत संगठन बन रहा है! सभी लोगों ने टाइगर जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर तन मन धन के साथ काम करने की बात कही है एवं इनके विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने व सभी संप्रदाय के लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया है! क्योंकि झारखंड लोग लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मे गरीब ,शोषित, पीड़ित ,दबे कुचले तथा भ्रष्ट सिस्टम के सताये लोग हैं! लोगों ने कहा नगर निकाय चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की अच्छी परफॉर्मेंस रहेगी । नगर परिषद रामगढ़ के कमेटी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष पद हेतु पवन कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार महतो, संरक्षक शिवदयाल प्रसाद ,महासचिव सनी कुमार ,उपाध्यक्ष पवन कुमार (साहू),संतोष कुमार महतो, कालेश्वर महतो, रवि यादव, टूकेंद्र महतो, पवन वर्मा, संतोष बेदिया, हरेंद्र कुमार महतो, विशाल प्रजापति, रोहन बेड़िया, विजय कुमार पासवान, पन्नू मुंडा, सुभाष बेदिया, सुरेंद्र कुमार महतो, रूपलाल महतो, करमचंद महतो, सचिव अनिल महतो, गुलाब गौरी, फिरदौस हुसैन, रमेश करमाली, संदीप कुमार, शंकर कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, देवेंद्र कुमार, ओम प्रकाश महतो, ओम प्रकाश कुश्वहा, मीडिया प्रभारी अविनाश नायक, संतोष महतो, सोशल मिडिया प्रभारी प्रेम कु गन्झु तथा संगठन महामंत्री महेश महतो को सर्व समिति से बनाया गया ! इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कु महतो, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी तथा नगर परिषद क्षेत्र के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे ।



## विधायक को महिला एवं बाल विकास समिति और सरकारी आश्वासन समिति का सदस्य बनने पर दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** विधायक ममता देवी को झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति और सरकारी आश्वासन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह न केवल दुलमी प्रखंड बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने विधायक ममता देवी को इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ममता देवी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगी, जिससे महिला और बाल विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान मिलेगा।सुधीर मंगलेश ने कहा कि ममता देवी की यह नियुक्ति प्रखंड के लोगों के लिए प्रेरणादायक है और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।बीस सूत्री अध्यक्ष ने ममता देवी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगी। बधाई देने वाले पुर्व प्रमुख सुरेन्द्र करमाली पुर्व जिला परिषद राजू महतो प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली उतम कुमार इकबाल अंसारी युगल किशोर महतो महताब राही आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट वार्ड नंबर 6 के बुथ अध्यक्षों द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक चौक स्थित ओम मार्केट परिसर में दिन के 11 बजे किया गया। मन की बात कार्यक्रम का 118 वीं कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र ने देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए माहकुंभ के अद्भुत आयोजन का उल्लेख किया वहीं अंतरिक्ष में हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन कि बात कार्यक्रम इस बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस होने के कारण आज तीसरे रविवार को हुई। उपस्थित बुथ अध्यक्ष ने नमो ऐप के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को अपने अपने मोबाइल पर सुना।कार्यक्रम में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, वार्ड प्रभारी अजीत गुप्ता, संजय श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वार्ड संयोजक अरविन्द सिंह, नगर मंत्री अभिषेक चौधरी, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, ईश्वर पासवान, वशिष्ठ सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन के उपरान्त जिला के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान को गति दी गई। कई लोगों ने मिस कॉल कर भाजपा की प्राथमिक सदस्य बने।

## संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की कुरसे में हुई बैठक, भुरकुंडा लोकल सेल में भागीदारी को ले की चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कुरसे शिव मंदिर के समीप हुई। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह व संचालन फुलेश्वर राम ने किया। बैठक में भुरकुंडा लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित करने को विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इधर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनटीपीसी में विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के द्वारा 21 जनवरी को किए जा रहे आंदोलन को विस्थापित संयुक्त संघर्ष मोर्चा पूर्ण रूपेण समर्थन करेगी। इसमें सैकड़ो विस्थापित-प्रभावित लोग शामिल होंगे। बैठक में वीरेंद्र यादव, अजय साहू, राजाराम प्रसाद, परमवीर सिंह, राजेश्वर सिंह, कपूर महेश सिंह, जयलाल सिंह, हरिचरण करमाली, समबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, किरण सिंह, बबीता देवी, आशीष सिंह, राजेश, दीपक सिंह, जुगल सिंह, नंदू करमाली, मनोहर करमाली, आनंद सिंह, मदन सिंह, राजकृष्ण सिंह, मुकेश सिंह, भूगेंद्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्णिया के धनंजय कुमार अपहरण मामले का हुआ खुलासा, प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने दिया जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उनको गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत सिद्धू कान्हू ग्राउंड के पीछे स्थित कुलदीप साव के मकान में किसी व्यक्ति को अपहरण कर छुपा कर रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के बाद उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा बिना विलम्ब किये कुलदीप साव के मकान की घेरा बंदी कर छापामारी किया गया तो मकान के नीचे पार्किंग में काले रंग के स्कार्पियों के पास दो युवक खडे दिखाई दिये। उसमें से एक युवक पुलिस को देखते ही दौड़कर भागने लगा तत्पश्चात भाग रहे युवक को पुलिस टीम के द्वारा दौडाकर पकड़ा गया तथा दूसरे युवक को स्कार्पियों के पास ही पकड़ लिया गया। बताया कि इसी क्रम में कमरे की खिड़की से अपहृत व्यक्ति द्वारा पुलिस को देख कर चिल्लाते हुए आवाज लगाया कि सर मुझे बचा लीजिए हमको ये दोनों लोग इस रूम में किडनैप कर बंद किये हुए हैं। हमको जान से मार देगें। इसके बाद पकड़े गये दोनों युवको से रूम की चाभी मांग कर दरवाजा को खोलकर अपहृत व्यक्ति को कमरे से सकुशल बरामद किया गया। इसके उपरांत अपहरण करने वाले दोनों युवको से अपहरण करने का कारण पूछने पर अपहरणकर्ता अमित कुमार द्वारा बताया गया कि धनंजय कुमार जो हमारा दोस्त है उसे हम 02 लाख रूपया बहन को एग्जाम में पास कराने के लिए 2017 में दिये थे। हमारी बहन जब एग्जाम पास नहीं हुई तो हम पैसा धनजंय कुमार से मांगने लगे लेकिन वह मुझे पैसा नहीं लौटा रहा था। तब हम अपने सहयोगी रविश मुंडा के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से धनंजय कुमार को रामगढ़ 18 जनवरी के सुबह करीब 5.00 बजे ठग कर बुलाया और उसे बस स्टैण्ड रामगढ़ से अपने सहयोगी रविश मुंडा , पे स्व बहादुर मुंडा , सा सांडी, कोरी टोला, थाना माण्डू (कुज्जू), जिला रामगढ़ का स्कार्पियो जेएच01 एफडब्लू 4543 से अपने किराये के मकान जिसका मालिक कुलदीप साव है लाया गया। इसके बाद पिस्टल का भय दिखाकर अमित कुमार एवं रविश मुंडा के द्वारा धनंजय कुमार का दोनों हाथ एवं दोनों पैर को रस्सी से चौकी के पउवा में बांध दिया गया तथा मुंह पर टेप साट दिया गया ताकि हल्ला ना कर सके। अमित कुमार द्वारा धनंजय कुमार को डराकर उसके मोबाईल का पासवार्ड खुलवा कर धनंजय के मोबाईल से 50,000 रू अपने खाता में अमित कुमार ने फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर कर लिया एवं बैग में रखा हुआ कैश को भी ले लिया। इसके बाद नशा का इंजेक्शन दिखाते हुए कहा कि चुपचाप तुम एग्रीमेंट पेपर पर साईन कर दो और 50 लाख रूपया भी तुमको देना होगा तभी तुमको छोडेंगें नही तो तुम्हारा हत्या कर जंगल में लाश फेंक देंगें। इसके बाद दोनों अपहरणकर्ता अपहृत व्यक्ति धनंजय कुमार को एक कमरे में बाहर से बंद कर कुछ देर के लिए चले गये। तब धनंजय कुमार द्वारा अपने हाथ को किसी तरह बंधे हुए रस्सी से निकाला गया और दोनों हाथ एवं पैर को खोलकर मुंह पर साटे हुए टेप को हटाया गया और मौका पाकर खिड़की से सड़क पर जा रहे एक युवक को आवाज दिया गया कि मुझे इस रूम में अपहरण कर बंद कर दिया गया है। आप जल्दी से पुलिस को सूचित कर दीजिए। पुलिस को सूचना मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए आधा (1/2) घंटे के अंदर अपहृत व्यक्ति धनंजय कुमार को सकुशल कुलदीप साव के मकान जो अपहरणकर्ता अमित कुमार के द्वारा किराये पर लिया गया है से बरामद किया गया। साथ ही अपहरणकर्ता 1. अमित कुमार, पिता शशिभूषण सिंह, पता ग्राम सलिमपुर दक्षिणवारी टोला, थाना सलिमपुर, जिला पटना, बिहार एवं 2. रविश मुंडा , पे0 स्व0 बहादुर मुंडा , सा0 सांडी, कोरी टोला, थाना माण्डू (कुज्जू), जिला रामगढ को गिरफ्तार किया गया। अपहृत व्यक्ति धनंजय कुमार के बताये अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर 09 एमएम का पिस्टल लोडेड हालत में जिसके मैगजीन में 06 जिंदा गोली, नशा में प्रयुक्त करने वाला छः रिडोफ इंजेक्शन, 03 सिरिंज, 03 मोबाईल फोन, 01 लैपटॉप बरामद किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-20/ 2025, दिनांक-18.01. 2025, धारा-140 (1)/ 142/61 (2) बीएनएस एवं 25(1-बी)/ 25(1ए) /26(2) /35 आर्म्स एक्ट अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार उक्त दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।छापामारी दल में अनुमंडल पुलिय पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुनि सह थाना प्रभारी रामगढ़ कृष्ण कुमार, पुअनि जॉनी कुमार, पुअनि नागेन्द्र सिंह आजाद, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि सुजीत सिंह, आ0 23 निकेत कुमार, सैप आरक्षी मृत्युंजय कुमार, सुशील कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# सांसद ढुलू महतो के प्रयास से धनबाद को मिला 1130.54 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट

- दो 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं फूटपाथ का होगा निर्माण
- सभी वादों को एक - एक कर के पूरा करता जाऊंगा : ढुलू महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड के धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के बरवा अड्डा पानागढ़ के निरसा और गोबिंदपुर क्षेत्र में फुटपाथ पुनर्निर्माण और दो 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 1130.54 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जाएगी।धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने इस परियोजना के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी से पूर्व में मुलाकात कर इसे मंजूरी दिलवाने के लिए प्रयास किए थे। सांसद महतो ने इस परियोजना को लेकर मंत्री गडकरी को इलाके की यातायात समस्याओं और विकास की आवश्यकता के बारे में पूरी जानकारी दी थी, जिसके बाद अब यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है।यह परियोजना झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (ह्व-19, पुरानी त्नञ्ज रोड ह्व-02) का अहम हिस्सा है। वर्तमान में इस मार्ग पर संरेखण निरसा और गोबिंदपुर के व्यस्त क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसमें प्रमुख क्रॉस रोड्स के साथ ग्रेड जंक्शन होने के कारण यातायात जाम की समस्या पैदा होती है। प्रस्तावित ग्रेड अलग संरेखण बाईपास इस क्षेत्र में ट्रैफिक की भीड़ को कम करेगा, जिससे झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच यातायात में तेजी आएगी।सांसद ढुलू महतो ने इस स्वीकृति को झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया है। उन्होंने कहा, ÷यह परियोजना न केवल धनबाद और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए विकास का एक नया अध्याय खोलेगी, बल्कि इससे पूरे झारखंड राज्य के यातायात नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा।÷इस परियोजना के तहत 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर बनने से क्षेत्र के यातायात की स्थिति में सुधार होगा और लोगों को यात्रा में अधिक सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही, मौजूदा फुटपाथ का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करेगा कि पैदल यात्री सुरक्षित और आरामदायक तरीके से यात्रा कर सकें।सांसद श्री महतो ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने झारखंड के विकास को प्राथमिकता दी और इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी। चुनाव के दौरान किये हर एक वादे को पूरा जरूर करूंगा।



## देवसेना के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देव सेना की ओर से रविवार को मनईटांड़ बस्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 29 में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी सप्पू महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता कुंभनाथ नाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री बाबी पांडेय शामिल हुए। सप्पू महतो ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है एवं सदस्यों के बीच लिट्टी चोखा का पार्टी आयोजन किया जाता है। रवि सोनी व विवेक गुप्ता ने बताया कि कुम्भनाथ सिंह व लाल बाबू सिंह के नेतृत्व में ही धनबाद का विकास हो सकता है। दोनों की लोकप्रियता को देखते हुए धनबाद के लोग देव सेना से जुड़ कर विकास की गंगा बहाने में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक गुप्ता, रवि सोनी, विकेश भगत, ओम सिंह, बड़े महतो, राहुल कुशवाहा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## राष्ट्रीय सूड़ी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सूड़ी समाज ने रविवार को कोलाकुसमा के उत्क्रमित +2 स्कूल परिसर में आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह के माध्यम से एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक स्थापित किया। इस कार्यक्रम में गोड्डा के पूर्व सांसद सूरज मंडल, पूर्व विधायक अमित मंडल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।समारोह का शुभारंभ सुबह 10 बजे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समाज की एकता और सामाजिक सद्भाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के बिना समाज का विकास संभव नहीं है।राष्ट्रीय सूड़ी समाज के संस्थापक रणबीर भारतीय ने समाज के पूर्वजों के योगदान को याद करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के शहीदों को जानने की जरूरत है और उसे पर बताए गए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धनबाद शहर के बीचों बीच तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नया कार्यालय समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। समारोह में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लेते हुए लोगों ने आपस में गर्मजोशी से बातचीत की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समारोह में चार चांद लगा दिए।समारोह में राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मंडल, झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर निर्मल मंडल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सोनाली मंडल, अमीन मंडल, महुआ मंडल, कल्पना मंडल, राजू मंडल, प्रकाश मंडल, परितोष मंडल, विकास मंडल, गौतम मंडल, राजा मंडल, भोलानाथ मंडल, अजीत मंडल, बुलू मंडल, सरिता मंडल, पंकज मंडल, अर्जुन मंडल, रोहित मंडल सहित सैकड़ों समाजप्रेमी मौजूद थे।

## कोयलांचल कर्मवीर सम्मान सह मिलन समारोह में समाजसेवा के लिये 30 एनजीओ सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय संविधान अंगीकार करने के 75 वें उपलक्ष्य में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह द्वारा पथ निर्माण विभाग, अतिथि शाला बेकार बांध में आयोजित कोयलांचल कर्मवीर सम्मान सह समारोह में 30 एनजीओ को कार्यक्रम की अध्यक्ष शारदा सिंह ने समाज सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष विकराल व सत्यजीत ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आईआईटी आईसीएम के सुनील कुमार,धनबाद के अंचल अधिकारी, मैं हूं धनबाद की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर, मो. सलाउद्दीन, कल्पना झा, प्रवीण कुमार, मनीष मिश्रा, उदयन चटर्जी, राम मनोहर राम मनोहर लोहिया ट्रस्ट के अध्यक्ष कविता मित्रा,रवि रजक योजना एनजीओ, तापस चटर्जी, मो. नईमुद्दीन अंसारी, ए. के. सिंह जीवन, रमेश कुमार, तारा पाठक, पिंकी कुमारी, राधा अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा धनबाद ज़िला के सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों में 30 महिलाओं के लिए आयोजित होने जा रहे सॉफ्ट टॉयज में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का चयन साक्षात्कार का आयोजन गायत्री मन्दिर, सिंदरी में किया गया। चयन के लिए सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों से आई 55 महिलाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें से 30 महिलाओं का चयन प्रथम बैच के लिए किया गया है। निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू होगा, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 4-30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को सॉफ्ट टॉयज में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त कर सकें।सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को स्टाइपेंड एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण का पूरा खर्च वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार वहन करेगी। चयनित महिलाओं को क्रिएटिव डिज़ाइन, उत्पाद निर्माण और विपणन की विस्तृत जानकारी कोलकाता के प्रशिक्षक द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान ही समूह बनाकर उत्पादन केंद्र स्थापित किया जायेगा। चयन को सहायक निदेशक भुवन भास्कर के अध्यक्षता में प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार एवं टिंकरहैट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुंदर लाल ने किया।

## पिंकी देवी के नेतृत्व मे हुआ वन भोज का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के नेतृत्व मे बलियापुर प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य के साथ नव वर्ष के उपलक्ष्य में मैथन डैम में वन भोज का आयोजन किया गया। वन भोज कार्यकर्म मे बीडीओ प्रभाष चंद्र दास, एगारकुंड के प्रमुख संगिता महतो एवं, कार्तिक महतो एवं बलियापुर के सभी पंचायत समिति गण उपस्थित हुए। इस दौरान प्रखंड के विकास को लेकर चर्चा हुई

## किन्नरों ने गरीबों को वितरित किया भोजन, कपड़ा और राशि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गरीबों को भोजन कराने में हमें बहुत संतुष्टि मिलती है और जजमानों के घरों में खुशियां आए इसके लिए दुआ भी करवाती हूं। ये बात रविवार को अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी ने कही। किन्नरों का धनबाद में हुए अंतरराष्ट्रीय महाअधिवेशन की सफलता के बाद छम छम देवी के द्वारा अपने आवास जामाडोबा झरिया में कुष्ठ रोगियों ,विकलांगों और गरीबों को भोजन कराया और कपड़े और राशि का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूरे झारखंड के किन्नरों की ओर से समस्त धनबाद वासियों, जिला प्रशासन, मीडिया की महाअधिवेशन की अपार सफलता में अहम भूमिका निभाने के लिए किन्नर समाज हमेशा सभी सहयोगियों का आभारी रहेगा। मौके पर बंसी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, काजल किन्नर, राखी किन्नर आदि किन्नर मौजूद थे।

## कर्तव्य के 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश 25 में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों ने आईआईटी आईएसएम के कर्तव्य द्वारा आयोजित 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश में भाग लिया। इन विशेष बच्चों ने झारखंड की लोक कला की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस इवेंट में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। झारखंड की समृद्ध लोक कला और संस्कृति को इन बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया । इस आयोजन ने न केवल विशेष बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उनकी क्षमताओं और कला को पहचानने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। पहला कदम परिवार के प्रवक्ता ने कहा हमारे दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को आयोजक ने एक प्लेटफॉर्म देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया इसके लिए हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं।




## बीमा कर्मचारी संघ ने बनाई मानव श्रृंखला




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को बीमा कर्मचारी संघ के धनबाद शाखा के सदस्यों में रणधीर वर्मा चौक पर मानव श्रृंखला बनाई। अवसर था 70 वें जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस के कार्यक्रम में बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को ही जीवन बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण की दिशा में पहला कदम उठाया गया था। जीवन बीमा अध्यादेश की घोषणा के माध्यम से, सभी बीमा कंपनियों के नियंत्रित व्यवसाय का प्रबंधन तत्काल प्रभाव से केंद्र सरकार को सौंप दिया गया था। प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद में घोषणा की थी कि जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण समाजवादी समाज की ओर हमारे मार्च में एक महत्वपूर्ण कदम है। वास्तव में यह देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण था। 1956 से ही एलआईसी राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए भारी निवेश प्रदान करके भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रही है। पूर्व राष्ट्रपति माननीय डॉ अब्दुल कलाम ने सही कहा था कि एलआईसी हर आर्थिक गतिविधि में सरकार की भागीदार रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शाखाओं के साथियों का योगदान महत्पूर्ण रहा।

## स्व. विश्वनाथ गिरी की पहली पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के सरायढेला अंतर्गत कोल फील्ड स्कूल में रविवार को स्व. विश्वनाथ गिरि की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। जहां पुण्यतिथि कार्यक्रम में कई लोगों में स्व. विश्वनाथ गिरि के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। वही लोगों श्रद्धांजलि के बाद मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राथना किया।मौके पर स्वर्गीय बी एन गिरी के पुत्र नवीन गिरि ने बताया कि कोलफिल्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन के संस्थापक तथा धनबाद के जाने-माने शिक्षाविद् बीएन गिरि का निधन पिछले वर्ष हो गया। सत्तर के दशक में धनबाद में मिशनरी स्कूलों से इतर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल की शुरुआत करने वाले बीएन गिरि ने हीरापुर पार्क मार्केट के निकट कोलफिल्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन की शुरुआत की थी।लंबे समय तक स्कूल इसी स्थान पर चला। बाद में स्कूल को लोहारकुल्ही सरायढेला में शिफ्ट कर दिया गया।पिछले साल उन्होंने अपने लोहारकुल्ही निवास स्थान में अंतिम सांसें ली। खुदिया घाट, गोविंदपुर में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था।उनके निधन से धनबाद के शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। पुराने विद्यार्थी अधिवक्ता सुबोध कुमार ने कहा कि वे विद्यार्थियों को हमेशा अनुशासित और पढ़ाई के प्रति हमेशा गंभीर एवं अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हैं फलस्वरुप हमारे स्कूल के कई विद्यार्थी वर्तमान में उच्च पदों पर आसीन है। श्रद्धांजलि देने में अधिवक्ता सुबोध, अमरजीत सिंह, सुनील कुमार, शंकर महतो, संजय प्रसाद, संजय चौरसिया, जयदीप मलिक, पंकज चौरसिया, कौशल कुमार स्कूल के पुराने खेल शिक्षक हावला दा समेत अन्य पुराने शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उच्च विद्यालय बलियापुर के प्रांगन में ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ धनबाद जिला ईकाई का एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष मो हकिमूददिन अंसारी कि अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष संजित कुमार भण्डारी ने किया। बैठक में मुख्य तौर पर उपस्थित, अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुमताज अंसारी, वक्ता के रूप में नरेंद्र महतो, बिनोद कुमार, मधेश्वर नाथ भगति, मनोज महतो, फहिमा अजहर, बैठक में धनबाद जिला के सभी प्रखंडों से प्रेरक भाई बहनों ने भाग लिया और अपनी-अपनी बातों को रखा। जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष संजित कुमार भंडारी ने कहा कि 31 मार्च 2018 को तत्कालीन केन्द्र और प्रदेश के भाजपा सरकार ने केंद्र प्रायोजित साक्षर भारत कार्यक्रम मे कार्यरत प्रेरकों का बकाया मानदेय को भुगतान किए बगैर स्थगित कर दिया जिससे धनबाद जिला के



लगभग 800 प्रेरक भाई बहन बेरोजगार हो गए। उम्र कि इस पड़ाव में न कहीं दैनिक मजदूरी कर सकता है न अन्य कोई नियोजन के लिए आवेदन कर सकता है। जबकि साक्षरता प्रेरकों में से बहुत सारे साथी ने तो अपनी आधी से ज्यादा उम्र को साक्षरता में ही निछावर कर दिया है दुखद बात और बहुत साथी हमारे बीच नहीं रहे है। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मो0 मुमताज अंसारी ने कहा कि प्लस पोलियो, सर्व शिक्षा अभियान, लाल कार्ड, मनरेगा जैसे सरकार का तमाम कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफलता पूर्वक उतारने का काम किए, फिर भी आज प्रेरकों का अस्तित्व दांव पर है इसलिए फिर एक बार 2018 जैसा प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर जरूरत पड़ने पर राज्य स्तर पर आंदोलन करने का ऐलान कर दिए, उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों के नेतृत्व कारी साथीयों को आगे बढ़कर कदम उठाने कि जरूरत है उन्होंने कहा कि मैं स्वयं सभी प्रखंडों में समय देकर संगठन को मजबूत करते हुए जोरदार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। अंत में जिला अध्यक्ष मो हकिमूददिन अंसारी ने कहा कि तत्कालीन केन्द्र और प्रदेश का भाजपा सरकार ने प्रेरकों के साथ ठीक नहीं किया। इसलिए वर्तमान इंडिया गठबंधन कि सरकार से हम सभी प्रेरकों का एक आशा और उम्मीद है कि हम प्रेरकों को पंचायत स्तरीय तमाम बहाली में प्राथमिकता के आधार पर नियोजन कि मांग करेंगे। अंत में सभी साथियों को धन्यवाद देते हुए सभा को समाप्त का घोषणा किए। बैठक को सफल बनाने में सरस्वती देवी, बाबुलाल गोराई, शिवचरण, पुषपिता, अताउल, मोकिम, अनिता, रीना कोशल्या, गुड़िया, जोसना, राजु रजक, रब्बुल हसन, निलम देवी, निमाई चन्द्र, प्रदिप कुमार, सुनिता देवी, दिपक मंडल, चण्डी चरण पाण्डेय आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु पदों के लिये आधिकारिक अधिसूचना जारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण 27 जनवरी, 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट agnip athva yu.c dac. in पर किया जा सके गा।उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 7 जनवरी 2025 सुबह 11 बजे से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008( दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्में अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मिलन चौक स्थित टाइनी टास्क विद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

# लोहरदगा के टाइनी टास्क विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा अचंभित करने वाली है : डीआईजी नौशाद आलम





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मिलन चौक स्थित टाइनी टास्क और त्रिवेणी कॉन्वेंट में वार्षिक उत्सव, रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा अचंभित करने वाली है छोटे-छोटे बच्चों ने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का दर्शन जिस रूप में कराया उसे देखकर पूर्ण विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि ये बच्चे वास्तव में भविष्य में अपने परिवार, जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विद्यालय के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जिस बाग में सतरंगी फूल खिले होते हैं वही बाग देखने में सुंदर और मनमोहन लगते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना काल से ही इस विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में अनूठा बनाने का मेरा संकल्प था और आज इन छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा को देखकर में प्रफुल्लित मन से कह सकता हूं कि यहां के शिक्षकों ने काफी परिश्रम से इन्हें गढने का कार्य किया है और अभिभावकों का सहयोग भी सराहनीय रहा है। हमारा शुरू से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास करना लक्ष्य रहा है। और हम इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, आधुनिक टेक्नोलॉजी और विज्ञान के साथ कला पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है । विद्यालय के डायरेक्टर आजातशत्रु ने,विद्यालय विकास से संबंधित भाभी योजनाओं की विस्तार से रूपरेखा रखा जबकि प्रबंधक और शैक्षणिक मार्गदर्शिका जानवी सिंह ने आगत अतिथियों एवं अभिभावकों के समक्ष विद्यालय में संचालित संपूर्ण गतिविधियों को विस्तार से रखने का काम किया। उल्लेखनीय है कि वार्षिक उत्सव का आयोजन टाइनी टास्क के एडमिनिस्ट्रेटर मिस्टर रघुवीर शर्मा की देखरेख में किया गया। उत्सव में कक्षा एल केजी से कक्षा 5 तक के सभी छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलन मिस्टर प्रवीण कुमार सिंह, मिसेस जाह्नवी सिंह, मिस्टर अजातशत्रु, मिस्टर रघुवीर शर्मा, और मिस्टर शंकर झा ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं और अभिभावक गण उपस्थित थे। बच्चों ने अनेक कार्यक्रम जैसे राजस्थानी नृत्य, गणेश वंदना, तेलांगाना नृत्य, मणिपुरी नृत्य, डिस्को डांस, पहाड़ी नृत्य, कव्वाली, तथा हिंदी और अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया, जो कि बड़ा ही मनमोहक और लुभावना था। इस कार्यक्रम के मंच संचालक हिज्जा आलिया,जैनब कशिश,खुश केसरी, उत्कर्ष कुमार, अभिरूप शौर्य, रितिका उरांव, आर्यन कुमार, सांची कुमारी, नवसीन आरा, अयांश राय, अल्पेश टोप्पो, आश्रित भगत, विक्रांत राज, आरुषि सौम्य मेहता, जयेश मंयक, लक्ष्मी भगत और यस्मित उरांव थे। इस वार्षिक उत्सव को मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मसंयम,विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना होता है। टाइनी टास्क की डायरेक्टर मिसेस जाह्नवी सिंह ने बच्चों को बताया कि वार्षिक उत्सव का बच्चे और शिक्षक बड़ी उत्सुकता से इंतजार करते हैं,क्योंकि चारों ओर उत्साह और तमाम गतिविधियां दिखाई देती है ।बच्चों को थोड़ा कम पढ़ने का बहाना मिल जाता है।

## युवाओं के लिए ऊर्जा का केंद्र है मन की बात कार्यक्रम : सचिन कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 108 वां प्रसारण भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोगों ने सुना। यह प्रधानमंत्री का वर्ष 2025 का पहला मन की बात रेडियो कार्यक्रम महिने के अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के वजह से तीसरे रविवार को प्रसारण किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से लोगों के अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने महाकुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के एपिसोड लोगों के लिए प्रेरणा दायक होता है और जिसमें कुछ कर गुजरने की जज्बा होती है, वह नयी सोच के साथ समाज के बेहतरीन के लिए चाहे वह पर्यावरण का क्षेत्र हो या स्वच्छता का सभी देश सेवा में लगे रहते हैं।उन्होंने कहा कि मन की बात एक ऐसा कार्यक्रम बन चुका है।जिसके माध्यम से देश में छुपे हुए प्रतीभा को बाहर निकलने का एक जरिया बन चुका है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चर्चाओं में भाग लेते हुए डॉ.भीमराव अंबेडकर,डॉ.राजेंद्र प्रसाद और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं।इसमें डॉ.अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होना डॉ.राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे।उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से लोग काफी लाभान्वित होते हैं। इसलिए आगे भी सुनने के लिए देश वासियों को प्रेरित करते रहेंगे।


## प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का 118 वां एपिसोड का लाईव भाजपाईयो ने प्रखंड के अनेक बूथों मे सुना प्रसारण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 जनवरी रविवार को कैरो प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के अनेक बूथों पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम की 118 वे एपिसोड का लाईव प्रसारण सुना। इस अवसर पर प्रखंड के बूथ संख्या 174 मे लाईव सुनने के पश्चात भाजपा कैरो प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने कहा कि पीएम मन की बात कार्यक्रम महिने के अंतिम रविवार को प्रसारित की जाती है लेकिन इसबार महिने की अंतिम रविवार 26 जनवरी 75 वें गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे 19 जनवरी को ही पीएम ने प्रसारित की। अध्यक्ष ने कहा कि 118 वें एपिसोड में पीएम ने संविधान सभा के डा0 भीमराव अम्बेडकर, डा0 राजेन्द्र प्रसाद, एवं डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का लाईव डिवेड प्रसारण मे सुनाते हुए कहा कि महापुरुषों के इन विचारो से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में हमें कार्य करने की आवश्कता है। उन्होंने कहा भारत लोकतंत्र की जननी है,देश का लोकतंत्र समृद्ध और सशक्त है। 118 वे एपिसोड मे पीएम ने प्रयागराज में महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि महाकुम्भ का उत्सव विविधता में एकता का उत्सव है, उन्होंने इस एपिसोड में अंतरिक्ष में पौधे उगाये जाने पर भारतीय वैज्ञानिकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही इस एपिसोड में पीएम ने देश से संवधित अनेको उपलब्धियों, समाजिक विषयो पर चर्चा देशवासियों से की। उक्त अवसर पर धूचु उराँव, कमल साहू, विजेश महतो, विदेशी उराँव, किशोर साहू इत्यादि अनेको कार्यकर्ताओं ने पीएम मन की बात कार्यक्रम का 118 एपिसोड प्रसारण सुना।

## सांसद सुखदेव भगत तुरिया उरांव के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा के अध्यक्ष किशोर उरांव के सेवानिवृत शिक्षक एवं पूर्व पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष तुरिया उरांव का कल रात्रि 10:00 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। इस बात की जानकारी मिलते ही आज लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत हरमू गांव पहुंचकर तुरिया उरांव के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस दौरान वे शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दिवंगत तुरिया उरांव के द्वारा समाज में किए गए कार्यों को लोग हमेशा याद रखेंगे। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, फूलदेव उरांव, मनोज सोन तिर्की भी शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पौधशाला स्थित जंगल को बचाने का लिया संकल्प



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल के सगमा प्रखंड अंतर्गत मकरी गांव के ग्रामीणों ने पौधशाला स्थित जंगल को बचाने का लिया है। संकल्पित ग्रामीणों को वन विभाग से मदद की दरकार है।बताते चले की बीते शनिवार को स्थानीय मीडिया सगमा प्रखंड के मकरी पौधशाला से कीमती लकड़ी काटा गया था। इसके बाद रविवार को ग्रामीणों ने बैठक कर जंगल बचाने का संकल्प व्यक्त किया है।जंगल परिसर में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की समाचार पत्र के माध्यम से पता चला की मकरी जंगल से कीमती पेड़ो की कटाई हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है की जंगल के द्वारा हम सभी ग्रामीणों को आपात स्थिति में काफी मदद मिलता है। जाड़े के मौसम में मकरी के ग्रामीण जंगल से लकड़ी चुनकर लाते है। ठंड से बचने के लिए आग जलाकर आराम से तापते है। साथ ही गांव के लोग किसी की मृत्यु होने पर जंगल में पड़े सुखी लकड़ी से शव जलाते है। मगर कुछ लोगो की नज़र कीमती लकड़ी पर नजर रहता है।कभी कभी मौका पाकर लकड़ी काटकर लेजाते है, मगर हम सभी ग्रामीण उक्त जंगल को बचाने के लिए तैयार है। हम सभी ग्रामीण इसके लिए वन विभाग से मांग करते है की रात्रि सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को टार्च के साथ साथ जंगल बचाने में सहयोगी अन्य सामग्री उपलब्ध कराया जाये। जिससे हम लोग रात्रि के समय भी जंगल में जाकर इसकी रक्षा किया जा सके।साथ साथ ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा की जंगल परिसर में खाली पड़े भूमि पर कीमती पोधा लगवाया जाये।

## बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के वरीय जिलाउपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से मिला.श्री चौबे ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया. इसके अलावा उन्होंने विधायक संजय सिंह यादव को एक ज्ञापन भी दिया.ज्ञापन के माध्यम से बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग की गयी है.संतोष कुमार चौबे ने विधायक श्री यादव को बताया कि बिश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है. अनुमंडल बनवाने की मांग भी वर्षो पुरानी है. उन्होंने श्री यादव से बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने में मदद करने का अपील भी किया. विधायक श्री यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचायेंगे. राज्य सरकार जनभावनाओं के अनुरूप फैसला लेगी. प्रतिनिधिमंडल में ऊंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, शैलेश चौबे, आलोक चौबे सहित कई कांग्रेसी नेता शामिल थे।

## राष्ट्रहित के लिये भारतीय जनता पार्टी तात्पर्य : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रविवार को कुम्बा टोली में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारतीय जनता पार्टी में जोड़कर देश हित के कार्य के लिए प्रेरित करना भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान एक महा अभियान की तरह लोहरदगा जिला में मनाया जा रहा है। इस अभियान के अवसर पर पार्टी हित के लिए लोग हजारों की संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ये अभियान प्रतिदिन लोगों के बीच चलाया जा रहा है। मौके पर चंदू राम, विजय राम, चंदेश्वर राम, मुकेश राम, सूरज राम, करपु उरांव, भवानी साहू, राव राजा राम, संतोष राम, मोतीराम, प्रमोद राम, नीरज राम, विक्की कुमार साहू, प्रेम राम, दीपक साहू के साथ अन्य लोग शामिल थे।

### लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद का हुआ भव्य समापन

## लोहरदगा मेरा परिवार है और पुरे पलामू का परिवार अपना समझता है : राधा कृष्ण किशोर

## लोहरदगा को खेल का हब बनाना दिली तमन्ना है : धीरज प्रसाद साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 67 वीं राज्यस्तरीय एथेलेटिक्स मीट का सफल आयोजन जिला एथेलेटिक्स एसोशिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राधा कृष्ण किशोर वित्त मंत्री झारखंड सरकार को उर्स लाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्राओं तथा आदिवासी नृत्य के साथ कला उत्सव कमिटी द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। मंत्री द्वारा स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खेल में अनुशासन होना आवश्यक है, लोहरदगा को मैं अपना परिवार जैसा समझता हुँ चुंकि मेरे बड़े भाई शिव प्रसाद साहू का पलामू से गहरा और पारिवारिक अच्छा रिस्ता रहा है इसलिए पूरा पलामू लोहरदगा को अपना छोटा भाई समझता है, धीरज प्रसाद साहू और इनका परिवार द्वारा झारखण्ड के सबसे पुराना एथलेटिक मीट का आयोजन का गवाह बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, मैं लोहरदगा जिला के तमाम लोगों को आश्वास्त करना चाहता हुँ की लोहरदगा की कोई भी समस्या होंगी मैं उसे पूर्ण कराने की गारंटी देता हुँ उन्होंने एथलेटिक ग्राउंड बनाने निमित्त आवश्यक कार्यवाई करूँगा और एक अच्छा खेल स्टेडियम दूंगा, उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा देते हुए कहा की खेल और खिलाडी अनुशासन से ही आगे बढ़ते है। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद सह जिला एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मेरा जन्म भूमि और कर्म भूमि लोहरदगा रहा हुँ और मैं लोहरदगा को खेल हब बनाना चाहता हुँ, उन्होंने वित्त मंत्री से आग्रह किया की ललित नारायण स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराने और स्टेडियम का कायाकल्प कराने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने कहा की खेल और शिक्षा से सबकुछ हासिल किया जा सकता है 7 धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आयोजन सचिव संजय कुमार साहू द्वारा किया गया। खेल कूद आयोजन को सफल बनाने में संजय साहू, सैफाली साहू, सबिता साहू, साईमा साहू, भावना साहू, दुर्गेश साहू, सौरभ साहू, रीना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद, फुलझरी देवी प्रमुख सेन्हा,निशीथ जायसवाल, संजय बर्मन, राजकिशोर महतो, ऑफिशल अरुण राम, रश्मि खेस, संध्या सिंह, जोहरा जमाल, मुमताज अहमद, मुरारी गोस्वाम, नसीम अख्तर, नईम खलीफा, दिनेश साहू, साबिर हुसैन, तकनीकी पदाधिकारी अनवर हुसैन, अजय प्रसाद, सोमा उरांव, राकेश सिंह, एम वी राव, अभिजीत पात्रा, मोहम्मद कमरुद्दीन, मिथिलेश सिंह, पिंटू सिंह, जयश्री गोराई, सागर, नवीन कुमार, लक्ष्मण राम, सुनील यादव, क्यूंम खान, तबारक अंसारी, अजय अग्रवाल, नम्रता भगत, मुमताज़ अहमद, मो.मानिरुद्दीन, फराज अहमद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 136 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 51 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की मानव शरीर बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त होता है, और इस शरीर को बीमारियों से बचाएं खत्म ना होने दें, इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि होने वाली बीमारियों का पता चल सके और समय रहते बीमारियों को दूर किया जा सके, और कहा की अपने स्वास्थ चेकअप कराने में बिल्कुल ही संकोच न करें, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहती है, जो कि चेकअप कराने के बाद ही जानकारी प्राप्त होती है इस शिविर में चेकअप कराने के बाद बहुत से मरीज़ों का बी पी, शुगर, थायराइड, यूरिक एसिड, विटामिन डी आदि काफी बढ़ी हुई निकली और कुछ लोगों की काफी कम भी थी जो आगे जाकर काफी नुकसान दे सकते है,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना और अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करा कर बीमारी की जानकारी प्राप्त कर इलाज करवा रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। पैथोलॉजी के राजीव यादव भी यहाँ समय दे रहे हैं आज शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजीव यादव, अतुल सर्राफ, शकुंतला देवी, प्रदीप साहू, बिंदेश्वरी देवी, डोमन चंद्र कर्मकार, वीरेंद्र साहू, रमेश कुमार, अनीता देवी, तपेश्वर अग्रवाल, राजेश कुमार, अनिल वर्मा, राजीव कुमार सिंह, विजय चंद्रशेखर, वीरेंद्र कुमार, संगीता देवी, लाल मुनी देवी, शिव कुमार, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, महेश कास्यंकार, सच्चिदानंद अग्रवाल, सुमन देवी, ओम कास्यंकार, रीता देवी, किशोर अग्रवाल, प्रभु दयाल, अग्रवाल रामजी प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद साहू,केशव महतो, अनूप महतो, कृष्णा प्रसाद, गुंजन देवी, उदय कास्यंकार, अफरोज आलम, प्रभु साहू, पीयूष कुमार, तारा राय भंडारी आदि उपस्थित थे।

## मजदूरों का शोषण बंद करें पूंजीपति : महेश कुमार सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 19 जनवरी 2025 साप्ताहिक 90 घंटा काम मजदूरों का आर्थिक, सामाजिक तथा मानसिक शोषण का द्योतक मजदूरों को समझू साहू का बैल न बनावे पूँजीपति यह बात राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन ए आई सी सी टी यू (ऐक्टू) की संबद्ध ईकाई झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित समाहरणालय लोहरदगा के समक्ष इक्युलिप्टस मैदान में विरोध दिवस का संबोधन करते हुए ऐक्टू झारखण्ड के राज्य सचिव महेश कुमार सिंह ने कहा 1886 के अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों द्वारा किये गये आन्दोलन, मजदूरों की कुर्वानी एवं उससे प्राप्त 8 घंटा काम, 8 घंटा आराम और 8 घंटा मनोरंजन की उपलब्धि को याद कराते हुए कहा कि इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के द्वारा सप्ताह में 70 घंटा काम करने की सलाह मजदूरों को समझू साहू का बैल बना देने वाला सलाह तो है ही उपर से लार्सेन एवं टूब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन का बयान कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटा काम करना चाहिए और रविवार को भी उनको काम करना चाहिए एक तो करेला तीती दूजे नीम चढ़ी के समान है। ऐक्टू इन पूँजीपतियों की कथनी और दुर्बुद्धि का घोर-घोर निंदा करते हुए इसे वापस लेने की मांग करता है।इसके लिए इन्हें मजदूरों एवं मजदूरों के संगठन से भी माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि एल एंड टी के चेयरमैन सुब्रमण्यन तो इतना नीचले स्तर पर गिर गये कि उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि आप (मजदूर) अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं। यह औरत जाति की प्रतिष्ठा पर महा- आघात है।उन महाशय को यह बात बोलते हुए अपने ऊपर स्वंय शर्म करना चाहिए था। ज्ञातव्य हो कि एक तरफ विकसित देशों में मजदूरों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए काम के घंटे को कम किया जा रहा है,इसका उदाहरण नीदरलैंड है,वहीं भारत के ऐसे पूँजीपति देश को पुनः गुलाम की अवस्था में ले जाना चाहते हैं।ये अंग्रेजों के चाटुकार मजदूर को मनुष्य समझते ही नहीं हैं। दुःख तो तब और बढ़ जाता है, जबकि इस बात पर भारत सरकार आज तक मौन है।उन पूँजीपति महोदय को असलियत का यह भी पता नहीं है कि लम्बे समय तक काम करने से उत्पादकता और रचनात्मकता तथा दक्षता घटता है तथा इससे कर्मचारियों के सेहत पर प्रभाव भी पड़ता है। क्योंकि एक बार जब कर्मचारी थकान के एक निश्चित बिन्दु पर पहूँच जाता है तो ध्यान केंद्रित करने में एवं एकाग्रता में कमी आ जाती है। साथ ही, लगातार अधिक देर तक काम करने से शारीरिक एवं मानसिक थकावट होती है और मजदूर बीमार हो जाते हैं, जिससे उन्हें छुट्टी लेनी पड़ती हैऔर इसका असर उत्पादकता पर पड़ता है। काम की लम्बी अवधि मजदूरों में तनाव, चिंता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ा देती है, जिससे उत्पादकता में ह्रास होता है। इसलिए भारत जैसे अविकसित देश में पहले मजदूरों के सेहत तथा वेतन-भत्ते पर ध्यान केन्द्रित करते हुए काम के घंटे की बात करनी चाहिए। विरोध दिवस में काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए अजमेर में निकला संघ का विशाल पथ संचलन

**अजमेर :** राष्ट्रीय स्वाभिमान के जन जागरण के उद्देश्य से अजमेर शहर में 19 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला। तोपदड़ा स्थित स्कूल के मैदान पर एकत्रित हजारों स्वयंसेवकों को क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम का मार्गदर्शन मिला। शताब्दी वर्ष में निकला पथ संचलन पंच परिवर्तन, सामूहिक समरता, स्वदेश, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण को लेकर काम करने की प्रेरणा व संदेश दे गया। पथसंचलन में 11 नगरों के 500 घोष वादक सहित हजारों स्वयं सेवक शामिल हुए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए निम्बाराम ने कहा कि हम विजय की ओर बढ़ते जा रहे हैं। संगठन का भाव भरते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में अजयमेरु महानगर से निकलने वाले पथ संचलन का हिस्सा बनने पर सभी को बधाई है। उन्होंने कहा कि कदम से कदम मिलाकर चलने पर तथा स्वर से स्वर मिला कर बोलने पर मन मिलते हैं। इसी मंत्र को हमारे पूर्वजों ने अपना कर शीर्ष प्राप्त किया था। भारत माता को फिर से शीर्ष पर विराजमान करने के लिए हम सब संकल्पित है। यह पथ संचलन दुर्जन शक्ति में भय सज्जन में सात्विक शक्ति का प्रदर्शन है।क्ष्अजयमेरु महानगर के संघ चालक खाजू लाल चौहान ने बताया कि 19 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे स्वयंसेवक संघ की गणवेश में तोपदड़ा स्थित स्कूल के मैदान पर एकत्रित हुए। यही से घोष की मधुर धुन के साथ स्वयंसेवकों का पथ संचलन शुरू हुआ।यह पथ संचलन तोपदड़ा के रेलवे फाटक से निकल कर सूचना केंद्र चौराहा, आगरा गेट नया बाजार चौपड़, कड़क्का चौक, धानमंडी, दरगाह बाजार, नला बाजार, मदार गेट, क्लॉक टावर, पुलिस स्टेशन, स्टेशन रोड, गांधी भवन, कचहरी रोड होते हुए पुनः तोपदड़ा स्कूल मैदान पर संपन्न हुआ। इस पथ संचलन में शहर के हर घर से एक युवा शामिल हुए। देश के स्वाभिमान के खातिर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

### उर्दू शिक्षक संघ का शिक्षक समागम आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय शिक्षक समागम सह मिलन समारोह डिमना झील में संपन्न हुआ। जिसमें राज्य के विभिन्न जिला के शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। रांची, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम आदि जिला से आये संघ के पदाधिकारी शिक्षक समागम में शामिल हुए। पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक समागम सह मिलन समारोह का सफल आयोजन डिमना झील, जमशेदपुर में किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद थे तथा केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान की अध्यक्षता में समागम हुआ। रांची से केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, प्रवक्ता शहजाद अनवर, अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान, उपाध्यक्ष साबिर अहमद, खजांची मकसूद जफर हादी, लोहरदगा जिला के अध्यक्ष एनामुल हक, सचिव तौहीद आलम, उपाध्यक्ष शहादत हुसैन, अली रजा अंसारी एवं आलमीन अंसारी, गुमला के जिला अध्यक्ष सरवर आलम एवं शमीम खान, बोकारो से जिला अध्यक्ष मुफीद आलम, सचिव शहनवाज अंसारी एवं मो जिलानी, सरायकेला से अध्यक्ष गुलाम अहमद, उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी एवं सचिव रुबी तरन्नुम एवं पूर्वी सिंहभूम के संरक्षक साजिद अंसारी, अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी, कैसर आलम अंसारी, नौशाद आलम, प्रो जावेद अख्तर मुख्य रूप से शामिल हुए।

### हर दिन कंबल का वितरण कर गरीबों की दुआ ले रहे हैं मनोज सिंह

# मेरे जीवन का लक्ष्य है गरीबों की सेवा : मनोज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह डोर टू डोर कैंपनिंग कर सेवा कार्य कर रहे हैं। इस बार का अभियान कंबल वितरण का हैं। निगम क्षेत्र के 35 वार्ड में दस हजार कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। रविवार को इस अभियान के तहत भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह वार्ड नंबर एक के सिंगरा, पुलिस लाइन रोड़, सुदना के अघोर आश्रम रोड, पटेल नगर, बैक कॉलोनी, निमिंया आदि इलाकों में भ्रमण कर कंबल का वितरण किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि राजनीति को वह सेवा का मिशन मनाते हैं। सेवा के मिशन को लेकर हीं वह राजनीति में आये हैं। जनता के आशीर्वाद से पद पर रहने के वक्त भी, और उसके बाद भी जनता की सेवा में पूरी सक्रियता के साथ लगे हैं। जनता के प्रति अपनापन का भाव हैं। इसलिए वह अपनों के बीच रहते हैं। सामर्थय के अनुसार सेवा भाव के कार्य को आगें बढ़ाते हैं, ताकि इसके माध्यम से वह लोग से मिलते जुलते रहे, जिससे आप हमारे और हम आपके की भाव मजबूत हों सके। जनता की उम्मीद को वह कभी टूटने नहीं देगे, जन विश्वास की रक्षा हीं उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य हैं। मौके पर रोहित, जुगनू, अमित सिंह, रोशन सिंह, यशवंत सिंह, लवकुमार राम, अंतूल सिंह, रणजीत राम, केश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।



### अब तक तीन हजार कंबल का हो चूका हैं वितरण

इस अभियान के तहत अब तक तीन हजार से अधिक कंबल का वितरण हों चूका हैं। इसे लेकर टीम मनोज सिंह द्वारा कोई तामझाम नहीं किया जाता हैं। भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह भ्रमण पर निकलते हैं। लोगो से मिलते हैं। स्थानीय लोग जिसके बारे में जानकारी देते हैं,उनके घर जा कर मनोज सिंह द्वारा सम्मान पूर्वक कंबल और गर्म शाल उपलब्ध कराया जाता हैं। इस अभियान की शुरुआत बेलवाटिका, कान्दू मुहल्ला, पंम्पूकल, सेमरटांड, नावाटोली, कल्याणपुर आदि इलाको से की गयी थी।

### मदरसा के बच्चों के बीच हुआ कंबल वितरण

**रांची।** डोरंडा परसटोली में मदरसा रहमानी के ब्रांच में फिल्म एक्टर देवेश खान ने गरीब बच्चों के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि आज मदरसा रहमानिया के बच्चे दीनी तालीम हासिल कर रहे हैं । उन्होंने मदरसा के हाफिज मिकाइल साहब की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतरीन तालीम दे रहे हैं । यहां पढ़ने वाले बच्चों के गार्जियन भी खुश हैं । यहां के बच्चे देवेश खान के सामने दीन और दुनिया के बारे में बताया। देवेश खान ने कहा के मदरसा के बच्चों को अच्छी तालीम मिले उसके लिए जरूरतमंद लोगों को मदद करनी चाहिए । इस मौके पर हाफिज मिकाइल, हाफिज इजराइल मोहम्मद तौहीद और बुलंद अख्तर समेत मदरसा के बच्चे मौजूद थे ।

## सेना दिवस पर मिनी मैराथन का आयोजन




एजेंसी

**शिमला :** सेना दिवस 2025 के उपलक्ष्य में शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा रविवार को ÷खेलो इंडिया÷ और ÷फिट इंडिया÷ अभियानों के तहत एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल सेना दिवस की भावना का सम्मान करने के उद्देश्य से किया गया, बल्कि युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए भी था।मिनी मैराथन में 5 किलोमीटर ÷रन फॉर फन÷ और 10 किलोमीटर ÷मिनी-मैराथन÷ की दो श्रेणियों के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत शिमला के ऐतिहासिक ÷द रिज÷ से हुई, जिसे लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, जीओसी-इन-सी, सेना प्रशिक्षण कमान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस प्रतियोगिता में पुरुष, महिलाएं और बच्चे सहित कुल 647 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह आयोजन शिमला में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और फिटनेस के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।प्रतियोगिता के अंत में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया गया। 10 किमी और 5 किमी की दौड़ों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में पुरुष वर्ग में नायक कुलबीर सिंह, श्री बलबीर कुमार, सिपाही राहुल यादव, सीएचएम विजय राउत रहे। इसी तरह महिला वर्ग में श्रीमती सुनीता, श्रीमती हिमानी, श्रीमती सोनिया, श्रीमती प्रतिभा शर्मा और बाल वर्ग मेंस्टर राम किशन, मास्टर यशस्वी शर्मा, कुमारी दिव्यांशी, कुमारी गुरबानी शामिल हैं।लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम सेना दिवस की भावना को समर्पित है, जो राष्ट्र और उसके नागरिकों के प्रति सशस्त्र बलों की अटूट प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है। उन्होंने कहा कि मिनी मैराथन जैसे आयोजन युवाओं को न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें देशभक्ति और सेना में शामिल होने की भावना भी जाग्रत करते हैं।

## सांसद बीडी राम के नेतृत्व में बीएन कॉलेज के मैदान में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज नगर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या - 152,153,154 पर बीएन कॉलेज के मैदान में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान सह- मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ लोगों ने न सिर्फ प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना बल्कि सैकड़ो लोगों ने अपने मोबाइल से 8800002024 नंबर पर मिस कॉल कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी ग्रहण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो हर एक 6 साल में सदस्यता अभियान चलाती है.कहा की सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर पार्टी अपना काम करती है, सभी वर्ग समुदाय एवं



जाति से ऊपर उठकर गरीबों का उत्थान और मानवता वाली सोच ही पार्टी के सोच की केंद्र बिंदु है.उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है। कार्यकर्ता हर मोहल्ले, हर गांव, हर घर में जाकर पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा से जुड़ने की अपील की.मौके पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब,असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच माननीय सांसद के द्वारा 150 कंबल का वितरण भी किया गया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थीं।

# फिल्म स्टार सोनू सूद के हाथों सम्मानित किए गए पर्यावरणविद डॉ कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के होटल रेडिएशन ब्लू के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को देश ही नहीं विदेशों में भी पर्यावरण को बचाने व प्रदूषण को भगाने में अपने जीवन को समर्पित करने के लिए कोरोना योद्धा व सुपर फिल्म स्टार सोनू सूद ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह बतातें चलें कि इससे पहले भी अबतक उन्हें देश के कई हिस्सों और विदेशों में भी पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए 67 बार विभिन्न अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका




है। उक्त सम्मान इस वर्ष का दूसरा व जीवन का 68 वां अवार्ड है। कार्यक्रम में सोनू सूद ने डॉ कौशल को मुंबई आने का आमंत्रण भी दिया। अपने संबोधन में पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि पर्यावरण के दूसरा मूल मंत्र के अनुरूप फिल्म स्टार सोनू सूद ने कोरोना काल में निजी खर्च से कई लोगों की जान बचा कर समाजसेवा का मिसाल कायम किया है।वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर लोगों को संबोधित करते हुए पर्यावरण धर्म, प्रकृति और प्रदूषण के बारे में कई रोचक जानकारियां दी। जिसे वहां उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका समर्थन व स्वागत किया। श्रीजायसवाल ने कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं जाता परंतु दूरदृष्टि, कड़ी मेहनत व पक्का इरादा के साथ हर मानव को कार्य को करने का हौसला होना चाहिए। उन्होंने अपनी जन्मभूमि से निकलकर देश ही नहीं देश विदेश में भी पर्यावरण धर्म वन राखी मूवमेंट का परचम अपने निजी खर्चे पर लहरा कर डाली और पलामू झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि मानवी भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए। कई समाप्ति के कगार पर है। अकेले भारत में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व की संकट से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फ़ीसदी प्रजातियां और पानी में रहने वाले जीवों की 47 फ़ीसदी प्रजातियां और 11047 प्रकार के मछलियों पर विलुप्त होने की खतरा मंडरा रहा है। ऐसी हालात में आने वाले पीढ़ी को जवाब देने के लिए हमसबों के पास कोई शब्द नहीं है। मौके पर अविनाश देव, राहुल जायसवाल, रोहित जायसवाल, ज्योति जायसवाल, आकाश जायसवाल समेत काफी संख्या में राज्य के कोने-कोने से अपने-अपने काम के हीरो शामिल थे।


### प्रवीण प्रभाकर ने आजसू का दामन थामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बुरी तरह से हार का सामना करने वाले आजसू पार्टी के कार्यकर्ता गण पार्टी से इस्तीफा दे रहे है तो वहीं दूसरी ओर झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर का आजसू का दामन थाम कर सबको चौंका दिया है। प्रवीण प्रभाकर ने आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ मिलकर नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। प्रवीण ने कहा झारखंड आंदोलन की उपज है और आजसू लंबे समय से आंदोलन को लेकर आगे बढ़ने का काम किया है। आज फिर से आंदोलन की जरूरत है और मिलकर झारखंड की स्मिता और जल जंगल जमीन और आदिवासियों की हित के लिए आंदोलन करेंगे। वहीं सुदेश ने कहा झारखंड की जनता ने जिस पार्टी को सरकार बनाने का मौका दिया है जो वादे जनता से करके सरकार आई है जन मुद्दो को पूरा करने का काम करे नहीं तो हम सड़क पर आंदोलन करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने पक्षियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग को दिए निर्देश

एजेंसी

**धर्मशाला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के तीसरे दिन रविवार को पौंग डैम में पक्षियों को निहारा और प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बाथू की लड़ी में प्राचीन मंदिरों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि साइबेरिया और मंगोलिया से प्रवासी पक्षी पौंग डैम में आते हैं यह देश भर से आए पर्यटकों का मुख्य आकर्षण होते हैं। उन्होंने वन विभाग को इन पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए दो नावें पहले ही तैनात की जा चुकी हैं और आगंतुकों के लिए दो अन्य स्पीड



बोट की सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पहल से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पिछले वर्ष इस क्षेत्र में लगभग 25 से 30 हजार पर्यटकों ने भ्रमण किया था। क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौंग डैम के निकट क्षेत्रीय जल केन्द्र में जल क्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के बासा में 3.20 करोड़ रुपये की लागत से वाइल्ड लाइफ इटरप्रिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है ताकि पर्यटकों को बेहतरीन अनुभव प्राप्त हो और वन्य जीव से संबंधित शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवाए जा सकें।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व और इन पक्षियों के प्रवास स्वरूप के बारे में जागरूकता लाना है।

# भारतीय सेना पर देश को है गर्व : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। देश को आजादी मिलने के समय विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए ÷फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी÷ के आदर्श वाक्य के साथ भोपाल के द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किये। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सेना पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री का सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा-बेटी बराबर हैं और उनके अधिकार भी समान हैं। आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। उन्होंने हॉफ मैराथन ओपन कैटेगरी के अंतर्गत पुरुष वर्ग के विजेता रोहित वर्मा को एक लाख रुपये, रनर अप हरीश को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहे हुकुम को 25 हजार रुपये का चैक और मध्य प्रदेश पर्यटन का कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक संपन्न

**रांची :** आज 19 जनवरी को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी. यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब आगामी 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा. उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहु को दी गयी है. यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे.

# गढ़वा एसपी की अध्यक्षता में हुआ अपराध गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को अनराज नावाडीह डैम पर अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। इस मौके पर विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए काण्डों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से लूट, गृहभेदन, हत्या एवं बलात्कार के काण्डो का उद्भेदन कर अभियुक्त की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित अपराध गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अभियान राहुल देव बड़ाईक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा नीरज कुमार, वंशीधर नगर सत्येन्द्र नारायण सिंह, रंका रोहित रंजन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) चिरंजीव मंडल, परिचारी प्रवर संदीप कुमार, सभी



पुलिस निरीक्षक, सभी थाना, ओ0पी0 प्रभारी, सभी शाखा, प्रतिष्ठान प्रभारी उपस्थित हुए। बैठक में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी थाना, ओपी को लगातार अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत गश्ती करने एवं चोरी के काण्डो के उद्भेदन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। क्राइम मीटिंग में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी पुरानी लंबित काण्डो की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने एवं विशेष रूप से 03 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित काण्डो का लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत काण्ड का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विशेष रूप से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले, बिना हेलमेट दो पहिया चलाने वाले आदि के विरूद्ध नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को एस0सी0, एस0टी0 एक्ट एवं पोक्सो एक्ट तथा महिलाओं के विरूद्ध दर्ज काण्डो के अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।